फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 121 प्रभात जयपुर, बुधवार 1 दिसम्बर, 2021 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot




**Plane Truth** "The Cal-Control Tower is unable to get in touch with Agartala as the airport staff there has packed up for the night in any case it has no night landing facility."

**Bringing Family Recipes to the Fore**



**Pink City Tales of Blue**



*भारत के चार विख्यात रॉक कट टैम्पल्स में से एक हैं मसरुर रॉक कट टैम्पल्स, जो नगर शैली में निर्मित हैं। इन्हें हिमाचल प्रदेश का एलोरा या हिमालयन पिरामिड भी कहा जाता। हालांकि ये टैम्पल्स सबसे बड़े हैं पर इनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है और यहां कम ही लोग ही आते हैं। समुद्र स्तर से 2500 मीटर की ऊंचाई पर एक पहाड़ी पर बने इस मंदिर समूह में 15 मोनोलिथिक रॉक कट टैम्पल्स हैं, जो संभवतया 8वीं -9वीं सदी ईस्वी के बीच में बने थे। समझा जाता है कि ये नगर शैली स्थापत्य के सबसे पुराने उदाहरणों में से एक हैं। ज्ञातव्य है कि नगर शैली का स्थापत्य उत्तरी भारत में हिमालय से विंध्याचल पर्वत श्रृंखला के बीच मिलता है। यहां मंडल पैटर्न में मुख्य मंदिर के चारों तरफ कई छोटे -छोटे मंदिर हैं। मंदिर के गर्भ गृह के चार प्रवेश द्वार हैं। इनमें से पूर्वी द्वार पूरी तरह बना हुआ है, उत्तर व दक्षिण के द्वार आंशिक तौर पर तथा पश्चिमी द्वार अपूर्ण है। पूर्वी द्वार पर एक विशाल मंडप और प्रवेश मार्ग भी था, जो 1905 के कांगड़ा भूकम्प में नष्ट हो गया। इस मंदिर की एक और प्रमुख विशेषता यह है कि, पूर्व की तरफ मंदिर के सामने एक पवित्र सरोवर है। कहते हैं कि यह 8 वीं सदी में बना था। वर्ष भर यह सरोवर पानी से भरा रहता है। स्थानीय किवदंतियों के अनुसार पाण्डवों ने अपने निर्वासन का लम्बा अर्सा यहां बिताया था और इस दौरान उन्होंने इस स्थान पर एक ही दिन में, सुबह होने तक स्वर्ग तक की सीढ़ी बनाने के निर्णय लिया। इससे इन्द्र भयभीत हो गए और कौवा बनकर सुबह होने से पहले ही कांव -कांव करने लगे। पाण्डवों को लगा सुबह हो गई और उन्होंने काम रोक दिया। इस प्रकार सीढ़ी अधूरी रह गई। एक अन्य किवदंती के अनुसार समूचा परिसर एक रात में ही बना था और सुबह हो जाने के कारण काम बंद कर दिया गया, इसलिए परिसर के कुछ मंदिर अधूरे रह गए। मसरुर रॉक कट टैम्पल्स का उत्खनन यशोवर्मन के काल में हुआ था, उसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, पर माना जाता है कि वह समय नगर शैली स्थापत्य की शुरुआत का था।*

# महासचिव वेणुगोपाल के खिलाफ कांग्रेस की केरल इकाई में भारी असंतोष?

## कांग्रेस के पुराने नेता ओमान चांडी व रमेश चेनिनथाला ने सोनिया गांधी व राहुल को इस संदर्भ में पत्र लिखा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। कांग्रेस पार्टी की केरल इकाई में ए.आई.सी.सी. प्रभारी महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल के खिलाफ एक बड़ा विद्रोह सुलग रहा है।

सूत्र बताते हैं कि कई नेताओं ने राहुल और सोनिया को केरल में पार्टी की स्थिति का विस्तृत वर्णन करते हुए लिखा है कि विचार-विमर्श नहीं किए जा रहे हैं और अधिकांश नेताओं को निर्णय प्रक्रिया से दूर रखा जा रहा है।

ज्ञात हुआ है कि सीनियर नेता ओमन चाण्डी और रमेश चैनिनतला विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधारकरण की कार्यशैली के विरोध में सोनिया और राहुल को लिख रहे हैं। सतीशन और सुधाकरण, दोनों ही के.सी. वेणुगोपाल खेमे के हैं।

- **कांग्रेस के केरल में वरिष्ठ व पुराने कांग्रेसी नेताओं की शिकायत है कि, कांग्रेस संगठन आदि के फैसले लेते वक्त उनसे राय-मशविरा नहीं किया जाता और न ही ''डिसीज़न मेकिंग'' में कोई भूमिका दी जाती है।**
- **इन नेताओं ने विधानसभा में पार्टी के नेता सतीशन व प्रदेशाध्यक्ष सुधाकरण के खिलाफ काफी असंतोष व्यक्त किया। दोनों नेताओं को वेणुगोपाल का संरक्षण प्राप्त होना बताया जाता है।**
- **चांडी व चेनिनथाला सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने चेतावनी भी दी कि, अगर हाई कमान ने उनकी बात नहीं सुनी तो, वे जी-23 से जुड़ सकते हैं।**

केरल में कांग्रेस की गुटबाजी चरम पर है और पार्टी दो भागों में विभाजित है। वेणुगोपाल राजस्थान से राज्यसभा सांसद हैं और इसका श्रेय राहुल गांधी को जाात है। इससे पहले हुए संकट के दौरान वेणुगोपाल ने ताल ठोक दी थी और उन्हें एक सर्वानुमति से मुख्यमंत्री पद का प्रत्याशी बनने की उम्मीद थी, लेकिन कांग्रेस राज्य में बहुमत प्राप्त करने में विफल रही और वाम मोर्चे की सरकार राज्य में फिर से सत्ता में आई।

ऐसी ही अटकल है कि ओमन चाण्डी और रमेश चैनिनतला यहां कांग्रेस की कार्यशैली से इतने ऊब गए हैं कि वे जी-23 के समर्थन में जा सकते हैं।

ए.आई.सी.सी. में ऐसी अटकलें चल रही हैं कि राहुल गांधी वेणुगोपाल के पर कतरने और उन्हें संगठन, महासचिव जैसे पद से हटाने के जबर्दस्त दबाव में है क्योंकि संगठन महासचिव के पद को पार्टी में कांग्रेस अध्यक्ष के बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पद माना जाता है।

इस वास्तविकता के बावजूद कि वेणुगोपाल के खिलाफ विविध राज्यों और कांग्रेसियों की कई शिकायतें हैं, राहुल को महत्वपूर्ण मौकों पर उनके समर्थक के रूप में जाना गया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तृणमूल एक साल में 15 राज्यों में अपनी इकाई स्थापित करेगी

## इस संदर्भ में तृणमूल अपनी पार्टी के संविधान में संशोधन भी करेगी, इन नयी इकाइयों के नेताओं को पार्टी की ''वर्किंग कमेटी'' में सदस्य बनाने के लिये

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। सभी संकेत बता रहे हैं कि तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) नेता ममता बनर्जी के विस्तार-अभियान में कोई कमी नहीं आयेगी। एक साल की अवधि में 15 राज्यों में पार्टी-इकाई स्थापित करने की योजनाओं को अंतिम रुप दे दिया गया है।

टी.एम.सी. ने पार्टी संविधान में संशोधन करने का भी निर्णय लिया है, ताकि अन्य राज्यों के नेताओं को पार्टी की वर्किंग कमेटी में समायोजित किया जा सके।

ऐसी संभावना है कि पार्टी-संविधान में किये जाने वाले परिवर्तनों एवं संशोधनों पर टी.एम.सी. की कार्य समिति की मीटिंग में चर्चा होगी। यह मीटिंग ममता की मुम्बई के दौरे से लौटने के बाद आयोजित की जायेगी।

- **जैसा कि विदित ही है, ममता बनर्जी दो दिवसीय यात्रा पर हैं, महाराष्ट्र में पवार, आदित्य ठाकरे आदि नेताओं के अलावा जाने-माने शायर जावेद अख्तर व अटल बिहारी वाजपेयी के मीडिया सलाहकार सुधीन्द्र कुलकर्णी से भी मुलाकात करेंगी।**
- **महाराष्ट्र में उद्योगपतियों व व्यापारियों से भी मुलाकात करेंगी, बंगाल में उद्योगों में पूंजी निवेश करवाने के लिये तथा कोलकाता में अप्रेल में आयोजित बंगाल ग्लोबल बिज़नैस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित भी करेंगी।**

मुम्बई दो दिन के प्रवास में ममता एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार तथा महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे से भेंट करेंगी। इसके अलावा, वे बहुत सारे आयोजनों में शामिल होंगी, जिनमें उद्योगपतियों के साथ होने वाली कॉन्फ्रेंस भी शामिल है। वे ''यंग प्रैसिडेन्ट्स ऑर्गनाइजेशन'', जो अमेरिका का एक वैश्विक नेतृत्व संगठन है, के द्वारा आयोजित उद्योगपतियों की एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगी। बंगाल के लिये निवेश प्राप्त करने की कोशिश में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगले वर्ष अप्रैल में कोलकाता में आयोजित होने वाली ''बंगाल ग्लोबल बिजनैस सम्मिट'' के लिये उद्योगपतियों को आमंत्रित भी करेंगी।

ममता महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से भेंट नहीं करेंगी। ज्ञातव्य है कि वे एक सर्जरी के उपरान्त, अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं तथा डॉक्टरों ने उन्हें आइसोलेशन की सलाह दी है।

उल्लेखनीय है कि बनर्जी, गीतकार जावेद अख्तर तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मीडिया सलाहकार सुधीन्द्र कुलकर्णी से भी भेंट कर सकती हैं। बनर्जी की पिछली दिल्ली-यात्रा के दौरान, कुलकर्णी और अख्तर दोनों ही उनसे मिले थे तथा ऐसी अफवाहें एवं चर्चाएं हैं कि वे तृणमूल में शामिल भी हो सकते हैं।

टी.एम.सी. की वर्किंग कमेटी की मीटिंग में, जो सम्भवतः नई दिल्ली में होगी, पार्टी-संविधान में किये जाने वाले बदलावों पर चर्चा होगी, ताकि मणिपुर, असम, त्रिपुरा, गोवा, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार तथा तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के नेताओं को वर्किंग कमेटी में जगह दी जा सके। बनर्जी ने पार्टी में शामिल होने वाले नये नेताओं को पार्टी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति देना शुरु कर दिया है। उन्होंने अभी हाल ही चार्ल्स पिन्हरोप को पार्टी की मेघालय इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ऐसी संभावना है कि सुष्मिता देव को त्रिपुरा एवं असम की पार्टी इकाई का अध्यक्ष पद स्वीकार करने के लिये कहा जा सकता है।

# पत्रकारों ने संसद तक पैदल मार्च किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। प्रैस के वैधानिक पास रखने वाले पत्रकारों तक को प्रवेश से इन्कार कर मीडिया कवरेज पर एक तरह से प्रतिबंध लगाने के खिलाफ राजधानी के विविध मीडिया संगठनों ने गुरूवार को संसद तक मार्च निकालने का निर्णय लिया है।

- **पत्रकारों ने, संसद की कार्यवाही कवर करने के लिये वरिष्ठ पत्रकारों को प्रवेश न देने के प्रति भी विरोध व्यक्त किया।**

ये संगठन पसंदीदा पत्रकारों के चयन की नीति, पत्रकारों के एक चयनित समूह को पास जारी करने और संसद के सैन्ट्रल हॉल में सीनियर पत्रकारों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने का विरोध करेंगे। पत्रकारों को लामबंद करने वाले संगठनों में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इण्डिया, प्रैस क्लब ऑफ इण्डिया, दिल्ली पत्रकार संघ और प्रैस एसोसिएशन शामिल है।

इनके नेताओं का कहना है कि सरकार संसद लोकसभा और राज्यसभा प्रशासन पर दबाव डाल रही है संसद भवन में पत्रकारों की मौजूदगी न्यूनतम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सांभर में 13 दिनों में 85 पक्षियों की मौत की पुष्टि हुई

## 18 नवम्बर को 23 कौवों के शव मिलने के बाद उठाये गये प्रभावी कदम के बाद पक्षियों के मौत के आंकड़ों में कमी जरूर आ रही है

सांभरझील, 30 नवम्बर (निसं)। सांभर कस्बे में पिछले तेरह दिनों में बर्ड फ्लू से अभी तक 85 पक्षियों की मौत की सरकार की ओर से पुष्टि की गयी है।

18 नवम्बर को एक ही दिन में सर्वाधिक 23 कौवों के शव मिलने के बाद उठाये गये प्रभावी कदम के बाद लगातार पक्षियों के मौत के आंकड़ों में कमी जरूरी आ रही है, लेकिन रोजाना दो से तीन पक्षियों के शव व उनके घायल अवस्था में पाये जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

- **लेकिन रोजाना दो से तीन पक्षियों के शव व उनके घायल अवस्था में पाये जाने का सिलसिला बदस्तूर बना हुआ है।**
- **मंगलवार को एक कौवा, एक इंडियन कोयल व एक बुलबुल का शव मिला।**

कौवों के अलावा विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की अधिक संख्या में हो रही मौतों में जबरदस्त गिरावट आने के बाद वन व पशुपालन विभाग के अफसरों ने भी राहत की सांस ली है। कौवों की मृत्यु का कारण एच-5 एन-1 एवियन इंफ्लूंजा वायरस होने तथा इस वायरस के संक्रमण को इंसानों में जाने से रोकने के लिये सरकार की ओर से उक्त दोनों विभागों के अलावा स्वास्थ्य विभाग को खास सतर्कता बरतने के निर्देश प्रदान किये गये थे, उसी अनुरूप सभी विभागों के अधिकारियों व उनकी टीम की ओर से विर्शेष नजर रखी जा रही है।

डीएफओ वीरसिंह ओला व एएफओ ओमप्रकाश गुप्ता से बात करने पर बताया गया कि सांभर कस्बे के अलावा झील परिक्षेत्र में हमारी टीम को पहले ही तैनात किया जा चुका है उनकी ओर से लगातार काम किया जा रहा है। अभी तक 85 पक्षियों की मौत हुयी है, लेकिन उसके बाद हालात पर काबू पा लिया गया है। पशुपालन विभाग के एडिशनल डायरेक्टर उम्मेद सिंह व डिप्टी डायरेक्टर पदमचन्द कानखेड़िया ने बताया कि सरकार की ओर से जो गाईडलाइन जारी की गयी है उसी अनुरूप पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

मृत पक्षियों को सुरक्षित व वैज्ञानिक तरीके से दफनाया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। वाल्डलाइफ क्रिएचर ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश पिण्टी व उनकी टीम की ओर से भी इस काम में मदद की जा रही है। वन विभाग की काचरोदा नर्सरी में तैनात श्यामश्री शर्मा ने बताया कि मंगलवार को 1 कौवे, 1 इंडियन कोयल व 1 बुलबुल के शव मिले तथा 1 कोयल व 1 घायल कौवे का उपचार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# निलंबित सांसद सत्र के अंत तक धरना देंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। संसद के पूरे शीतकालीन सत्र से निलम्बित कर दिये गये विपक्ष के 12 सांसद, निलम्बन से राहत न मिलने पर शीतकालीन सत्र की समाप्ति, अर्थात् 23 दिसम्बर तक संसद-परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति के नीचे रोजाना धरना देंगे।

- **विपक्ष ने खड़गे के कक्ष में आयोजित बैठक में पूरे सत्र का बायकॉट करने के निर्णय को सही नहीं माना व अस्वीकार किया। पर निलंबित सांसद राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर निलंबन की प्रक्रिया में खामियाँ उजागर करेंगे व निलंबन में ''पिक एण्ड चूज़'' का सिद्धांत अपनाए जाने का विरोध करेंगे।**

मंगलवार को, विपक्ष ने राज्यसभा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# '19 विधायकों के जाने के बाद सरकार को बचाने वाले व सरकार का साथ देने वाले विधायकों को शिकायत नहीं होने दूंगा'

## मुख्यमंत्री ने एक और मंत्रिमण्डल फेरबदल के संकेत देकर बसपा से आये व निर्दलीय विधायकों को सांत्वना दी

जयपुर, 30 नवम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस में माना जा रहा था कि मंत्रिमंडल पुनर्गठन के बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। पहले जहां विधायक और मंत्रियों में ही नाराजगी नजर आ रही थी, वहीं अब तो मुख्यमंत्री के 2 बयानों के बाद लग रहा है कि वे खुद भी इस पुनर्गठन से संतुष्ट नहीं हैं। यही कारण है कि मुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण वाले दिन और अपना साथ देने वाले विधायकों के दर्द को मंगलवार को भी दोहराया और संकेत दिए कि राजस्थान में चार-पांच महीने बाद एक बार फिर से मंत्रिमंडल फेरबदल होगा।

मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश प्रभारी अजय माकन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई मंत्री और विधायकों की मौजूदगी में जब 12 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली रैली की तैयारियों की बैठक थी,तब मुख्यमंत्री ने एक बार फिर कहा कि जब 19 विधायक छोड़ कर चले गए थे, उस समय यदि बसपा से कांग्रेस में आए विधायक और निर्दलीय साथ नहीं देते तो सरकार को बचाना मुश्किल हो जाता। ऐसे में उनको नहीं भूला जा सकता। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि आलाकमान से फिर इजाजत लेंगे और एक बार फिर मंत्रिमंडल में लोगों को जगह देंगे। साथ देने वाले विधायकों को शिकायत नहीं होने देंगे।

- **मूल प्रश्न है, क्या मुख्यमंत्री मंत्रिमण्डल में हाल ही में हुए फेरबदल से संतुष्ट नहीं हैं। क्योंकि वे जिन विधायकों को मंत्री बनाना चाहते थे, उनको नहीं बना सके।**

उल्लेखनीय है कि जिस दिन राजस्थान में शपथ ग्रहण समारोह था, उससे पहले जब प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मंत्रियों के स्वागत का कार्यक्रम था, तब मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में इस बात को दोहराया था कि 34 दिन तक होटलों में हमारे साथ रहने वाले विधायकों को नहीं भुलाया जा सकता। यानी कि कहीं ना कहीं हाल ही हुए मंत्रिमंडल पुनर्गठन को लेकर मुख्यमंत्री संतुष्ट नहीं है, क्योंकि वे जिन विधायकों को मंत्री बनाना चाहते थे, उनको नहीं बना सके।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मुख्यमंत्री मंत्रीमंडल के अलावा विधायकों को अपना सलाहकार बनाकर मंत्री पद का दर्जा देने की बात सोच रहे थे, और कुछ विधायकों को संसदीय सचिव बनाए जाने की तैयारी थी, लेकिन पोस्ट प्रॉफिट का मामला आने के कारण जहां सलाहकारों को अब मुख्यमंत्री कोई दर्जा या सुविधाएं नहीं दे पा रहे हैं। वहीं संसदीय सचिवों के मामले में भी नियुक्ति तो की जा सकती है लेकिन उन्हें भी मंत्री पद का दर्जा या सुविधाएं नहीं दी जा सकती।

अतः जिन विधायकों को मंत्री पद नहीं मिलने के बाद दूसरी जगह समायोजित होने की उम्मीद थी, वह पूरी होती नजर नहीं आ रही है। कहा यह भी जा रहा है कि अब राजनीतिक नियुक्तियों में कुछ विधायकों को एडजस्ट करने के लिए मुख्यमंत्री प्रयासरत है।

वहीं कुल 39 जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति में भी आधे से ज्यादा जिलों में विधायकों को मौका दिए जाने की तैयारी की जा रही है, ताकि उन्हें संतुष्ट किया जा सके।

# संयुक्त किसान मोर्चा चुनाव नहीं लड़ेगा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। दिल्ली की सीमाओं पर किसानों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे ''संयुक्त किसान मोर्चा'' (एस.के.एम.) ने मंगलवार को स्पष्ट कर दिया कि उसने ''कहीं भी किसी भी चुनाव में'' अपना कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया है। मोर्चा ने जनता से अपील की कि लोग ऐसे किसी भी व्यक्ति द्वारा गुमराह नहीं हों, जो स्वयं के एस.के.एम. का उम्मीदवार होने का दावा करे।

- **मोर्चे ने जनता को आगाह किया कि, मोर्चा किसी चुनाव में कोई भी उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगा, अतः वे गुमराह न हों, अगर कोई प्रत्याशी मोर्चे का उम्मीदवार होने का दावा करे।**

एस.के.एम. ने कहा कि यह स्पष्टीकरण इसलिये आवश्यक था क्योंकि राजस्थान के स्थानीय चुनावों में, कुछ उम्मीदवार यह दावा कर रहे हैं कि वे एस.के.एम. का प्रतिनिधित्व कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**सब इंद्रियों को वश में रखकर सर्वत्र समत्व का पालन करके जो दृढ़-अचल और अचिन्त्य, सर्वव्यापी, स्वर्णीय, अविनाशी स्वरुप की उपासना करते हैं, वे सब प्राणियों के हित में लगे हुए मुझे ही पाते हैं।**

**–भगवान कृष्ण**

# नौकरी, चाकरी और जोकरी ( मसखरी ) में विकृति वृद्धि पर

देश में बेरोज़गारी की समस्या सदा से रही है, कभी–कभी इसका हो–हल्ला ज्यादा मचता है और कभी कम। लेखक की राय में स्वतंत्रता के बाद यह समस्या बढ़ी है। बचपन में लेखक का समय गाँव में ही बीता है और वह भी स्वतंत्रता के पूर्व। गाँव में ऐसा बहुत कम सुनने में आता था कि युवा बेरोज़गार हैं। हाँ, निश्चित ही शिक्षा का प्रचार–प्रसार कम था। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक स्तर के व्यक्ति को भी शिक्षक या क्लर्क की नौकरी सरलता से मिल जाती थी। यूँ मानिये कि सामान्यतः बिना स्कूली शिक्षा के पढ़े–लिखे, शिक्षित लोगों को नौकरी मिल जाती थी। गाँव में भूखों मरते किसी को नहीं देखा। निष्कर्ष यह है कि देश में स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति और आर्थिक नीति ज़िम्मेदार थी। बड़े–बड़े उद्योग धंधों को प्रारंभ करने के साथ गाँवों की आत्मनिर्भरता पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया। चीन का उदाहरण है कि उसने गाँवों में कोई न कोई ऐसा छोटा–मोटा उद्योग प्रारंभ किया कि उन्होंने उसी उद्योग में महारत प्राप्त कर और उत्पाद बढ़ा कर चीनी वस्तुओं से सारे विश्व को चनी उत्पाद से भर दिया। इसके विपरीत भारत में ऐसा कोई प्रयास नहीं हुआ।

महात्मा गांधी की बुनियादी शिक्षा में गाँवों को आत्म निर्भर बनाने की भावना थी, परंतु उसे सतही तौर पर लागू किया गया और उसकी भावना को न समझ कर धीरे–धीरे बंद कर दिया। मानव जीवन की संपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति गाँव में हो जाती थी। मात्र कुछ वस्तुओं, उच्च शिक्षा तथा चिकित्सा के लिये नगर की ओर भागना पड़ता था। लेखक उदयपुर ज़िले के ऊंटाला (वल्लभनगर) गाँव में रहता था, 50 किलोमीटर पर उदयपुर शहर था। पहले ऊंटाला से मावली जंक्शन तक पैदल, बैलगाड़ी, घोड़ा, ऊंट, तांगा आदि से जाते और वहाँ से उदयपुर की ट्रेन थी। बाद में ऊंटाला का नाम वल्लभनगर हो गया और मावली तक भी ट्रेन संपर्क हो गया। लेखक की ससुराल भी ठेट चम्बल के बीहड़ के गाँव रैपुरा में थी, 1–1/2 किलोमीटर पर जैतपुर कस्बा था, उससे 8–10 किलोमीटर पर बाह तहसील और 50 किलोमीटर पर आगरा ज़िला मुख्यालय है। इस प्रकार इन सुदूर अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में भी कभी कोई असुविधा नहीं हुई। शहरीकरण की अंधी दौड़ में गाँव उजड़ व बरबाद हो गये। आत्मनिर्भर भारत का सपना बड़ी–बड़ी चीज़ों के अलावा गाँवों में वास्तव में साकार हो रहा था।

गाँवों में किसान थे और वे आबादी के 80 प्रतिशत थे एवं आत्मनिर्भर थे। लुहार, सुथार, कुम्हार, स्वर्णकार, किराना, कपड़े के व्यापारी, नाई, बारी, धोबी, सफाईकर्मी, मज़दूर, किसान सभी एक–दूसरे पर निर्भर थे और घोर भाईचारा था। चूड़ीगर, जुलाहे व अन्य दुकानदार मुस्लिम समुदाय से भी होते। सभी प्रेम से रहते। शादी–ब्याह, सुख–दुख में एक–दूसरे की मदद करते। शिक्षा ऐसी होती थी जो इसी ग्राम की आत्मनिर्भरता में उपयोग हो जाती। परंतु 75 वर्षों में शिक्षा ने श्रम की निष्ठा खोई, श्रम साध्य कार्यों से दूर किया। लोग कृषि व मज़दूरी को हेय समझने लगे। केवल सफेद कॉलर व्यवसाय और नौकरी की चाह बढ़ने लगी, इसी चाह में शहर की ओर भागना प्रारंभ हुआ। विज्ञान और तकनीक की सही शिक्षा से ही गाँव समृद्ध, संपन्न व आत्मनिर्भर हो सकते थे, उसके बजाय बेरोज़गारी और शहरीकरण बढ़ता गया। आवश्यकता है ऐसी शिक्षा नीति की जो कृषि व श्रम के प्रति रुझान बढ़ाये। तभी प्रधानमंत्री का आत्मनिर्भर भारत का सपना पुनः साकार होगा।

**आजकल अभिनय और राजनीति दोनों क्षेत्रों में जोकरों-मसखरों का प्राधान्य होता जा रहा है। राजनीति में माहिर राजनेता स्व.राजनारायण ने गांधी के विरुद्ध चुनाव लड़कर प्रसिद्धि प्राप्त की थी। वे केन्द्रीय मंत्री भी रहे। ऐसे राजनेता तो हमें स्वीकार हैं, परंतु ऐसे शीर्ष राजनेता जो अनावश्यक व असमय अपने विरोधियों के गले मिलें या आँख बिचकायें एवं समय-असमय कुछ भी कहें, देश व समाज में हास्यास्पद ही बनते हैं। नुकसान ही करते हैं–अपना भी, समाज का भी और राजनीति का भी।**

हमारे पिछड़ेपन में नौकरी की चाह के साथ चाकरी का चस्का भी जुड़ा हुआ है। हमने नौकरी में अतिरिक्त आय तथा लाभ कमाने के लिये ही चाकरी शब्द गढ़ा है। नौकर तो कुछ लोगों को करना ही होगा, परंतु चाकरी में चापलूसी, दासता, बंधुआपन आदि की भावना आ जाती है। बावजी चतरसिंह जी कहते हैं, 'धन खेती, ध्रुक चाकरी, धन–धन है व्यापार।' आशय यह कि खेती में धन है या वह धन्य है, क्योंकि कृषक अन्नदाता है चाकरी में व्यक्ति स्वतंत्र नहीं है, जबकि कृषि और व्यापार में वह स्वतंत्र है। कृषि और व्यापार में अपनी इच्छानुसार कार्य करने की बहुत छूट है, जबकि 'चाकरी' तो 'मालिक' की इच्छानुसार करनी होगी। नौकरी के साथ चाकरी का अर्थ वर्तमान संदर्भ में निष्ठा व ईमानदारी तथा निष्पक्षता के बजाय अंध राजनीतिक प्रतिबद्धता से हो गया है। इस अंध राजनीतिक प्रतिबद्धता में उचित–अनुचित, सही–गलत का विवेक नहीं रहता। मात्र वह कार्य जो सत्ता का समर्थन, सत्ता के स्थायित्व और स्वार्थ सिद्धि में सहायक हो वही अभीष्ट हो जाता है। इसमें राजनेताओं और नौकरशाही में एक दुरभि संधि हो जाती है और यह दुरभि संधि नाना रूपों से भ्रष्टाचार को जन्म देती है। नौकरशाही के तंत्र के एक पुर्जे के रूप में नौकर सत्ता की सही रीति–नीति का क्रियान्वयन करे यह तो उचित है। परंतु चाकरी में अंध राजनीतिक प्रतिबद्धता में राजनेता व नौकर मिलकर जनता का शोषण करने लगते हैं। हमें ऐसा तंत्र विकसित करना है जो नौकरी करे परंतु चाकरी नहीं।

नौकरी–चाकरी की ललक के साथ एक नई जमात इस देश में मसखरों की बढ़ रही है। नौकर–चाकर तो भ्रष्टाचार फैला रहे हैं तो ये मसखरे इस देश के सम्मान को घोर क्षति पहुंचा रहे हैं। मसखरे हर काल में रहे हैं। नाटक में इसे विदूषक कहते हैं। जब वातावरण काफी उदास, दुखांत तथा गंभीर हो जाता है तो मसखरे बनाम विदूषक का प्रवेश होता है। अंग्रेज़ी में इसे 'जोकर' कह सकते हैं। सर्कस में भी 'जोकर' हुआ करता है। जोकर का कार्य बड़ा कठिन होता है। सामान्यतया वह सबसे निपुण अभिनेता या पात्र होता है। आजकल अभिनय और राजनीति दोनों क्षेत्रों में जोकरों–मसखरों का प्राधान्य होता जा रहा है। राजनीति में माहिर राजनेता स्व.राजनारायण ने श्रीमती गांधी के विरुद्ध चुनाव लड़कर प्रसिद्धि प्राप्त की थी। वे केन्द्रीय मंत्री भी रहे। ऐसे राजनेता तो हमें स्वीकार हैं, परंतु ऐसे शीर्ष राजनेता जो अनावश्यक व असमय अपने विरोधियों के गले मिलें या आँख बिचकायें एवं समय–असमय कुछ भी कहें, देश व समाज में हास्यास्पद ही बनते हैं। नुकसान ही करते हैं–अपना भी, समाज का भी और राजनीति का भी।

फिल्म जगत में राजकपूर एक ऐसे सफल अभिनेता थे जिन्हानें गंभीर अभिनेता के साथ एक सफल हास्य अभिनेता के रूप में भी प्रसिद्धि प्राप्त की। उन्होंने एक फिल्म 'जोकर' भी बनाई थी जो काफी प्रसिद्ध हुई। वे स्वयं पर हास्य करके दूसरों को हंसाते पर कभी दूसरों की भावना को आहत नहीं करते। जॉनी वॉकर भी प्रसिद्ध हास्य अभिनेता रहे हैं। परंतु आजकल हास्य अभिनेताओं की एक नई जमात का उदय हुआ है जो देश और समाज का अपमान कर प्रसिद्धि प्राप्त करना चाहते हैं। ऐसे ही एक अभिनेता हैं 'वीरदास'। ये वीर हैं नाम से, काम से नहीं। ये विकृत मानसिकता और दासता के शिकार हैं। ऐसे लोग विदेशों में लोकप्रियता हेतु कहते हैं कि भारत ऐसा देश है जहाँ पुरुष दिन में महिलाओं का आदर दर्शाते हैं और रात्रि में उन पर बलात्कार करते हैं। आराम यह कि भारत बलात्कारियों और चरित्रहीनों का देश है। क्या विदेश में जाकर अपने देश की बुराई करना उचित है? यही नहीं कुछ वरिष्ठ राजनेताओं ने भी उनके सुर में सुर मिलाया। एक वे हैं जो देश के शिक्षा मंत्री रहे और दूसरे वे जो पाश्चात्य रंग में रंगे हुए हैं। हालांकि एक बुद्धिमान राजनेता ने इससे असहमति प्रकट की। हमें इस कुत्सित जोकरी की भर्त्सना कर निरुत्साहित करना चाहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

# जीवन के तीन रंग: आपको कौन-सा रंग पसंद है?



अभी कुछ समय पहले की बात है कि सुबह सुबह मेरी क्लिनिक पर एक युवक आया, बेहद घबराया हुआ। कुर्सी पर बैठते ही बोला– 'जल्दी कीजिए, मेरा बीपी देखिए, मेरे हृदय की जांच कीजिए।' मैंने जांच के बाद में उसे पूछा कि– 'वह इतना घबराया हुआ क्यों है?' उसने बताया कि– कल रात को वह जयपुर के एक चिकित्सा विशेषज्ञ को दिखाने गया था। रात के कोई 11:00 बजे के आस–पास उसका नंबर आया। जब वह डॉक्टर साहब के कमरे में प्रविष्ट हुआ तो वे उसको देखकर ही बड़ी बेचारगी से बोले– अरे भाई, तुम लोग मुझे इतना क्यों सताते हो? मैं थक के चूर हो गया हूं। मैंने अपनी जिंदगी का एक भी दिन अपने लिए नहीं जिया है। मैं काम करते–करते अधमरा हो गया हूं। तुम लोग क्यों आते हो इतनी रात को इलाज करवाने? रोगी चकित हो गया, खैर, जैसे–तैसे उनको दिखाया। सुबह जब अखबार खोला तो पाया कि रात में उन डॉक्टर साहब को हृदयाघात हो गया था और वे दिवंगत हो गए। उस युवक ने सोचा कि देखो यह व्यक्ति इतना बड़ा डॉक्टर होकर एक भी दिन अपने लिए नहीं जी पाया, तो क्या मैं जी पाऊंगा? यही उसकी घबराहट का एकमात्र कारण था।

अब दूसरी तरफ देखें तो मेरे एक मित्र एक ऐसे युवक को बहुत नज़दीक से जानते हैं जो कि जब भी मर्जी आती, अपनी साइकिल उठाता और जयपुर से दिल्ली तक चला जाता। अजमेर चला जाता, कहीं भी चला जाता। फिर उसके मन में आया कि साइकिल से ही विश्व भ्रमण किया जाए तो थोड़े बहुत पैसे इकट्ठे करके वह दुनिया घूमने निकल पड़ा। आज कई साल हो गए वह पूरी दुनिया घूम रहा है। जहां भी जाता है गांव के लोगों के पास रुक जाता है, कहीं दो दिन रुकता है,कहीं चार दिन। गांव के लोग उसको खाना खिलाते हैं, उसकी साइकिल की मरम्मत करते हैं और वह आगे बढ़ जाता है। वह अपने जीवन से बहुत संतुष्ट है। कहता है कि मेरा धरती पर आना सफल हुआ। अब उसके पास धन–दौलत तो नहीं है पर अनुभव है, उमंग है, जज्बा है और वह अपनी मस्ती में अपनी जिंदगी संतुष्टि के साथ जी रहा है।

अब एक तीसरी तरह का व्यक्तित्व भी होता है जिसका एक उदाहरण मैंने दो–तीन बार पढ़ा है। प्रसिद्ध उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की पत्नी नीरजा बिड़ला के बारे में करीब 25 साल पहले एक पत्रिका में पढ़ा था। उन्होंने शादी के बाद का पहला हिस्सा अपने तीन बच्चों को पालने में लगाया। उनके बच्चे भी व्यापारिक घराने से संबंधित होने के बावजूद अपना अलग जीवन जीते हैं। बेटा क्रिकेटर है, जो रणजी खिलाड़ी है और आईपीएल में भी चयनित हो चुका है। एक बेटी गीतकार है और दूसरी बेटी मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। बच्चों के स्थापित होने के बाद नीरजा बिड़ला ने अपना व्यक्तिगत जीवन प्रारंभ किया। वे साइकिल की शौकीन हैं और उन्होंने अपने ग्रुप के साथ केरल और राजस्थान में बिना किसी पूर्व सूचना के गांवों की यात्रा की। उन्होंने लोगों के घरों में रुक कर खाना खाया, उनके जीवन को समझा। इसके अलावा नीरजा बिड़ला एक मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं और मानसिक रोगों के क्षेत्र में भी काम कर रही हैं।

मोटे तौर पर देखें तो ये जीवन के तीन तरह के अंदाज हमें अपने चारों तरफ नजर आते हैं। एक तरफ तो काम ही काम, पैसा ही पैसा। दूसरी तरफ निष्फ्रिक साहस, भ्रमण और जीवन को जानने की ललक। तीसरा जो है वह मध्य मार्ग है। जीवन की जिम्मेदारियों को पूरा किया जाए, सामाजिक और पारिवारिक पूर्णता प्राप्त की जाए और उसके बाद में जीवन को अपने अनुसार जिया जाए। आमतौर पर देखा गया है कि जो प्रसिद्ध हो, धनी हो, बड़े मकान में रहता हो, लंबी ऊंची कार रखता हो, बच्चे विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हों तो लोग कहते हैं कि बंदा बड़ी शानदार जिंदगी जी रहा है पर क्या वास्तव में यह सच है? या फिर सब बार्बी गुड़िया बने फिर रहे हैं। बकौल निदाफ़ाज़ली: –बाहर से गुड़िया हंसे, भीतर पोलमपोल/ गुड़िया से है प्यार तो, टांकों को मत खोल।।

धन, बल और प्रसिद्धि सुविधाएं दे सकते हैं, लेकिन इस बात की कोई गारण्टी नहीं है कि इनसे सुकून भी हासिल हो जाएगा। बड़े–बड़े धनिक, बड़े–बड़े राजा सम्राट, नामी–गिरामी लोग ऐसी जिंदगी जी कर गए हैं जिसमें उन्हें कभी भी पूर्णता का एहसास नहीं मिला। एक समय की प्रसिद्ध हिंदी फिल्म अदाकारा मीना कुमारी उन्होंने अपनी जिंदगी को अपनी एक रचना में सिर्फ चंद शब्दों में समेटा है :"सांस लेने को तो जीना नहीं कहते यारब"।

प्रसिद्ध डॉक्टर साहब थे उनकी जिंदगी उन्हीं के शब्दों में अपूर्ण रही। अब कहने को तो यह काम का जुनून या कर्तव्य का निर्वाह है पर वास्तविकता में धन कुबेर बनने की इच्छा भी मन के किसी कोने में छुपी रहती है। पर हम भूल जाते हैं कि कोई अकेला व्यक्ति चाहे कितने ही मेहनत करे, वह जीवन की सामान्य सुख–सुविधाएं तो अर्जित कर सकता है, धनकुबेर नहीं बन सकता है। ऐसा सोचना ही नादानी है और तकरीबन पूरा जीवन ही बिना जिए समय के गर्भ में समा जाता है। जो दूसरा उदाहरण है वह कई माने में ठीक है पर कुछ अन्य मापदंडों पर खरा नहीं उतरता है। इस तरह का जीवन तभी संभव है जब या तो आप वैराग्य का जीवन जीने का साहस रखते हों या पुश्तैनी तौर पर आपको आर्थिक संपन्नता विरासत में मिली हो वरना जीवन की विकटता और निष्ठुरता आप का इंतजार कर रही होती है।

जो तीसरा उदाहरण है नीरजा बिड़ला का, वह एक संतुलित जीवन है। अपनी जिम्मेदारियां पूर्ण की, अपने जीवन को विकसित किया और उसके बाद में अपनी इच्छाएं पूरी की लेकिन इसके लिए एक विशिष्ट स्थिति का होना आवश्यक है कि आपके लिए धन का उपार्जन कोई और लोग करें। जो अति धनिक लोग हैं वे आबादी का एक बहुत थोड़ा–सा प्रतिशत होते हैं जहां लोग कॉरपोरेशन बना कर काम करते हैं। इन लोगों के लिए हजारों दूसरे लोग काम करते हैं और उनके श्रम के फलस्वरूप ये लोग जिंदगी को दूसरे व्यक्तियों से अलग तरह से जीने की क्षमता रखते हैं। इन लोगों का मुख्य कार्य योजना बनाना, उसके लिए धन की व्यवस्था करना और योजना को सफल बनाना है। धन कुबेर ऐसे ही लोग बन सकते हैं बाकी की मंजिल धनी हो जाने तक सीमित होती है।

वैसे देखा जाए तो दुनिया के हर प्राणी का जीवन को जीने का अपना–अपना अलग अंदाज होता है। मानव जीवन के लिए देखा जाए तो धन–संपत्ति का संग्रहण एक अति प्रमुख आकर्षण होता है पर धन भी आवश्यक है और कार्य करना भी ज़रूरी है मगर किस हद तक और किस कीमत पर?

मनुष्य जीवन का कोई न कोई विशिष्ट उद्देश्य होना चाहिए। उद्देश्य बड़े छोटे हर तरह के होते हैं। जिस समाज की वजह से आपने धन कमाया, नाम कमाया, सुख–सुविधाएं भोगी तो एक समयोपरांत कुछ हिस्सा वापस भी समाजोपयोगी कार्यों में लगाओ। जीवन में यदि आपने अनुभव इकट्ठे किए तो उसकी पूंजी भी उम्र के एक मोड़ पर आकर चारों तरफ बांटो, एक जीवन दर्शन लोगों को भी उपलब्ध करवाओ। आपने क्या जाना, क्या जान कर भी नहीं माना, कहां गलतियां हुई, कहां कुछ और किया जा सकता था – इसी तरह के बहुत सारे आयाम हैं जिनको कि आदमी उम्र के साथ सबके साथ बांट सकता है।

याद रहे सिर्फ नारे लगाने से, जोर–जोर चीखने से देश का निर्माण नहीं होता है। देश या समाज का निर्माण सदा ही छोटी–छोटी बातों से अपने चारों तरफ परिवर्तन लाने पर ही होता है। सबको धन, मान–सम्मान, ज्ञान प्राप्त करने का अधिकार है और उस की कोशिश भी करनी चाहिए, लेकिन यह सब हमारे आसपास के जीवन को समझने की कीमत पर नहीं होना चाहिए।

हर सफल और संपन्न व्यक्ति के जीवन में वह मोड़ जरूर आता है जब उसको महसूस होता है कि धन और सफलता के माने अब उसके जीवन में वैसे नहीं रहे जैसे प्रारंभिक अवस्था में थे। बेहतर जिंदगी जीने के लिए हमें उस मोड़ को, उस परिवर्तन को पकड़ना होता है। पर हम उससे आगे निकल जाते हैं और फिर एक ऐसे भटकाव में चले जाते हैं जहां से हम वापस जीवन में लौट नहीं पाते या फिर लौटने के लिए बहुत देर हो चुकी होती है।

**डॉ. रामावतार शर्मा,**
**चिकित्सक एवं लेखक**

## पानी पिलाने वाली सहायककर्मी को एईएन ने हाथों से पिलाया पानी

**राजगढ़,** (निसं)। अलवर कस्बे के जेवीवीएनएल सहायक अभियंता कार्यालय में 38 वर्षों तक के विभागीय कर्मचारी अधिकारियों के साथ आमजन को पानी पिलाने वाली सहायक कर्मचारी सरियम को सहायक अभियंता दीपक शर्मा ने अपने हाथों से पानी पिला कर सहायक कर्मचारी की सेवानिवृत्ति को यादगार बना दिया। पिनान निवासी सहायक कर्मचारी सरियम पत्नी सुभान पिछले 38 वर्षों से सहायक अभियंता कार्यालय राजगढ़ में कार्यरत रही। इस दौरान अधिकारी एवं आमजन को पानी पिलाने के कार्य में सेवा भाव को ऊंचाई प्रदान करने में महिला ने कसर नहीं छोड़ी। इधर 30 नवंबर को उनकी सेवानिवृत्ति पर सेवा भाव से किए गए कार्यों की सभी ने सराहना की वहीं सहायक अभियंता दीपक कुमार ने अपने हाथों से पानी पिला कर गाड़ी में बिठा सम्मान पूर्वक विदाई दी।

## उत्तरप्रदेश से आए मंदबुद्धि युवक को परिजनों से मिलाया

**सादुलपुर,** (निसं)। उत्तर प्रदेश के शामली जिले से भटक कर आए हुए एक मंदबुद्धि युवक को उसके परिजनों तक पहुंचाकर स्थानीय आरपीएफ कांस्टेबल कर्मपाल चौधरी तथा बेवड गांव के इंजिनियर महेश ने मानवता का परिचय दिया।

सोनू नाम का मंदबुद्धि युवक दो रोज पूर्व बेवड गांव में पहुंचा। तथा उक्त युवक को गांव में महेश ने देखा। पूछताछ पर वह अपने बारे में पूरा विवरण नहीं दे पाया। इंजीनियर महेश ने उसे घर पर रखा। प्रयास करने पर पता लगा कि युवक शामली जिले के गागोर गांव निवासी है तथा अपने पिता का नाम शौकीन बताने के अलावा कुछ और नहीं बता पाया। जानकारी मिलने के बाद महेश ने सादुलपुर रेलवे पुलिस बल के सिपाही कर्मपाल चौधरी को इस बारे में जानकारी दी। कर्मपाल इससे पहले भी उत्तर प्रदेश के कई लापता व्यक्तियों को उनके परिजनों तक पहुंचा चुका है।



**तीन माह पूर्व घर से लापता मंदबुद्धि युवक की पहचान कर उसके परिजनों को सुर्पूद किया।**

कर्मपाल ने दिन रात एक कर शामली आरपीएफ को इत्तला पहुंचाई। इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सकी। मंगलवार को सोनू के पिता शौकीन तथा भाई मोहन बेवड पहुंच गए, जहां पर तस्दीक तसल्ली करने के बाद युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि सोनू तीन माह से लापता चल रहा था। उसकी खोज करने के बाद भी इसका पता नहीं लग पाया। इस बारे में पुलिस रिपोर्ट भी की हुई है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 : नवलगढ़ जिले में टॉप

**झुंझुनूं/नवलगढ़,** (निसं)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में जिले में प्रथम तथा प्रदेश में 14 वें स्थान पर नवलगढ़ नगरपालिका रही है। इस सर्वे में देश के करीब चार हजार से ज्यादा शहरों को शामिल किया गया है। नवलगढ़ नगर पालिका स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 अभियान के तहत भारत सरकार द्वारा जारी किए गए परिणाम में नगर पालिका नवलगढ़ प्रशासन के अथक प्रयासों से जोन रैंकिंग में झुंझुनूं जिले में प्रथम व राजस्थान में 14वें स्थान पर रही है। वहीं पूरे भारत में 119वें स्थान पर रही।

इधर, परिणाम जारी होने के बाद पालिकाध्यक्ष शोयब खत्री ने प्रसन्नता जताते हुए पूरी नगर पालिका टीम के साथ–साथ सफाई कर्मचारियों को इस महत्वपूर्ण योजना में महत्वपूर्ण रोल अदा करने पर आभार जताया। वहीं ईओ राकेशकुमार रंगा ने सफाई निरीक्षक ललित शर्मा सहित सभी सफाई कर्मचारियों को इस मुकाम के लिए धन्यवाद दिया।

# बैलगाड़ी से पहुंची बरात, देखने वालों की भीड़ लगी

## परंपरा को जीवित रखने और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। आधुनिक दौर में जहां दूल्हा पक्ष के लोग लग्जरी गाडियों से दुल्हन के दरवाजे पर बारात लेकर पहुंचते हैं वहीं मंगलवार को दूल्हा व गुर्जर बारातियों को बैलगाडी में बैठाकर दुल्हन के घर जा पहुंचा। इस दृश्य को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान लोग अपने मोबाइल में सेल्फी लेते नजर आए

बता दे कि दूल्हा अपनी पुरानी परंपरा को जीवित रखने और पर्यावरण को बचाने के लिए बैलगाडी से बारात लेकर दुल्हन के घर तक पहुंचा। यह बारात आसींद के झामरा का बाडीया निवासी एकलिंग गुर्जर पुत्र तेजमल गुर्जर ने डोली और बैलगाड़ी को आकर्षक ढंग से सजाकर ब्याह रचाने निकले थे जो 4 किलोमीटर दूरी स्थित कटार गांव की मीना देवी गुर्जर पिता तेजू गुर्जर के घर पहुंची। जहां विधि विधान से तेजू राम गुर्जर की पुत्री मीणा का विवाह संपन्न हुआ।

- **लोग अपने मोबाइल में सेल्फी लेते नजर आए**

वर्तमान समय में अगर कोई यह कहे कि किसी की बारात बैलगाड़ी में जाएगी तो लोगों को विश्वास नहीं होगा कई वर्षों बाद पुरानी परंपरा से निकली बारात आज चर्चा का विषय बन गई है। बारात जिस गांव और चौराहे से निकली वहां लोग बरात को देखने के लिए अपने अपने घरों से बाहर निकल गए। बैल गाडियों को खींच रहे सभी बैलों के गले में घंटी बंदी थी जो शुभ बेला की घड़ी की याद दिला रही थी। दूल्हा एकलिंग गुर्जर ने बताया कि प्रदूषण से जनजीवन पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर लोग जागरूक हो इसलिए मैंने पुरानी परंपरा को जीवित करने की पहल की है।



**बैलगाड़ी में जाती बारात।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 1 दिसम्बर, 2021**

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2078, चित्रा नक्षत्र सायं 6:47 तक, सौभाग्य योग रात्रि 8:44 तक, कौलव करण दिन 12:55 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 7:45 पर तुला राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–तुला, बुध–वृश्चिक, गुरू–कुम्भ, शुक्र–धनु, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में।

आज राजयोग सायं 6:47 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:34 तक, शुभ 10:17 से 12:16 तक, चर 2:52 से 4:11 तक, लाभ 4:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:02, सूर्यास्त 5:29

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बढ़ेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में आपसी वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**सिंह**
परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
धार्मिक–मांगलिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। शुभ कार्य पर धन खर्च हो सकता है। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**धनु**
अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा ठीक रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन खर्च पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

# कांग्रेस की दिल्ली रैली के लिए मंत्री, विधायकों को दिया टारगेट

## हालांकि बैठक से गायब रहे आधे से ज्यादा मंत्री और विधायक

- मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश जिलों में जाएं तो जिला कांग्रेस कार्यालय भी जाएं मंत्री, करें जनसुनवाई
- 15 दिसंबर से कांग्रेस मुख्यालय पर भी सप्ताह में 3 दिन तक मंत्री करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस की 12 दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित महंगाई हटाओ रैली के सिलसिले में प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने सीएम अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ बैठक की और तैयारियों का फीडबैक लिया। कांग्रेस मुख्यालय पर हुई बैठक में बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए मंत्री राजेंद्र गुढ़ा सहित चार विधायकों ने बैठक से दूरी बना ली। बसपा से जीत कर आने वाले दीपचंद खेरिया बैठक में शामिल हुए।

बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी मंत्रियों को निर्देशित किया कि वे जिलों में जाएं तो स्थानीय संगठन को सूचित करें और जिला कांग्रेस कार्यालय में जाकर बैठक करें। इसी के साथ आमजन तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जनसुनवाई भी करें। वहीं बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एक बार फिर से मंत्रियों की जनसुनवाई शुरू की जा रही है। इसके लिए 15 दिसंबर की तारीख तय की गई है, जिस दिन से मंत्री प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करेंगे। डोटासरा ने बताया कि अभी सप्ताह में 3 दिन 2-2 मंत्री प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय बैठेंगे और कांग्रेस कार्यकर्ता आम जनता की सुनवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा कि हम पूरा डाटा तैयार करें कि कितनी समस्याएं आईं, कितनी समस्याएं दूर की गई। उन्होंने कहा कि आमजन की जो भी वाजिब समस्या हैं, उसका समाधान किया जाना चाहिए। इसके लिए ही यह प्रयास शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि जो भी मंत्री निर्धारित दिन जन सुनवाई के लिए नहीं आ पाए, उसे मुख्यमंत्री को सूचना देनी होगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए सचिन पायलट ने पीसीसी में मंत्रियों की जन सुनवाई शुरू की थी लेकिन बाद में यह जनसुनवाई बंद कर दी गई थी। इधर 12 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली महंगाई के खिलाफ रैली को लेकर तैयारी बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, मंत्रियों, विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों और पार्टी के अग्रिम संगठनों के प्रमुखों को बुलाया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस की ओर से निवर्तमान जिला अध्यक्षों और प्रभारी मंत्रियों को एक फॉर्मेट भी दिया गया। जिसमें पदाधिकारियों को वाहन और कार्यकर्ताओं की संख्या की जानकारी देनी होगी। हालांकि, बैठक में कांग्रेस पार्टी के सभी विधायकों को बुलाया गया था, लेकिन आधे से ज्यादा मंत्री और विधायक बैठक में नहीं पहुंचे। मंत्रियों की बात की जाए तो बैठक में प्रताप सिंह खाचरियावास, शकुंतला रावत, ममता भूपेश, शांति धारीवाल, बृजेंद्र ओला, सुखराम बिश्नोई, महेश जोशी ,गोविंद राम मेघवाल, भजन लाल जाटव ,परसादी लाल मीणा, बीडी कल्ला, रामलाल जाट, हेमाराम और राजेन्द्र यादव मौजूद रहे। हालांकि विधायकों और मंत्रियों की गैरमौजूदगी के बारे में कहा जा रहा है कि कांग्रेस कमेटी का फोकस दिल्ली से जुड़े हुए 7 जिलों जयपुर, अलवर, दौसा, झुंझुनूं, सीकर, भरतपुर और चूरू जिले पर हैं। इन जिलों के जुड़े नेताओं को ही ज्यादा भीड़ ले जाने का टारगेट दिया जाएगा। ऐसे में इन जिलों के नेताओं की जिम्मेदारी ज्यादा बनती है। वैसे तो सभी मंत्रियों को कहा गया है कि वह अपने जिलों के अलावा आसपास के जिलों में भी कार्यकर्ताओं के दिल्ली जाने की व्यवस्थाओं को निर्धारित करें।

बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों को सरकार में कोई पद नहीं देने से नाराज चल रहे मंत्री राजेंद्र गुढ़ा तो इस बैठक से दूर रहे ही, उनके साथ ही बसपा से कांग्रेस में आए सभी विधायकों में दीपचंद खेरिया को छोड़कर संदीप यादव, वाजिब अली, जोगिंदर अवाना और लखन मीणा भी इस बैठक से दूर रहे। बैठक में शामिल होने के लिए विधायक बाबूलाल बैरवा भी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के कारण प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में तो आए, लेकिन बैठक में शामिल होने नहीं पहुंच पाए, क्योंकि बैठक पहली मंजिल पर थी।

## मुख्यमंत्री जिद पर अड़े रहे तो हम उनकी जिद कानून के सहारे पूरी होने से रोकेंगे : राठौड़

**जयपुर**। उपेनता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने एक बार फिर दोहराया है कि देश में अशोक गहलोत पहले मंत्री हैं जिन्होंने अपने ही विधायकों को सलाहकार बनाया है। मगर राज्यपाल को मेरे द्वारा आपत्ति जताने के बाद यह साफ हो गया है कि इन सलाहकारों को राज्यमंत्री का दर्जा नहीं दिया जाएगा। ऐसे में इन लोगों के पास पत्रावली नहीं भेजी जा सकती है। इसलिए ये लोग बिना सलाह मांगे सलाह देने वाले सलाहकार बन गए हैं।

राठौड़ ने कहा कि मैंने राज्यपाल को संविधान और कोर्ट के निर्णयों का हवाला देते हुए हस्तक्षेप की मांग की थी। अब भी मुख्यमंत्री जिद पर अड़े रहे तो हम भी कानून का सहारा लेते हुए उनकी जिद को रोकने का पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि मंत्रिमंडल के गठन के बाद असंतोष का लावा फूटेगा। अभी से धुंआ उठने लगा है। पहली बार किसी मंत्री ने मंत्री पद की शपथ लेकर वाहन को लौटाने का काम किया है। एक वरिष्ठ विधायक ने सीएम से मंत्री बनने की अहर्ताएं पूछी हैं। धुंआ उठा है तो आग भी लगेगी। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 18 महीने पहले जिन लोगों को संसदीय सचिव बनाने का आश्वासन दिया था। मंत्रिमंडल पुनर्गठन के इतने दिन बाद भी उनके नामों की घोषणा नहीं हुई है।

# भारत टीकाकरण में अग्रणी बन के उभरा है : दीया कुमारी



सांसद राजकुमारी दीयाकुमारी ने स्पेन के मैड्रिड में अंतर संसदीय संघ की असेंबली को संबोधित किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत टीकों के उत्पादन के साथ-साथ रिकॉर्ड समय में एक अरब से अधिक टीकाकरण के साथ अग्रणी देशों में से एक के रूप में उभरा है। यह विशेष रूप से सराहनीय है क्योंकि दुनिया की 17.7 फीसदी आबादी भारत में रहती है। यह बात राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने स्पेन के मैड्रिड में आयोजित अंतर संसदीय संघ की 143वीं असेंबली में संबोधित करते हुए कही।

टीकाकरण उत्पादन में भारत के प्रयासों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, दीया कुमारी ने कहा कि हमारा कोविड-19 वैक्सीन उत्पादन केवल टीकों के घरेलू उत्पादन के लिए ही नहीं है, बल्कि उन देशों में वितरण के लिए भी है जो पश्चिमी दुनिया से महंगे टीके खरीदने में असमर्थ हैं। भारत में 7 स्वीकृत टीके हैं और 13 टीकों का परीक्षण चल रहा है। अब तक भारत ने 93 देशों और दो संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं को 70 मिलियन से अधिक ड़ोज की आपूर्ति की है और आने वाले महीनों में कोवैक्स और पार्टनर देशों को आपूर्ति में लगातार वृद्धि होगी।

सांसद ने आगे कहा कि वैक्सीन डवलपमेंट प्रोग्राम में संयुक्त रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है और आपूर्ति चेन को मजबूत करने और ग्लोबल साउथ के लिए किफायती टीके उपलब्ध कराने के लिए, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को विचाराधीन आईपी-छूट के मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है।

## अनिता भदेल के वायरल वीडियो पर पूनिया का टिप्पणी से इनकार

- जेईसीसी का मौका मुआयना कर भाजपा कार्यसमिति और जनप्रतिनिधि सम्मेलन के स्थान को देखा

**जयपुर**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जयपुर दौरे की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी सहित कई पदाधिकारियों ने सीतापुरा स्थित कार्यक्रम स्थल जेईसीसी का मौका मुआयना किया। उन्होंने प्रदेश कार्यसमिति और जनप्रतिनिधि सम्मेलन के स्थान को देखा और आवश्यक सुझाव दिए। पूनिया ने कहा कि अमित शाह के संबोधन को सुनने के लिए सभी उत्साहित हैं। इस वजह से प्रतिनिधि सम्मेलन में 10 हजार लोगों को जुटाया जाएगा। इसमें पचांयती राज, सहकारिता सहित कई सेक्टर से जुड़े जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। उनके स्वागत में कोई कसर नहीं रहे, इसलिए उनके आने से लेकर जाने तक और रोड शो व भोजन सहित सभी कार्यों को नेताओं में बांटा गया है। तीनों नेताओं ने रोड के रूट को भी देखा।

शाह के स्वागत में राजस्थानी संस्कृति को साकार किया जाएगा। कालबेलिया, कच्छी घोड़ी नृत्य, पुष्कर के नगाड़े, मांगणियार, मांड गायकी से शाह का जयपुर की सड़कों पर स्वागत होगा। पूरे प्रदेशभर से 40 हजार लोग उनके स्वागत में जुटेंगे।

पूर्वमंत्री और भाजपा प्रवक्ता अनिता भदेल का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की उपस्थिति में भदेल नारा लगा रही है कि अगला मुख्यमंत्री कैसा हो। इस पर भीड़ से आवाज आ रही है वसुंधरा राजे जैसा हो। इस वायरल वीडियो को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने किसी भी तरह की टिप्पणी से इनकार कर दिया। पूनिया ने कहा कि मैं इस वीडियो पर कुछ नहीं कहूंगा। मुझसे पहले कई वरिष्ठ नेता कह चुके हैं कि पार्टी का संसदीय बोर्ड तय करता है कि कौन नेता होगा। मुझे लगता है कि चुनाव तक यह चर्चाएं चलती रहेंगी, मगर जो आलाकमान तय करेगा, उसकी हम पालना करेंगे।

# प्रदेश में नवम्बर के महीने में साढ़े तीन सौ से अधिक नए करोना संक्रमित मिले

## अक्टूबर में इनकी संख्या केवल 102 ही रही थी

- राज्य में नवम्बर में सबसे ज्यादा 196 संक्रमित जयपुर जिले में मिले, वहीं एक बच्चे की इस बीमारी से मौत भी हो गई थी।
- प्रदेश में मंगलवार को 15 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें जयपुर में 11, उदयपुर में 2 तथा अजमेर व बीकानेर में 1-1 नया रोगी मिला है।
- राज्य में फिर रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 193 हो गए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में नवम्बर के महीने में करोना संक्रमण के साढ़े तीन सौ से अधिक नए मामले सामने आने के साथ ही एक बच्चे की मौत हुई है। वहीं अक्टूबर में इनकी संख्या 102 रही थी। इधर मंगलवार को राज्य में 15 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 11 रोगी जयपुर में मिले हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में नवम्बर के महीने में 356 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 196 मामले जयपुर जिले में पाए गए थे। वहीं इनकी तुलना में राज्य में अक्टूबर के महीने में केवल 102 मरीज ही पाए गए थे। राज्य में पिछले महीने करोना से जयपुर में एक बच्चे की मौत भी हुई थी। इससे पहले 31 जुलाई को करोना से श्रीगंगानगर जिले में मौत हुई थी। वहीं राजधानी जयपुर में 30 जून को एक मरीज की मौत हुई थी। राज्य में अब तक इस बीमारी से 8955 लोगों की मौत हो चुकी है।

इधर प्रदेश में मंगलवार को 15 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 12 रोगी पाए गए थे। पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 11 नए संक्रमित जयपुर में मिले है। इसके अलावा उदयपुर में 2 तथा अजमेर और बीकानेर में 1-1 नया रोगी मिला है। इस बीच राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 4 संक्रमित सोड़ाला इलाके में पाए गए है। वहीं अम्बावाड़ी में 3, प्रताप नगर में 2 तथा जमवारामगढ़ और विद्याधर नगर में 1-1 नया मरीज मिला है।

उधर प्रदेश के 29 जिलों में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। इनमें 20 जिलों में अब न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस बचा है। प्रदेश में मंगलवार को 9 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही अब तक इस बीमारी से 9 लाख 45 हजार 637 लोग स्वस्थ हो चुके है।

मंगलवार को फिर रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 193 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 108 मामले जयपुर में तथा 23 केस अजमेर में हैं।

इसके अलावा 11 जिले अलवर, बाड़मेर, बीकानेर, दौसा, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, पाली, राजसमंद और उदयपुर में 20 से कम एक्टिव केस हैं।

**आम-सूचना** सर्वसाधारण को सूचित रहें कि मेरे अभिभाष्य जगदीशप्रसाद, पुत्र विजयलाल, उम्र 70 वर्ष, जाति कोली, निवासी 49, जयनगर, रोड नम्बर 2, नियर ब्रिलियेन्ट स्कूल, मुरलीपुरा, जयपुर (राजस्थान) की पुत्रीयां सुनीता उर्फ लाली, पत्नी कमलेश व रेखा पत्नी ललितकिशोर का व्यवहार मेरे अभिभाष्य एवं उसकी पत्नी के साथ सही नहीं है तथा दोनों मिलकर मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी का हैरान परेशान करते हुए धमकीयां देती है इसलिए मेरे अभिभाष्य ने उक्त दोनों पुत्रीयों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मेरे अभिभाष्य का अब उक्त दोनों पुत्रीयों से कोई सम्बन्ध नहीं है। सुनीता व रेखा से यदि कोई व्यक्ति किसी तरह का संव्यवहार या लेनदेन करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा एवं ऐसे किसी संव्यवहार के लिए मेरा अभिभाष्य कतई जिम्मेदार नहीं होगा।

संजय कुमावत, एडवोकेट
दिनांक-26/11/21 मो.-9829548872

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनिल कुमार कट्टा उम्र 65 वर्ष व मेरे पत्नी गायत्री देवी कट्टा उम्र 59 वर्ष निवासी 1976, धाभाई जी का खुर्रा, रामगंज बाजार, जयपुर ने अपने पुत्र श्रीमन कट्टा एवं पुत्रवधु श्रीमती प्रिया कट्टा जो कि पिछले कुछ समय से हमारे कहने में नहीं है, हमसे बुरा बर्ताव करते हैं। उनके इन कृत्यों से परेशान होकर हमने उक्त पुत्र व पुत्रवधु से अपने समस्त संबंध समाप्त कर लिये हैं एवं उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए हमारी कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।

अनिल कुमार कट्टा एवं गायत्री देवी कट्टा

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक-11279 दिनांक-18.11.2021

**जाहिर आम सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 84/446 (MIG-B), (क्षेत्रफल 113.840 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती कृष्णा देवी गर्ग पत्नी श्री गोरधन दास को किया जाकर आवंटन पत्र 2299 दिनांक 25.06.2021 के द्वारा जारी किया गया था। श्रीमती कृष्णा देवी गर्ग की मृत्यु दिनांक 11.04.2014 को हो जाने के कारण उनके उत्तराधिकारी वसीयत के आधार पर श्रीमती आशा जैन पत्नी श्री बाबू लाल जैन एवं श्रीमती श्रुती गोयल पत्नी श्री अंकित जैन द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती आशा जैन पत्नी श्री बाबू लाल जैन एवं श्रीमती श्रुति गोयल पत्नी श्री अंकित जैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-5**
**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक-जविप्रा/उपा.जोन-5/2021/डी-2336 दिनांक: 29.11.2021

लोक सूचना

श्री अभिमन्यु सिंह पुत्र स्व. श्री दुर्गा सिंह एवं श्रीमती लेखा कुमारी पत्नी स्व. श्री भवानी सिंह जाति राजपूत निवासी-27 ए, भवानी भवन, ग्लास फैक्ट्री के सामने, रॉयल नगर, टोंक रोड, जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र. स. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. /किस्म | क्षेत्रफल (हैक्टे. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम रामपुरारूपा तहसील, जयपुर | निजी खातेदार | 475/456 गै.मु.आबादी | 0.2591 |
| | | | कुल | 0.2591 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदानुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 29.11.2021 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-05, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**कार्यालय नगर पालिका शाहपुरा, जिला जयपुर (राज.)**
Phone No. 01422-272066, Email Id. shahpura.jaipur@gmail.com
क्रमांक- न.पा.शा./21/3167 दिनांक- 29.11.2021

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सूति किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया है। किसी को भी इस बाबत आपत्ति हो तो 15 दिवस में मय सबूत लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को पेश करें। बाद अवधि विचार संभव नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पिता/ पति का नाम | स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता | खसरा नं. | कुल क्षेत्रफल (वर्गगज) | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ओम प्रकाश बजाज पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद बजाज | वार्ड नं. 20 श्याम कॉलोनी एनएच 48 शाहपुरा | 3998 | 276.66 वर्गगज | पट्टा क्रमांक 274 दिनांक 14.3.2011 |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका शाहपुरा (जयपुर)

**कार्यालय नगर पालिका शाहपुरा, जिला जयपुर (राज.)**
Phone No. 01422-272066, Email Id. shahpura.jaipur@gmail.com
क्रमांक- न.पा.शा./21/3165 दिनांक- 29.11.2021

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया है। किसी को भी इस बाबत आपत्ति हो तो 15 दिवस में मय सबूत लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को पेश करें। बाद अवधि विचार संभव नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पिता/ पति का नाम | स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता | खसरा नं. | कुल क्षेत्रफल (वर्गगज) | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री महेश चन्द बजाज पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद बजाज | एनएच 48 वार्ड नं. 20 शाहपुरा | 3998 | 281.77 वर्गगज | पट्टा क्रमांक 273 दिनांक 14.3.2011 |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका शाहपुरा (जयपुर)

## हरनेक सिंह को स्थाई पैरोल पर रिहा करने के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट ने प्रदेश के चर्चित राजेन्द्र मिर्धा अपहरण कांड के आरोप में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे हरनेक सिंह को स्थाई पैरोल पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने पैरोल कमेटी के गत 14 जुलाई के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें कमेटी ने हरनेक सिंह को पैरोल पर रिहा करने से इनकार कर दिया था। जस्टिस प्रकाश गुप्ता और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने यह आदेश हरनेक सिंह की पैरोल याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि स्थाई पैरोल के दौरान यदि याचिकाकर्ता किसी अवांछित गतिविधि में शामिल होता है तो स्थाई पैरोल को वापस लेकर उसकी शेष सजा पूरी कराई जा सकती है।

याचिका में कहा गया की मामले में उसे 6 अक्टूबर 2017 को आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। वहीं वह करीब 15 साल पांच माह से जेल में बंद है। उसे प्रथम और द्वितीय पैरोल के अलावा करोना में स्पेशल पैरोल पर भी रिहा किया गया था। पैरोल की रिहाई का उसने कोई दुरुपयोग नहीं किया और तय समय पर वापस जेल में समर्पण भी किया था। वहीं जेल में उसका चाल चलन भी संतोषजनक है। याचिकाकर्ता की ओर से पैरोल कमेटी के समक्ष स्थाई पैरोल के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया था, लेकिन कमेटी ने सिर्फ इस आधार पर प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया की उसे मिर्धा अपहरण कांड में सजा हुई थी। ऐसे में उसे स्थाई पैरोल पर रिहा किया जाए।

## राज्यपाल से पूर्व सीएम राजे की मुलाकात

**जयपुर**। राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

वहीं दूसरी ओर मिश्र से राज्यपाल राहत कोष सलाहकार समिति के सदस्य सुगल चन्द जैन ने सिंघवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से राज्यपाल राहत कोष के लिए पांच लाख रुपए राशि का चेक सौंपा।

**NAME CHANGE**

I have changed my name Harsh Bagaria to Harshvardhan Bagaria in future I will be known by this name Add.: 11, Panchsheel Enclave, J.L.N. Marg, Jaipur (Raj.)

मैंने अपना नाम हनुमान सहाय से बदलकर हनुमान सहाय बुनकर रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना पहचाना जावे। ग्राम पोस्ट इन्द्रगढ तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर 9252995366


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री बंशीधर वर्मा** (हेड साहब) रिटायर्ड O.S.PHED का आकस्मिक निधन 29.11.2021 को हो गया। तीये की बैठक 01.12.2021 को निवास स्थान-15, आराधना भवन, सोफिया स्कूल के सामने, घाटगेट, जयपुर पर सांय 4:00 से 5:00 बजे होगी।

**शोकाकुल**- डोली देवी (धर्मपत्नी), मोहनलाल- कमला देवी (भाई- भाभी), मुकुटधर- चंदा, शशिधर- भारती, विजयधर- योगिनी (पुत्र- पुत्रवधू) शंकरलाल मौर्य- कृष्णा (पुत्री- दामाद), बाबूलाल, सतीश, कैलाश, सुरेश (भतीजे) यश, निखिल, सर्वेश, योगेश, हर्ष, जय, वैष्णवी, जागृति, माही (पौत्र, पौत्री), कविता- नीरज जी (दोहिती- दामाद), पंकज- भावना (दोहिता- वधू)

## 29 जलापूर्ति परियोजनाओं के लिए 8947.48 करोड़ की वित्तीय मंजूरी

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जल जीवन मिशन में 27 जलापूर्ति परियोजनाओं की क्रियान्विति के लिए 8461.76 करोड़ रूपए तथा 2 जलापूर्ति परियोजनाओं के लिए 485.72 करोड़ रूपए की संशोधित राशि यानि कुल 8947.48 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इसमें 5234.84 करोड़ राज्यांश राशि के एवं 3712.64 करोड़ रूपए की केन्द्रांश राशि शामिल है।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक:-एफ () जविप्रा/उपा/जोन-11/2021/डी-2454 दिनांक :-29.11.2021

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में लीज डीड बाबत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| आरक्षण पत्र का विवरण | भूखण्ड का विवरण | रजिस्टर्ड आवेदक |
|---|---|---|
| ग्राम बगरूखुर्द के खसरा नम्बर 612, 613, 621, 624 593, 601, 607, 622/1032 का आरक्षण पत्र क्रमांक डी-1036 दिनांक 28.06.2007 भाती, संज्या कानी, नन्छी पुत्रियां घीसा | ग्राम बगरूखुर्द के आवासीय भूखण्ड संख्या 1770 क्षेत्रफल50 वर्गमीटर | श्री राजीव गुप्ता पुत्र श्री दशरथ प्रसाद गुप्ता |

उक्त भूखण्डों की लीज डीड जारी करने में किसी को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

उपायुक्त जोन-11, जविप्रा, जयपुर

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT AKODA P.S. SAMBHAR LAKE**

S.NO:2021-22/AKODA/181-4/44 DATE-24.11.2021

**INVITATION OF E-TENDER YEAR 04/2021-22**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractor for **THREE CONSTRUCTION WORK** estimated cost of work is Rs. 20.00 lakhs.
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in
**UBIN No. ZJP2122WSOB01415**

Village development officer
GP AKODA

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-4/2021/डी-2670 दिनांक-30.11.2021

**सार्वजनिक सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पदमा लधानी पत्नी श्री दमन दास लधानी द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-सी के भूखण्ड संख्या सी-258 (पुराना) सी-462-सी (नया) का पट्टा जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में पूर्व में न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-सी के भूखण्ड संख्या सी-258 संशोधन बाद भूखण्ड संख्या सी-472 हुआ तथा पुनः संशोधन पश्चात वर्तमान भूखण्ड संख्या सी-462-सी है। समिति द्वारा आवंटन पत्र श्रीमती अंजू रावत पत्नी श्री राजेश रावत के पक्ष में दिनांक 31.01.1987 को जारी किया गया। तत्पशत श्रीमती अंजू रावत ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.11.2013 के आधार पर उक्त भूखण्ड का बेचान श्रीमती गोपी नारवानी पत्नी श्री नानकराम नारवानी के पक्ष में किया गया। श्रीमती गोपी नारवानी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.07.14 के आधार पर उक्त भूखण्ड का बेचान श्रीमती पदमा लधानी पत्नी श्री दमनदास लधानी को किया गया। अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर पट्टा जारी किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/हितधारक को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के साथ अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा आवेदिका के पक्ष में पट्टा जारी करने की कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त जोन-4, जविप्रा, जयपुर

**कार्यालय नगर पालिका निवाई, जिला (टोंक)**

क्रमांक-न.पा.नि./2021-22/5193 दिनांक- 30.11.2021

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि में आवासीय/व्यवसायिक पट्टा/उपविभाजन/पुर्नवैद/नवीनीकरण/नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन किया है इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर मयाद 07 दिवस में मय सबूत लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें बाद गुजरने मयाद (अवधि) पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी व आवेदकों के पक्ष में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र.सं. | नाम आवेदक | भूखण्ड सं. व कॉलोनी का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैणी प्रसाद पारीक/ परमेश्वर दयाल पारीक | कैशोटान मोहल्ला | | 77.15 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 2 | अमीन खां/अल्ला रखां | सरदार पटेल नगर | | 150 वर्गगज | पट्टा हेतु |
| 3 | अनिता बैरवा/दिलीप कुमार बैरवा | बापु नगर | | 138.88 वर्गगज | हस्तान्तरण |
| 4 | लादी देवी/शंकर लाल | दीनदयाल कॉलोनी | | 150 वर्गगज | हस्तान्तरण |
| 5 | सलीम अली/मोहम्मद अली | भगत सिंह कॉलोनी | | 138.88 वर्गगज | पट्टा हेतु |
| 6 | शकील अहमद/मोहम्मद अली | भगत सिंह कॉलोनी | | 138.88 वर्गगज | पट्टा हेतु |
| 7 | गायत्री शर्मा/शंभूदयाल शर्मा | दादूदयाल मंदिर के पास जमात | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 8 | इरशाद/निसार अहमद | मायला बाग | | 36.05 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 9 | चन्द्र प्रकाश दिक्षित/ रामेश्वर प्रसाद दीक्षित | शिवाजी कॉलोनी | | 180 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 10 | सोहनी देवी/विजय सिंह | शिवाजी कॉलोनी | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 11 | सत्यनारायण, बद्रीनारायण, हनुमान प्रसाद विजय/ रामराय वजिय | दीनदयाल कॉलोनी | 3545 | 150 वर्गगज | पट्टा हेतु |
| 12 | संतोष/विमल कुमार जैन दीक्षा देवी/कमलेश जैन | बसन्त विहार | 3847 | 200 वर्गगज | पट्टा हेतु |
| 13 | मामराज सिंह/कल्याण सिंह | जमात | | 180.37 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 14 | अवधेश कुमार/मामाराज सिंह | जमात | | 268.66 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 15 | भंवर सिंह/अमर सिंह | जमात | | 212.77 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 16 | विजेन्द्र सिंह/भंवर सिंह | जमात | | 212.77 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 17 | महेन्द्र कुमार शर्मा/ भवानी शंकर शर्मा | अर्जुन नगर | 3842 | 143.33 वर्गगज | पट्टा हेतु |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई

# ‘कचरा उठाने में बीवीजी कंपनी फेल हैं, फिर हैरिटेज निगम ने अनुबंध आगे क्यों बढ़ाया?’

## मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस मुद्दे पर अपनी ही पार्टी की महापौर मुनेश गुर्जर और नगर निगम के अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठाया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** बीवीजी कंपनी घर-घर से कचरा उठाना तो दूर, सड़कों पर से भी गंदगी के ढेर नहीं हटा पा रही है। करोड़ों रुपये लेने के बावजूद भी हड़ताल करने वाली इस कंपनी से ना पार्षद खुश हैं और न ही शहर के मंत्री और विधायक। मुख्य सड़कों से लेकर कॉलोनियां और परकोटे के बाजारों में भी जगह-जगह कचरे के ढेर लगे पड़े हैं, जो कि करोना संक्रमण और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ा रहे हैं।

इन्हीं बदत्तर हालातों को देखते हुए मंगलवार को हैरिटेज निगम में अफसरों की खिंचाई करने पहुंचे मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कांग्रेस महापौर मुनेश गुर्जर और उनके अफसरों की कार्यशैली पर भी जमकर सवाल उठाये।

खाचरियावास ने कहा कि जब बीवीजी कंपनी शहर में कचरा उठाने में फेल हैं तो फिर हैरिटेज नगर निगम में कंपनी का ठेका आगे क्यों बढ़ा दिया, यह बेहद गंभीर मामला है। अब अगर शहर में गंदगी के ढेर लगे पड़े हैं तो सफाई की जिम्मेदार भी महापौर, कमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर और बाकी अफसरों की है। पार्षद और महापौर चाहे किसी भी पार्टी का हो, लेकिन सफाई करवाना उसकी जिम्मेदारी है।

नगर निगम का पहला काम ही सफाई है, लेकिन दुर्भाग्य है कि जयपुर के दोनों नगर निगम इसमें फेल हैं। खाचरियावास ने साफ कहा कि सफाई पर ‘‘नो कॉम्प्रोमाइज़, ओनली रिजल्ट चाहिए’’, इस हड़ताली कंपनी पर सख्त कार्रवाई करें। आखिर बीवीजी कंपनी को क्या हक है कि वह जब मर्जी आये, तब हड़ताल पर जाकर जयपुर शहर में कचरे के ढेर लगा दे। प्रताप सिंह ने मेयर मुनेश गुर्जर और अफसरों को 5 दिन का वक्त देते हुए हालात सुधारने को कहा है। साथ ही कहा कि अगली बार जब मीटिंग में आऊं, तब रिजल्ट चाहिए, बहाने नहीं।

ताज्जुब की बात तो यह है कि मेयर मुनेश गुर्जर ने इस मीटिंग में बीवीजी कंपनी पर कार्रवाई के लिए एक शब्द तक नहीं बोला। उल्टा उन्होंने इस बदहाली के लिए बीवीजी कंपनी के बजाय सफाई निरीक्षक (एस.आई.) को जिम्मेदार ठहराया और उन पर कार्रवाई की चेतावनी तक दे डाली। मुनेश गुर्जर ने कहा कि निरीक्षण के दौरान वार्डों में गंदगी मिलने पर संबंधित सफाई निरीक्षक को जिम्मेदार माना जाएगा और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फील्ड में लगे सफाईकर्मी अगर अनुपस्थित पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त अवधेश मीणा, अतिरिक्त आयुक्त सत्तार खान, जोन उपायुक्त आशीष कुमार, सभी जोन आयुक्त, वार्ड पार्षद दशरथ सिंह शेखावत, मनोज मुदगल, उत्तम शर्मा और विजेंद्र तिवारी मौजूद थे।



**गंदगी का अब ये नज़ारा शायद राज्य सरकार औऱ नगर निगम प्रशासन को नजर नहीं आता, जिसमें महेश नगर क्षेत्र में जे.पी. फाटक अंडरपास के अंदर औऱ बाहर की गंदगी ने रास्ता ही बंद कर दिया। इस कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को बेहद परेशानी झेलनी पड़ रही है।**

- **सफाई व्यवस्था पर ‘‘नो कॉम्प्रोमाइज़, ओनली रिजल्ट चाहिए’’, इस हड़ताली कंपनी पर सख्त कार्रवाई करें : खाद्य मंत्री**
- **ताज्जुब की बात तो यह है कि मेयर मुनेश गुर्जर ने गंदगी के लिए बीवीजी कंपनी के बजाय सफाई निरीक्षकों (एस.आई.) को जिम्मेदार ठहराया और उन पर कार्रवाई की चेतावनी दी**

# ‘मंत्रीजी! बीवीजी कंपनी को कोसते हैं, उधर सरकार दबाव बनाकर अनुबंध बढ़वाती है’

## ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावत ने सफाई व्यवस्था का बंटाधार करने वाली बीवीजी कंपनी को सपोर्ट करने का आरोप सरकार पर लगाया

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर निगम के उपमहापौर पुनीत कर्णावत ने सफाई व्यवस्था का बंटाधार करने वाली बीवीजी कंपनी को सपोर्ट करने का आरोप राज्य सरकार पर लगाया है। उन्होंने कहा कि मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास इस कंपनी के कामकाज को कोसते हैं, उधर राज्यसरकार के इशारे पर स्वायत्त शासन विभाग दबाव बनाकर नगर निगम से इस कंपनी का अनुबंध आगे बढ़वाता है। इस दोहरी नीति के कारण जयपुर में सफाई बंटाधार हैं और बीवीजी कंपनी की मनमानी बढ़ी है, जिसका खामियाजा जयपुर की जनता भुगत रही है।

पुनीत कर्णावत ने कहा कि मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास बीवीजी कंपनी पर कार्रवाई करवाने के बयान दे रहे हैं, लेकिन यह सिर्फ दिखावा है। जब साधारण सभा में 250 पार्षदों और दोनों महापौर ने कंपनी का ठेका निरस्त करने को कह दिया था, तो हैरिटेज निगम के अफसरों ने इसे नियमों के फेर में उलझाकर कंपनी को अनुबंध बढ़ा दिया। इस ग्रेटर निगम के अनुबंध का मुद्दा कोर्ट में पैडिंग हैं, इस कारण यहां भी मामला अटका पड़ा है। जिन शर्तों पर बीवीजी कंपनी को डोर-टू-डोर कचरा उठाने का काम दिया गया था, वह तो दूर रहा, आज कचरा ही नहीं उठ रहा। कंपनी की मनमानी इतनी है कि जब मर्जी आये, तब हड़ताल पर जाकर भुगतान का दबाव बनाती है। इसी कारण जयपुर शहर की स्वच्छता रैंकिंग गिरी। रोजाना हजारों शिकायतें नगर निगम में दर्ज होती हैं, लेकिन कंपनी पर पेनल्टी लगाने के बजाय इन्हें ऐसे ही निरस्त कर दिया जाता है।

उपमहापौर ने कहा मंत्री प्रताप सिंह कोरी बयानबाजी करने के बजाय, कोर्ट में चल रहे बीवीजी कंपनी के मामले में पुरजोर पैरवी करने के लिए अफसरों को कहें और इस कंपनी को जयपुर से दफा करके सफाई का जिम्मा नगर निगम के हवाले करवाएं।

# आहना ने भरतनाट्यम में दिखाया श्रीकृष्ण की अठखेलियां और शिव का रौद्र रूप

## महाराणा प्रताप सभागार हुआ भक्ति भाव से सराबोर

**जयपुर।** मुम्बई की आहना गुप्ता ने आकर्षक भाव-भंगिमाओं व मुद्राओं के बेहतरीन संयोजन से दक्षिण भारत के क्लासिकल डांस भरतनाट्यम का लालित्य छलका दिया। इसमें माधुर्य और लय, कविता, नाटक, अभिव्यक्ति समेत मूर्तिकला, रंग और परंपरा का सलोना समावेश देखने को मिला।



महाराणा प्रताप सभागार मंगलवार को संजोए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्ट एंड कल्चर डिपार्टमेंट के ज्वाइंट सेक्रेटरी आरएएस पंकज ओझा समेत विशिष्ट अतिथियों में जयपुर कथक केन्द्र की नृत्य गुरु डॉ.रेखा ठाकर व एमजीडी स्कूल के भरतनाट्यम विभाग की एचओडी निकिता मुद्गल मौजूद रहीं। इस मौके पर आहना की नृत्यगुरु हेतल अनुपम करमाकर भी मौजूद थीं।

जयपुर में अपनी पहली प्रस्तुति को लेकर उत्साहित दिखी आहना ने नृत्यगुरु हेतल अनुपम करमाकर से सीखे सबक को मंच पर साकार कर मौजूद दर्शकों की खूब प्रशंसा बंटोरी। उन्होंने अपनी भक्ति भाव से लबरेज प्रस्तुति के दौरान तकनीकी कौशल व तैयारी पक्ष का उम्दा प्रदर्शन किया। आहना ने कृष्णर्पणम प्रस्तुति में भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति को अनुशासित और सुशोभित आंदोलनों से दर्शाया। इसके बाद इस कलाकार ने आदिताल में निबद्ध राग नतई में पिरोई गणेश गौतम प्रस्तुति में भगवान गणेश से प्रार्थना को नृत्य में साकार किया। आहना ने वैदिक मंत्रों से लबरेज शुद्ध नृत्य अल्लारिपु की सलोनी प्रस्तुति दी। आदिताल में निबद्ध राग भिनशदज में जतिश्वरम प्रस्तुति में सामंजस्यपूर्ण फुटवर्क और मूर्तिकला मुद्रा रूप का लावण्य छलकाया। कार्यक्रम में ताल मिश्र चापू में निबद्ध राग मलिकाई में पिराई शब्दम् की प्रस्तुति बेहद रोचक रही। इसमें कृष्ण और गोपियों का रोचक प्रसंग नृत्य में दर्शाया गया। इसमें गोपियों का क्रोध, भगवान श्रीकृष्ण का मटकी तोड़ना आदि बेहद सुरुचिपूर्ण रहा। आहना ने नटनम प्रस्तुति में सृष्टि के निर्माण और विनाश के तांडव को नृत्य में साकार किया। उन्होंने इसमें भगवान शिव के नृत्य का रौद्र रूप दर्शाया। कार्यक्रम के आखिर में नृत्यांगना आहना गुप्ता ने आदिताल में निबद्ध राग चन्द्रकौंस में तिल्लाना और मंगलम् की प्रस्तुति में आकर्षक फुटवर्क व जटिल लय के उम्दा संयोजन दर्शाकर छिपे उल्लास व उत्साह की जीवंतता को उजागर किया। इससे पहले कलाकार आहना को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्पेशल एपिअरेंस में नंदिनी, खुशबू और विहान को भी सराहना मिली।

# जयपुर में चौथे मिठाई नमकीन अधिवेशन और एक्सपो की मेज़बानी दिसंबर में

**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ स्वीट्स एंड नमकीन मैन्युफक्चरर्स चौथे विश्व मिठाई और नमकीन कन्वेंशन और एक्सपो 2021 का आयोजन कर रहा है, जिसमें पूरे मिठाई और नमकीन उद्योग को जयपुर शो में आमंत्रित किया गया है। डब्लूएमएनसी जयपुर, राजस्थान में 15, 16 और 17 दिसंबर को आयोजित होगा, जिसमें उक्त उद्योग का भव्य शो पेश किया जाएगा।

मिठाई और नमकीन उद्योग के जाने-माने बीकाजी ग्रुप इस इवेंट के टाटिल पार्टनर के रूप में प्रस्तुत होंगे। आयोजन का मुख्य लक्ष्य भारत के मिठाई और नमकीन उद्योग को बढ़ावा देना है क्योंकि यह अन्य खाद्य और पेय उद्योगों के साथ-साथ देश की प्रगति में योगदान देता है। मिठाई और नमकीन का कुल बाजार मूल्य 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक, और समग्र खंड 15-18 प्रतिशत साल दर साल बढ़ रहा है।



महामारी के बाद के दौर में लोग स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा जागरूक हो गए हैं और वे पहले से ज्यादा पैकेज्ड फूड का चुनाव कर रहे हैं। पारंपरिक मिठाई की पैकेजिंग और स्वच्छता को मद्देनजर रखते हुए कंस्यूमर्स की बढ़ती चॉइज पैकेज्ड मिठाइयां और नमकीन को लोकप्रिय बना रही है।

डब्लूएमएनसी इवेंट्स पूरे देश से हल्दीराम, बीकाजी, बीकानेरवाला, बालाजी वेफर्स, येलो डायमंड, कार्निटोस, और कई ऐसे उद्योग के दिग्गजो को आकर्षित कर रहे हैं, और ये खिलाड़ी औसतन 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं। यह उम्मीद की जाती है कि यह उद्योग 2024 तक 20 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करेगा।

मिठाई व नमकीन निर्माताओं के साथ, संबद्ध क्षेत्रों जैसे पैकेजिंग और कच्चे माल की कंपनियों, खाद्य प्रसंस्करण मशीनरी, बेकरी और कन्फेक्शनरी, संघटक आपूर्तिकर्ताओं, डेयरी प्रौद्योगिकी और रसद, आईटी समाधान, स्वचालन, पैकेजिंग मशीनरी और सामग्री जैसे क्षेत्रों से कई नामचीन दिग्गज भी शामिल होंगे।

इसें 200 से अधिक स्टाल होंगे और पूरे भारत और विदेशों से 8 हजार से अधिक आगंतुकों और प्रतिनिधियों के आने की उम्मीद है।

यह कार्यक्रम तीन दिनों के लिए निर्माताओं की उच्च मांग और कार्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता के कारण आयोजित किया जाएगा, ताकि आगंतुकों को प्रदर्शकों से मिलने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

# न्यू सांगानेर रोड की चौड़ाई बढ़ाने के विरोध में उतरे सभी व्यापारी

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर स्थित न्यू सांगानेर रोड को 200 फीट चौड़ा करने के विरोध में मंगलवार को व्यापारियों ने पैदल मार्च निकाला। इस पैदल मार्च का नेतृत्व न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल के संयोजक कमलनयन गुप्ता ने किया। सुबह 9 बजे व्यापारी एकत्र हुए और रीको पुलिया सांगानेर से रवाना होकर दोपहर 1 बजे मेट्रो स्टेशन तक पहुंचे। इस दौरान सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध जताया। स्थानीय व्यापारी जगदीश सैनी ने बताया कि न्यू सांगानेर रोड को अगर 200 फीट चौड़ा किया गया तो सैकड़ों व्यापारियों के प्रतिष्ठान टूटेंगे। हम अपने हक और दुकानों को बचाने के लिए सड़कों पर उतरे है। संयोजक कमल नयन गुप्ता ने कहा कि जेडीए प्रशासन न्यू सांगानेर रोड को चौड़ा करने के विषय पर दुबारा विचार करें। अगर यहां पर बना बीआरटीएस कॉरिडोर हटा दिया जाये तो सड़क पर्याप्त चौड़ी हो जाएगी। फिर सरकार आखिर क्यों इन व्यापारियों को बर्बाद करने पर तुली है। सभा को अध्यक्ष अमित कुमार शर्मा ने भी संबोधित किया।

# चोरी का माल खरीदने वाले सुनार पकड़े

**जयपुर।** चित्रकूट थाना पुलिस की गिरफ्त में आए नकबजन शबाना किन्नर से पूछताछ के बाद चोरी का माल खरीदने वाले तीन सुनारों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कर ली है। डीसीपी (वेस्ट) ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस ने आरोपित नकबजन शबाना किन्नर निवासी हसनपुरा को गिरफ्तार किया था, जिसने पूछताछ में चोरी का माल तीन सुनारों को बेचना बताया था। इस पर दीपांक्षा ज्वैलर्स, हसनपुरा के संचालक खेमराज सैनी निवासी जयसिंहपुरा खोर, मनीरामजी की कोठी जौहरी बाजार में ढलाई की दुकान करने वाले दीपक सोनी निवासी शंकर वाटिका, कानोता और केजीबी का रास्ता जौहरी बाजार स्थित भगवती ज्वैलर्स के संचालक दिनेश जैन को गिरफ्तार किया गया है।

# परिवहन उपनिरीक्षक से अभद्रता-मारपीट

**जयपुर।** बगरू में परिवहन विभाग के उपनिरीक्षक के साथ अभद्रता और हाथापाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार गांव पहराम, किशनगढ़ बास जिला अलवर निवासी महेश चंद यादव परिवहन उपनिरीक्षक के पद पर तैनात है। वह 29 नवंबर की दोपहर अजमेर रोड पर श्री श्याम धर्मकांटे के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक ट्रक का परमिट उल्लंघन होने पर 10 हजार रूपए का चालान काटा गया था। इस पर रामदयाल नाम के व्यक्ति ने चालान काटने की बात से गुस्सा होकर महेश यादव से अभद्रता और हाथापाई की।

## सार-समाचार

### विशाल-प्रतिका ने की दहेज मुक्त शादी



**नव विवाहित जोड़े ने शगुन राशि गरीब बच्चों को वितरित की।**

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में मंगलवार को एक जोड़े का बिना दहेज के सादगीपूर्वक पाणिग्रहण संस्कार हुआ। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार निवासी प्रमोद शर्मा के पुत्र विशाल और जयपुर निवासी नीरज बापलावत की पुत्री प्रतिका का विवाह मंगलवार दोपहर को बिना दहेज के हुई। दोनों पक्षों ने बिना किसी विशेष उपहार और नकदी के विवाह संस्कार संपन्न किया। बिना किसी तड़क-भड़क और लाइटों की चकाचौंध में हुए विवाह संस्कार को लोगों ने खूब सराहा है। शांतिकुंज से आए परमानंद द्विवेदी ने विवाह संस्कार करवाते हुए कहा कि विवाह उन्हीं युवाओं को करना चाहिए जो आर्थिक रूप से सक्षम हो। कन्या पक्ष के दहेज पर निर्भर रहने वाले दूल्हे, कन्या का सही ढंग से भरण-पौषण नहीं कर सकते। इस मौके पर वर-वधु को आशीर्वाद के रूप में मिली राशि में से कुछ राशि जरूरतमंद बच्चों राजू और पूजा को दी गई। 12 वर्षीय अनाथ राजू सीतापुरा पुलिया के पास स्थित कच्ची बस्ती में रहता है। स्वास्थ्य कल्याण कॉलेज में पढऩे वाले डॉ. ओजस्वी भारत और उनके साथी राजू के खाने-पीने का बंदोबस्त करते हैं। राजू पढऩा चाहता है। वहीं नंदपुरी में रहने वाली नौ वर्षीय पूजा के पिता नहीं है। मां छोटा-मोटा काम कर परिवार का पालन कर रही है। किरण शर्मा पूजा की यहां-वहां से मदद करवाती रहती है। इनके अलावा शक्तिपीठ में रहने वाली कोम्या साहू, दृष्टि मरकाम और सांची सोलंकी को भी शगुन की राशि भेंट की। दूल्हे के पिता प्रमोद शर्मा ने बताया कि उपहार में प्राप्त राशि का एक हिस्सा शांतिकुंज हरिद्वार भी दिया जाएगा।

### टी. रविकांत से मिली पूनम छाबड़ा



**जयपुर।** शराबबंदी और सशक्त लोकायुक्त आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूनम अंकुर छाबड़ा ने वित्त सचिव (आबकारी) टी. रविकांत जी से मुलाकात कर प्रदेश की आबकारी समस्याओं से अवगत करवाया। छाबड़ा ने मांग उठाई कि पूर्व विधायक स्व. गुरूशरण छाबड़ा साहब और पिछले दिनों पूनम अंकुर छाबड़ा के साथ हुए समझौतों को तुरंत लागू किया जाये। इस पर टी. रविकांत ने सभी समझौतों को जल्द लागू करने के लिए भरोसा दिया।

### दुष्कर्मी को आजीवन कारावास

**जयपुर,** (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त शेर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नाबालिग के साथ ज्यादती करने वाले अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं रखा जा सकता।

### ज्यादती के अभियुक्त को 20 साल कैद

**जयपुर,** (का.सं.)। महानगर प्रथम की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने सात साल की मासूम के साथ ज्यादती करने वाले अभियुक्त लल्लूराम को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने बस्सी निवासी इस अभियुक्त पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि पीड़िता के साथ किया गया दुष्कर्म न केवल शारीरिक क्षति है, बल्कि भावनात्मक रूप से जीवन भर की ठेस पहुंचाई है।

# मेयर मुनेश ने 88 वर्षीय वृद्धा के घर पहुंचकर सौंपा पट्टा

**जयपुर।** हैरिटेज नगर निगम की महापौर मुनेश गुर्जर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 88 साल की बुजुर्ग महिला के घर पर जाकर पट्टा सौंपा। पट्टा पाकर बुजुर्ग महिला और उसका परिवार गदगद हो गए। उन्होंने महापौर का शुक्रिया अदा करते हुए उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। महापौर ने बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनकी दीर्घायु की कामना की।



प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत मंगलवार को महापौर मुनेश गुर्जर ने हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय से करीब 20 कि.मी. दूर पत्रकार कॉलोनी के नजदीक विधानसभा नगर में 88 वर्षीय रानी शर्मा को उनके शास्त्री नगर स्थित 125 वर्ग गज आवास का पट्टा सौंपा। रानी देवी के बेटे रामकिशन शर्मा ने बताया कि वह 50 साल से शास्त्री नगर के रामनगर गड्ढे वाले पार्क में पास रह रहे हैं। उन्होंने 8 माह पूर्व सिविल लाइन जोन में पट्टे के लिए आवेदन किया था। कई चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें पट्टा नहीं मिला, लेकिन प्रशासन शहरों के संग अभियान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पट्टा देने के नियमों में सरलीकरण की बदौलत उनका पट्टा आसानी से बन गया। आज खुद मेयर ने आकर उनकी माताजी को पट्टा सौंपा। शर्मा बताया कि उनके बेटे हिमांशु पट्टे के लिए काफी अरसे से प्रयास कर रहे थे। आरएसईबी से सेवानिवृत्त रामकिशन शर्मा ने बताया कि उनकी माताजी पिछले 13 साल से पैरालाइसिस की वजह से बिस्तर पर है। महापौर संवेदनशीलता का परिचय देते हुए खुद घर चल कर आई हैं और उनकी माताजी को पट्टा सौंपा है।

# ब्यूटी पेजेंट ‘‘फॉरएवर मिस एन्ड मिसेज इंडिया’’ 17 से होगा

**जयपुर** (कासं)। नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट ‘‘फॉरएवर मिस एन्ड मिसेज इंडिया’’ जयपुर की होटल मैरियट में 17 से 20 दिसंबर तक होगा। मंगलवार को आयोजक राजेश अग्रवाल व पेजेंट की टीम द्वारा इस नेशनल लेवल पेजेंट के ट्रॉफी, क्राउन व सैश का एक्सक्लूसिव लुक रिवील किया गया और पोस्टर जारी किया। उन्होंने बताया कि फोरएवर स्टार इंडिया की ओर से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत के तीन दिन सिटी, स्टेट व नेशनल लेवल की 300 मॉडल्स की क्राउनिंग की जाएगी और आखिरी दिन देश भर से विभिन्न केटेगरी में सेलेक्ट किए गए 250 से ज्यादा अवार्डीज को सम्मानित किया जाएगा। इस पेजेंट में पूरे देश भर से 5 हजार से ज्यादा फाइनलिस्ट ने दावेदारी पेश की थी, जिनकी ट्रेनिंग की गई, 6 महीने ट्रेनिंग के बाद में 250 विनर्स को सेलेक्ट किया गया।



**जयपुर फल एवं सब्जी थोक विक्रेता संघ मुहाना टर्मिनल के अध्यक्ष राहुल तंवर के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कृषि विपणन मंत्री मुरारी लाल मीणा से शासन सचिवालय में शिष्टाचार भेंट की। व्यापारियों ने मंत्री मुरारीलाल को साफा और माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पुष्प मंडी के अध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी, सत्यनारायण सैनी, इमरान क़ुरैशी, विक्की मावर, इरशाद और फ़िरोज़ क़ुरैशी मौजूद थे।**

# हड़ताल तोड़ने को चिकित्सा विभाग ने दी 1054 जूनियर रेजीडेंट्स की अस्थाई सृजन की स्वीकृति

- **प्रदेश में मंगलवार को दूसरे दिन भी रेजीडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल से मरीज परेशान रहे**

**जयपुर,** (कासं)। चिकित्सा विभाग ने प्रदेश में रेजीडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल को खत्म करने और आम मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जूनियर रेजिडेंट के 1054 पदों पर अस्थाई रूप से की सृजन की स्वीकृति जारी कर दी है।

चिकित्सा सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि प्रदेश के सात चिकित्सा महाविद्यालयों में एक हजार 54 जूनियर रेजीडेंट्स के पद पर 1 दिसंबर से 28 फरवरी, 2022 तक अथवा नीट.पीजी काउंसलिंग पूर्ण होने तक या दोनों में से जो पहले हो तक के लिए अस्थाई स्वीकृति जारी की है। इस स्वीकृति के बाद जहां चिकित्सा महाविद्यालयों में जूनियर रेजिडेंट्स की कमी नहीं रहेगी। गालरिया ने बताया कि जयपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 376, जोधपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 133, अजमेर मेडिकल कॉलेज के लिए 116, कोटा के लिए 112, उदयपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 108, बीकानेर मेडिकल कॉलेज के लिए 128 और झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के लिए 81 जूनियर रेजीडेंट्स की अस्थाई स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि स्वीकृति में सृजित पदों की समयावधि की समाप्ति पर स्वत: ही सेवाएं समाप्त मानी जाएगी और भविष्य में अन्य कोई लाभ देय नहीं होगा। उधर मंगलवार को दिनभर रेजीडेंट डॉक्टर्स हड़ताल पर रहे। इस कारण जयपुर के एसएमएस सहित विभिन्न अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान रूटीन ऑपरेशन अभी नहीं हो सके। मरीजों को बाद की डेट देकर घर भेज दिया गया। केवल इमरजेंसी ऑपरेशन ही किए गए। रेजीडेंट की हड़ताल के कारण वरिष्ठ चिकित्सकों पर मरीजों का भार बढ़ गया है। सरकारी अस्पतालों में हड़ताल के कारण कई मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। जार्ड अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि केंद्र सरकार पीजी कॉउंसलिंग को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने बताया कि अभी यह कार्य बहिष्कार अनिश्चितकाल के लिए चलेगा। मरीजों की परेशानी को देखते हुए केंद्र सरकार को नीट पीजी काउंसलिंग का मामला जल्दी निपटाना होगा।

# आर.पी.एस.सी. के नए अध्यक्ष के लिए लाठर का नाम ऊपर

- **आज-कल में हो सकती है नए अध्यक्ष की नियुक्ति**

**जयपुर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह यादव के 2 दिसंबर को रिटायर होने को लेकर सरकार ने नए अध्यक्ष की तलाश शुरू कर दी है। संभवत: एक दो दिन में अध्यक्ष की नियुक्ति की जा सकती है।

सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष के लिए कई आईएएस और आइपीएस अधिकारियों के नाम चल रहे हैं। इनमें डीजीपी एमएल लाठर का नाम सबसे ऊपर है। चल रहा है। आज-कल में कभी भी नए अध्यक्ष की नियुक्ति की जा सकती है। बताया जाता है कि आईपीएस अधिकारियों में डीजीपी एमएल लाठर, बीएल सोनी, डीजी इंटेलिजेंस उमेश मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव के नाम दावेदारों में हैं। साथ ही दो मौजूदा और रिटायर्ड आईएएस के अलावा आारपीएससी मेंबर भी दावेदार हैं। सूत्रों के अनुसार डीजीपी एमएल लाठर को आरपीएससी का अध्यक्ष बनाया जाता है तो उन्हें मौजूदा पद से इस्तीफा देना होगा। डीजीपी पद पर अभी उनका साल भर का कार्यकाल बाकी है। लाठर अगर आरपीएससी अध्यक्ष बनते हैं तो बीएल सोनी डीजीपी बन सकते हैं। वहीं उनके जगह पर सौरभ श्रीवास्तव को एसीबी का डीजी बनाया जा सकता है। लाठर को अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे 10 मई 2023 तक ही पद पर रहेंगे। वह 2023 में 62 साल के हो जाएंगे। आरपीएससी अध्यक्ष अधिकतम 62 वर्ष की उम्र तक रह सकते हैं।



## World AIDS Day

Acquired Immune Deficiency Syndrome, discovered in the 1980s, changed our way, from how we got our vaccinations to the way of choosing sexual practices. While HIV and AIDS are certainly still out in the world today, the horror stories that were told of how it works and how it was transmitted have largely been mitigated. World AIDS Day works to ensure that those who suffer from AIDS can live in a safer, more understanding world and help further research to eliminate this life-altering virus that can turn into a deadly disease.



#GASTRONOMY

# Bringing Family Recipes to the Fore

Started by Himanshu Rathore and his wife Deepti, Pratap Bhawan cuisine is an ode to the culinary prowess of Himanshu's mother, Jaikirti as well as the traditional cooking techniques and age old recipes of their family hailing from Chomu and Nimaj in Rajasthan. Khadh Raan, Khadh Maas, Bhunwa Maas as well as Chicken and Mutton Pickles are some of the specials on their menu.



Deepti and Himanshu Rathore



Khadh Murgh



**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*

There is no denying that the Covid-19 pandemic-induced lockdown led to a steep rise in the number of home kitchens across the country. And Jaipur followed suit with an array of home bakers and home chefs starting their own kitchens and bakery lines. One such home kitchen, Pratap Bhawan Cuisine, took the opportunity to bring to the fore exquisite home-cooked Rajasthani cuisine using traditional recipes that have been passed down from generations yet perfectly suit modern tastes and palate.

Started by Himanshu Rathore and his wife Deepti, the kitchen is an ode to the culinary prowess of Himanshu's mother as well as the traditional cooking techniques and age-old recipes of their family hailing from Chomu and Nimaj in Rajasthan. It is worth noting that Himanshu, who was formerly a naturalist by profession, has been running Pratap Bhawan as a popular homestay in Jaipur for a decade now.



Murgh Achaar and Maas Achaar

Talking about his love for food and fondness for cooking, Himanshu says: "I have always loved eating and my mother, Jaikirti was a great cook. We hosted a lot of house parties and our food was always hugely appreciated by the guests. As a child, I used to watch my mother and my maternal grandfather cook and I was always curious to learn cooking. I learned some recipes from my Nanosa and at the age of 12 I cooked my first dish, Kachri Murgh. However, I mastered most of the cooking from my mother's recipes."

Reminiscing about his youth and his days at the Mayo College boarding school in Ajmer, Himanshu adds: "I was the only one in my entire batch who knew who to cook chicken and mutton in class ten. And as a result, my friends and senior wanted me to cook at all the parties. Then when I went to college we used to have big house parties and I was always the chef." It is safe to say that Himanshu's family, friends and even acquaintances were well aware of his cooking skills even before he started his home kitchen.

Himanshu's friends often suggested that he should open a restaurant but he was never in favour of this idea. "I knew hired cooks will not be able to replicate our family's recipes. But when lockdown happened and I saw that some people are opening home kitchens, the idea immediately struck a chord with me. Along with my wife Deepti, I started a kitchen with mutton and chicken pickles and shaami kebabs on offer", tells the avid cook.

Though the kitchen received a great response, there was a persistent demand for main course dishes like Laal Maas. This eventually paved the way for sumptuous additions to the menu. 'Khadh Maas', which is essentially curry cut mutton marinated in spices, kachri and yoghurt and wrapped in 9 rotis with ladles of ghee and baked to perfection, is one of the specials on the menu. Another delicacy on the menu is the 'Bhunwa Maas' – succulent mutton cooked with brown onions, dry masalas, yoghurt and fresh coriander. For roll lovers, chicken and mutton kebabs wrapped in egg parathas and flavoured with mint chutney and onions make for a delectable treat. The mutton and chicken pickles are also another unique item on the menu. With a shelf life of two months, they are being shipped across the country.

Talking about what makes his cuisine stand out from the crowd, Himanshu says: "The unique part about our cuisine is that all the recipes are our own creations which are either passed down across generations or are crafted by me. Furthermore, I do the entire cooking on my own and the staff only helps me in the process. These two things definitely make our food stand out."

While Pratap Bhawan has already been organizing culinary experiences like cooking classes and home dining for tourists for the past many years, they now also cater for small parties and events. Since the food is made fresh on order, pre-ordering a few hours in advance is mandatory.



Kachhi Haldi Ka Maas

More was to come as the clouds burst and scudding rain lashed the plane in angry gusts of sleet. The staccato din of hailstones striking the fuselage of the aircraft, penetrated the sound-proof vacuum-packed cabin and pounded our nerves like a relentless hammer; and those of us not busy puking, held our heads in sheer agony and mortal fear. The stewardesses abandoning their coiffure calm, rushed about frantically weaving their way through the pukey chaos, in an effort to provide solace and succour, but demand far outstripped supply.







**Rajendra Shekhar**
*Former CBI director & former DG police Rajasthan*

# Plane Truth

As Deputy Inspector General, in CBI, I was overseeing the work of Branches located in the North-Eastern Region. I happened to visit Gauhati in mid-August, just when the monsoons were peaking. During the return evening flight, the weather became very inclement and the passengers were asked to, 'please fasten your seat belts' in a sweet but distinctly urgent voice. Soon thereafter, the plane began behaving in a whimsical manner: suddenly plummeting several hundred feet in a matter of seconds while negotiating air-pockets, and then, as abruptly, soaring up vertically into the skies in an attempt to regain its allotted flight-path.

We, the zapped passengers, became totally disoriented by the plane's see-saw battle with the elements to retain its balance. Consequently, thus, during the plane's downward plunge we would feel a sudden unnerving vacuum in our guts. And even before we got inured to this peculiar sensation, the plane's precipitous climb made us undergo a heady feeling of weightlessness; as if we were space travellers defying the force of gravity.

It was scary. The seat belts could do precious little to quell the violent buffeting. We were like a bunch of amateurs rafting in exceptionally turbulent waters and most of us overcome by an urge to throw up, began to dem and spew bags.

More was to come as the clouds burst and scudding rain lashed the plane in angry gusts of sleet. The staccato din of hailstones striking the fuselage of the aircraft, penetrated the sound-proof vacuum-packed cabin and pounded our nerves like a relentless hammer; and those of us not busy puking, held our heads in sheer agony and mortal fear. The stewardesses abandoning their coiffure calm, rushed about frantically weaving their way through the pukey chaos, in an effort to provide solace and succour, but demand far outstripped supply.





### Rat-tat-tatting

One of those wingless angels who were frantically rushing in and out of the cockpit, came and plonked herself on the vacant seat next to mine; squirmed uneasily and said, 'Ouch!' I had been allotted the window seat in the front row on the right. Apparently, she was much upset to notice my briefcase which I had kept for easy availability on the vacant aisle seat. I nodded apologetically and under her suspicious glare removed the offending item from beneath her, and placed it next to my feet as reaching the baggage rack above was ruled out in the given circumstances. Her immediate concern having been satisfactorily resolved she became chatty.

#THAT'S LIFE

She gave me the uplifting news that the Calcutta airport had been inundated with flash floods and the plane had been diverted to Agartala. She was about to say more when she was recalled to the cockpit. She went in, came out, and resumed her seat, as also her monologue.

"The Cal-Control Tower is unable to get in touch with Agartala as the airport staff there has packed up for the night." I gulped and nodded mutely. She continued, "In any case Agartala airport has no night landing facility."

Panic seemed to have gripped all the players of the cast involved in the operation, including the 'ground staff' manning the Calcutta Control Tower. They should have known about the lack of night-landing facility at Agartala, or at least should have obtained an affirmation from that airport before directing the plane in that direction. I opened my mouth to put in a word edgeways but failed as she was in no mood for interruptions and kept rat-tatting like an ack-ack gun gone awry.

### Harbingers of Good Cheer

"Our plane is hovering over Cal, airport hoping to get a clearance to land. The fuel is fast running out. Phew!" I felt like making it into a dual duet; "Phew"

I was dumbfounded. Hitherto I had the impression that flight attendants, particularly air hostesses, were harbingers of good cheer, or at least they were trained to keep their morbid fears to themselves in alarming situations. She got up to cater to another cockpit call, and returned to occupy her preferred perch. By then evidently, she had concluded that we had become pals enough for her to share some personal concerns with me.

She revealed, almost in a whisper, that the chief pilot had 'guzzled' six glasses of water without let, and that she had developed a splitting headache. By then the rain had relented and for the occupants of the cabin, it was something to cheer about as their chief concern was safe landing. Little did they know that the plane's fuel was, 'fast running out', and neither Cal. nor Agartala airports were responding favourably. Since I was privy to this knowledge, I should have been the one mighty worried but had to put my concerns behind hers, since she had not yet finished with her litany.

Evidently there was a connection between the pilot's water intake and her headache. And, so when I helpfully suggested, 'Aspirin', she shrugged and said, 'I have already taken six.' From that I concluded that, 'six' was the prescribed limit for oral intake for the IA crew. Her ceaseless prattle triggered off an urgent need to unburden myself. So I unfastened my seat belt and got up, but resumed my seat under her severely prohibitive gaze.

She began where she had left, as if there was no interruption. I resigned myself to her unrequited lament, mainly directed at the chief pilot, who, poor chap, had nothing to with the predicament the weather had put the plane, and passengers in. Though her grouse had some justification since he kept calling her to the cockpit to satiate his thirst (and cross the limit of prescribed number of 6 glasses of water intake); and in the process, interrupt her conversational free flow. She resumed, "you see-" This time it was the announcement by the chief pilot that halted her in mid-sentence. But unlike her 6 aspirins, it brought about all round relief.

### Safe Touchdown

Amidst mounting confusion, there was a momentary let up in the torrential downpour and, thanks to an efficient drainage system; the plane was permitted to land at the Calcutta airport. It managed to safely touchdown and taxi smoothly to the terminal. And all the passengers, even those who had puked their guts out, let off an audible sigh of relief. My lady companion for the moment, inhaled deeply a few times, and for no apparent reason said, "I told you so". I was too overwhelmed with relief to dispute her claim.

The pilot and the co-pilot were hugged affectionately and carried aloft in the aisle. Some of the male passengers wistfully eyed the air hostesses, wondering whether they could widen their arc of demonstrative exuberance to include them too. However, the prohibitive, 'keep your distance' look from their objects of longing, restricted their celebratory impulse.

As a parting shot, the prophet of doom, my stewardess friend, whispered an exclusive tid-bit in my ear, "Another minute or two, and the empty fuel tank would have forced the plane to crash land on the outskirts of Cal". She seemed disappointed it didn't. Apparently she was perfect material for a 'fidayeen 'kind of operation.

> The pilot and the co-pilot were hugged affectionately and carried aloft in the aisle. Some of the male passengers wistfully eyed the air hostesses, wondering whether they could widen their arc of demonstrative exuberance to include them too. However, the prohibitive, 'keep your distance' look from their objects of longing, restricted their celebratory impulse.

*TailPiece:*

But for me, ironically enough, she proved to be an angel of mercy.

You see, not even a month had gone before I emerged from under the surgeon's knife, after a 'slipped disc' operation. And it was ill advised on my part to undertake a plane ride. Gauhati Branch, surely, would have got on famously without my inspection, at least for some time more.

Anyway, the horrendously inclement weather thoroughly messed up my venturesome decision. And the feeling of vacuum and weightlessness, one after the other in quick succession, caused due to the involuntary peccadilloes of the plane, thoroughly churned up my innards, causing shooting pain to course through the area operated upon, and I was about to cry out in sheer agony when this wingless angel occupied the vacant seat next to me and began her ceaseless monologue.

Eventually, the weather did relent, but her rant didn't, and I silently thanked her for that. Because, her non-stop prattle had, unintentionally of course, provided me with an analgesic.

writetoarbit@rashtradoot.com



> One of those wingless angels who were frantically rushing in and out of the cockpit, came and plonked herself on the vacant seat next to mine; squirmed uneasily and said, 'Ouch!' I had been allotted the window seat in the front row on the right.



#ART&CULTURE

# Pink City Tales of Blue

> Ram Singh Ji a great patron of art and having discovered the process behind Blue pottery by sheer luck, immediately appointed them in the ceramic department of the School of Art that he had founded.





**Sadhana Garg**
*Journalist & social entrepreneur*

Legend has it that once Ram Singh Ji (1830-1885) flying kites repeatedly had his kite cut short by two men in the street. The champs of the day were summoned by the Maharaja to know the secret of their success. The kite enthusiasts Churaman and Kaluram being potters from Achnera a suburb of Agra told the royal they had coated their kite flying string or "manja "as it is known with glaze used in pottery. Ram Singh Ji a great patron of art and having discovered the process behind Blue pottery by sheer luck, immediately appointed them in the ceramic department of the School of Art that he had founded in Jaipur in 1866 to promote different art forms in the city .

Three generations of Kaluram and Churaman taught ceramics at the School of Art. The two artisans had learnt pottery at the feet of one of the followers of Atique Shah a master craftsman in the court of Bahadur Shas Zafar, the last Mughal.



The Jaipur ruler is said to have sent artisans to Delhi Durbar to further hone their skills. Prior to that it is said Atique Shah, during the reign Bhadur Shah Zafar trained only two Indian artisans in the special technique of making fritware that later developed into the distinctive Jaipur Blue Pottery.

The long British rule had de-industrialised India on the one hand on other the craftsmen faced abject poverty in the face of modernity and technology both of which had westernised the educated middle classes or the nobility that had once patronised the traditional crafts.

Wrote William Morris a committed socialist and an influential voice in Victorian arts and craft movement "destruction of weaker societies by economic imperialism is what commercial war comes to mean"

Post-independence Jaipur's decorative arts were being nurtured at the School of Arts. Ramgopal Vijayvargiya a former student of the school became its Principal in 1960. His contemporary Kripal Singh Shekhawat, a muralist and painter from Shantiniketan took charge of the ceramic department bringing to it his innate refinement.

A parallel Institute to the school was Sawai Ram Singh Shilp Kala Kendra founded by Kamaladevi Chattopadhyay and Maharani Gayatri Dev in 1963 to promote and market Jaipur crafts.

Having relocated from Calcutta with impressions of her mother's self-less service in the company of none other than Mother Teresa, Leela Bordia too wanted to make a difference in the lives of less fortunate. A chance meeting with struggling Blue Pottery artisans convinced her that this was a hand holding opportunity – a beginning magic of which was yet to unfold.

So she asked them to make beads. In due course Leela had more beads than space to store. Some she put on display at the Anokhi shop.

Her first order was from a French designer Paul Comar of a ceramic beads curtain - unheard of to say the least. To add to it six months later he returned with a door knob and insisted that they be made in blue pottery.

With sacks of unsold beads Leela decided to string them and turned them into necklaces. For the longest time ever they hung in the Anokhi shop unsold and unwanted. One day the crew of "Far Pavilions" based on the best-seller of M.M.Kaye's epic novel on the British Raj that was then shooting in the city walked in the shop and bought all the necklaces- within days a backlog of unsold sacksful beads was cleared.

In many ways it was a path breaker as if the invisible Hand had lead Leela to an unchartered territory lighting it with foreign demand. More importantly, it inspired the innovator in Leela to produce house hold items like ashtrays, agarbatti stands, soap dish, lanterns, napkin holders-basically items unheard of!





The purists not happy with what they thought as plebian democratisation of art had no control of mass production that the artisans were engaged in due to Leela's efforts. Blue pottery was steadily glazing up private home and office space. It had moved away from galleries and museums to markets and shops-that every art is destined to if it has to survive in a global village.

If innovation is about breaking the rules then Elizabeth Kerkar an interior designer of Taj Group of hotels commissioned blue pottery panels based on existing Pietra dura designs in the palace for Rambag's coffee shop.

Before long blue pottery tiles were being used with wood and metal to produce furniture and household items.

Chance, one day not only favoured the blue pottery entrepreneur but bought Vicki Oberoi of the Oberoi Group of hotels to her doorstep. Curious to know about the frequent visitors going in and out of the building opposite his office he was informed it is a blue pottery hub. He decided to pay her a visit and liked her work so much that he decided to use the 1,50,000 tiles for Raj Vilas hotel in Jaipur.

Princess Diana on seeing the exquisite blue pottery items on display at City Palace Bazar curated for her and the Prince of Wales on one of their visit to Jaipur picked up a blue pottery elephant but not before she had understood the process in detail by Leela. In 2020 Bill Clinton on his visit to Jaipur picked up a blue pottery frog. Knowing his penchant for frogs it had been specially created for him. The "Clinton frog" as it is since come to be known is a fast moving items with all age groups.

The breath taking "Blue "in the pottery comes from cobalt blue dye used to colour the pottery. The mix of turquoise and cobalt colour palette forms the dominant colour also known as the Persian blue and globally is most in demand. The green from the copper oxide and colours like yellow and green from non-conventional methods.

From a time when the Blue pottery tiles were used only as an architectural accessory to decorate mosques or tombs of Mughals Blue pottery today has earned for itself the Geographical Indication Tag.

Jaipur as a city has had a tradition of viewing the creativity of its karigars as an expression of infinity or even divinity. In the collective consciousness of the city Blue indeed is at the centre. As if in tandem with the sky, the ocean, it's Aradhya Dev - blue Govind Devji or the blue toned Lord Ram from whom the Jaipur House derives its august lineage or the gift of cobalt blue-an influence of Persia.

From near extinction to an exponential growth in terms of artisans employed and variety of products made, pottery has bestowed the "Blue" element to the eternal story of the Pink city.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# आयुक्त ने जूस पिलाकर पार्षद जगदीश मेघवाल का अनशन समाप्त करवाया

## जनसमस्याओं का समाधान नहीं होने व लोकहित की जानकारियां नहीं देने के विरोध में शुरू किया था आमरण अनशन

**चूरू, (कासं)।** चूरू के वार्ड नंबर 31 के पार्षद जगदीश मेघवाल जो कि अपने वार्ड की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जिसमें बिजली, पानी, नाली, सड़क और अन्य लोकहित की जानकारियां नहीं देने के विरोध में आमरण अनशन पर बैठे थे, आज राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने उच्चाधिकारियों से वार्ता की।

इस समस्या के तुरंत समाधान के आश्वासन के बाद पार्षद जगदीश मेघवाल का अनशन नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने जूस पिलाकर समाप्त करवाया। गौरतलब है कि पिछले 1 वर्ष से वार्ड नंबर 31 के पार्षद जगदीश मेघवाल ने नगर परिषद से विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर उसके निस्तारण के लिए प्रयास किए थे एवं नगर परिषद से विभिन्न लोकहित की जानकारियां मांगी थी परंतु नगर परिषद ने ना तो उनके वार्ड में किसी प्रकार के विकास कार्य करवाए और ना ही उन्हें इस प्रकार की जानकारियां उपलब्ध करवाई।

इसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जगदीश मेघवाल आमरण अनशन पर बैठ गए, जिस पर उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर उन्हें इस समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, पूर्व उपसभापति अनवर थीम ने उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के निर्देश पर आयुक्त से मुलाकात कर इस समस्या के समाधान हेतु कहा। आयुक्त ने पार्षद जगदीश मेघवाल को शीघ्र ही यह सारी जानकारी उपलब्ध करवाने एवं उनके वार्ड में विभिन्न जनसमस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन को मानते हुए जगदीश मेघवाल ने अपना अनशन समाप्त कर दिया।



नगर परिषद में आयुक्त अभिलाषा सिंह ने जूस पिलाकर पार्षद जगदीश मेघवाल का अनशन समाप्त करवाया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

■ **उनपेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने उच्च अधिकारियों से वार्ता की**

इस अवसर पर नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, पूर्व उपसभापति अनवर थीम, पार्षद असलम डायर, भागीरथ सैनी, लीलाधर शर्मा, विमल जोशी, राकेश थालौर, घनश्याम अलवरिया, आनंद कुमार, शक्ति केंद्र संयोजक अरुण शर्मा, सुमेर सिंह शेखावत, गिरवर सिंह शेखावत, ओम प्रकाश दर्जी आदि मौजूद थे।

# करमाड़ी में डेढ़ साल पहले गैंगवार में हुई हत्या के चार आरोपी पकड़े



गैंगवार में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** उपखंड के करमाड़ी की दिल्ली वाली खान के विवाद में हुई गैंगवार में करीब डेढ़ साल पहले एक युवक मुकेश गुर्जर निवासी पदमा की ढाणी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने 21 आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

अन्य नामजद आरोपी फरार चल रहे चार आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। सीआई विनोद सांखला ने बताया 15 जून 2020 को सुबेसिंह निवासी पदमा की ढाणी तन कल्याणपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका छोटा भाई मुकेश को मोबाइल पर फोन करके नरेश, विजेंद्र, विनोद ने बुलाया। इसके बाद वह उनके पास चला गया। शाम को खेतड़ी पुलिस का फोन आया कि लीज पर मुकेश की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। उसके बाद एसपी प्रदीप मोहन शर्मा, एएसपी वीरेंद्र मीणा, डीएसपी विजयकुमार के निर्देशन में सीआई विनोद सांखला के नेतृत्व में पुलिस की टीम लगातार आरोपियों की धरपकड़ कर रही थी। इस मामले में 21 आरोपियों को इससे पहले गिरफ्तार किया जा चुका था। सोमवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की हत्याकांड में शामिल खैरोली के युवक कालोटा रिश्तेदारी में आए हुए हैं। तुरंत सीआई विनोद सांखला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर खैरोली के रहने वाले विजेंद्र उर्फ बिन्ज, मुकेश उर्फ चौटाला उर्फ लंगड़ा, योगेश उर्फ टूणी, राजेश उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया।

■ **लीज विवाद में मुकेश गुर्जर की गोली मारकर कर दी थी हत्या, चारों आरोपी पपला गुर्जर के गांव खरौली के रहने वाले हैं**

चारों आरोपी पपला गुर्जर के गांव से होने के कारण व गैंग के सदस्य होने की संभावनाओं को देखते हुए खेतड़ी पुलिस थाने में भी अतिरिक्त पुलिस जाब्ता लगाया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है आरोपियों को गिरफ्तार करने में मुख्य भूमिका दिनेश गुर्जर ने निभाई।

# डीजल जैसे पेट्रोलियम पदार्थ से भरा टैंकर जब्त

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के राजियासर इलाके में सूरतगढ़ थर्मल टी प्वाइंट के पास पुलिस ने लावारिस टैंकर जब्त किया है। इस टैंकर में करीब चार हजार लीटर डीजल जैसा पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ है। यह पेट्रोलियम पदार्थ डीजल है या कोई अन्य पदार्थ इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इसे यहां कौन लेकर आया तथा इस तरह से इसे लवारिस छोड़ने के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

नेशनल हाईवे पर गश्त के दौरान पुलिस को टी पॉइंट के पास एक टैंकर खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने पास पहुंचकर जांच की तो मौके पर कोई नहीं मिला। पुलिस ने टैंकर के बारे में आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन टैंकर के मालिक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। काफी देर तक टैंकर के चालक या मालिक के सामने नहीं आने पर पुलिस टैंकर को राजियासर थाने ले गई। घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। पुलिस ने टैंकर जब्त कर लिया।

डीएसओ राकेश सोनी सोमवार शाम राजियासर थाने पहुंचे। उनके साथ ईओ सुरेश कुमार भी थे। उन्होंने एसएचओ पवन कुमार से जब्त किए टैंकर के बारे में जानकारी ली। डीएसओ ने टैंकर में भरे पेट्रोलियम पदार्थ के सैंपल भरवाए और टैंकर के निकासी द्वार पर नोजल और ढ क्कन को सील करवाया। देर शाम तक टैंकर का कोई भी चालक या मालिक सामने नहीं आया और न ही टैंकर के केबिन में कोई कागजात प्राप्त हुए। डीएसओ सोनी ने बताया कि टैंकर में 4000 लीटर डीजल जैसा पेट्रोलियम पदार्थ हुआ है । इसके सैंपल लेकर लेबोरेटरी में जांच के लिए भिजवा रहे हैं। टैंकर के दस्तावेज और इसमें भरे डीजल जैसे पेट्रोलियम पदार्थ के बिल अभी प्राप्त नहीं हुए हैं।

# रेलवे स्टेशन पर बम ब्लॉस्ट की सूचना से हड़कंप मचा

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं में मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर बम ब्लास्ट की सूचना से हड़कंप मच गया। लेकिन जब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तो पता चला कि यह महज एक मॉकड्रिल थी।

दरअसल मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम जरिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई कि झुंझुनूं रेलवे स्टेशन पर बम ब्लॉस्ट हो गया है। जिस पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा फायर ब्रिगेड एंबुलेंस आदि पहुंचे। एसपी प्रदीप मोहन शर्मा भी पहुंचें। डीएसपी लोकेंद्र दादरवाल ने बताया कि सभी टीमों के पहुंचने का रेस्पोंस टाइम पांच से सात मिनट रहा। जो काफी अच्छी स्थिति को दर्शाता है। आपको बता दें कि काफी सालों बाद झुंझुनूं के रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल हुई है। इससे पहले तत्कालीन कलेक्टर मुग्धा सिन्हा के समय रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल की गई थी। उस वक्त सूचना थी कि रेलवे स्टेशन पर एक बैग में बम रखा है। जिसके बाद मिट्टी के कट्टे, पुराने टायर और बम निरोधक ड्रेस आदि के साथ टीमें पहुंची थी। वैसे अक्सर मॉक ड्रिल गैस प्लांट बाकरा में होती है। जिसे लेकर भी चर्चाएं रहती है कि बाकरा गैस प्लांट में आग का मतलब मॉक ड्रिल ही है।

# बीकानेर के नोखा व चूरु के मालासर में लगेंगे बायोमॉस पॉवर प्लांट

**जयपुर, (कासं)।** राज्य में चूरू के मालासर व बीकानेर के नोखा में एक एक नए बायोमॉस पॉवर प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव एनर्जी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने यह जानकारी आज यहां राज्य उर्जा विकास निगम की वार्षिक साधारण सभा में दी।

इससे पहले अक्टूबर माह में ही जयपुर के फागी व बीकानेर के छतरपुर में एक एक बायोमॉस पॉवर प्रोजेक्ट लगाने की स्वीकृति दी गई है। एसीएस एनर्जी डॉ. अग्रवाल ने बताया कि राज्य में समग्र विद्युत व्यवस्था की नियमित मॉनेटरिंग के लिए प्रतिमाह एनर्जी एफिसिएंसी कमेटी की बैठक में समीक्षा की जाएगी वहीं कोआर्डिनेशन रिव्यू कमेटी को सक्रिय व कारगर बनाया जाएगा। राज्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने और सस्ती दर पर विद्युत की उपलब्धता तय करने के लिए दीर्घकालीन कार्ययोजना को अंतिम रुप दिया जा रहा है। पिछले माह ही आयोजित उर्जा विकास निगम की संचालक मंडल की बैठक में राज्य के चार विण्ड प्लांटों से 2 रुपए 44 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद दर तय की जा चुकी है। राजस्थान उर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक भास्कर ए सावंत ने बताया कि राज्य में बिजली के उत्पादन, उपलब्धता और मांग की लगातार मॉनेटरिग की जा रही है और देशव्यापी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद राज्य में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के प्रयास किए हैं।

■ **समग्र विद्युत व्यवस्था पर नजर रखेगी एनर्जी एफिसिएंसी कमेटी, होगी नियमित बैठक : डॉ. अग्रवाल**

# बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने जिला कलेक्टर को इस्तीफा सौंपा

**करौली, (निं.सं.)।** करौली जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जाटव ने अपने पद से स्वेच्छा से त्यागपत्र देते हुए स्तीफा जिला कलेक्टर को सौंप दिया।

सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण के द्वारा आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार को अपना त्यागपत्र सौंपा एवं इसकी सूचना जिला कलेक्टर करौली को दी गई।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य अनिल शर्मा, फजले अहमद, दिलीप कुमार मीणा एवं फरीदा बानो शाह उनके साथ उपस्थित रहे। किशोर न्याय एवं संप्रेषण गृह स्थित बाल कल्याण समिति कार्यालय में एक सादा विदाई समारोह में बाल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष विनोद कुमार जाटव को साफा माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विनोद कुमार जाटव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा 2 साल का कार्यकाल समिति के सदस्य एवं कर्मचारियों के सहयोग से बहुत ही अच्छा निकला। बाल कल्याण समिति के सदस्य अनिल शर्मा ने कहां की अध्यक्ष विनोद कुमार का कार्यकाल समिति को हमेशा याद रहेगा।

सदस्य फजले अहमद ने कहा कि अध्यक्ष विनोद के कार्यकाल मैं सीडब्ल्यूसी सदस्यों को हमेशा एक साथ बांधकर रखा एवं कंधे से कंधा मिलाकर हर काम में एक दूसरे का हाथ बढ़ाया।

इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य माधव हरदैनिया, सरोज शर्मा, एकटबोध ग्राम के मनोज शर्मा, पुष्पेंद्र लवानिया एवं बाल कल्याण समिति के कर्मचारी प्रवीण सैनी, प्रवीण गुर्जर, ज्योति शर्मा, भंडारी बाबा, वसीम खान आदि लोग उपस्थित थे।

ज्ञात रहे कि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विनोद जाटव ने अपने पद से स्तीफा पंचायत समिति हिण्डौन से चुनाव लड़ने को लेकर दिया है।



करौली जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जाटव ने स्वेच्छा से त्यागपत्र देते हुए इस्तीफा जिला कलेक्टर को सौंपा।

## श्रीगंगानगर से नांदेड़ व बांद्रा जाने वाली ट्रेन में कोच बढ़ाये

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि गाडी संख्या 14701/14702 श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर रेलसेवा में श्रीगंगानगर से एक से 15 दिसम्बर तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 3 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की गई है।

गाडी संख्या 12486/12485 श्रीगंगानगर-नान्देड़-श्रीगंगानगर रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 4 से 28 दिसम्बर तक तथा नान्देड़ से 6 से 30 दिसम्बर तक एक द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई। गाडी संख्या 12440/12439 श्रीगंगानगर-नान्देड़-श्रीगंगानगर रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 3 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक तथा नान्देड़ से 5 दिसम्बर से 2 जनवरी 2022 तक एक द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है।

# अनियंत्रित ट्रेलर के पलटने से चालक की मौत, खलासी घायल

**राजसमंद, (निसं)।** जिले के दिवेर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर छापली घाटे में बीती रात को लौहे के स्क्रब से से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पहाडी से टकरा कर पलट गया, जिसमें चालक की उसके नीचे दबने से दर्दनाक तरीके से मौत हो गई ओर खलासी घायल हो गया।

हादसे के दौरान हाइवे पर जाम लग गया जिसे दिवेर पुलिस ने करीब एक घण्टे की मशक्कत के बाद खुलवाया। पुलिस के अनुसार अहमदाबाद से लौहे का स्क्रब भरकर हिमाचल प्रदेश जा रहे ट्रेलर के सामने छापली घाटे में बीती रात को करीब ढ ाई बजे नील गाय के आ जाने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर पहाडी से टकराकर सड़क पर पलट गया। हादसे में पूरी सड़क पर स्क्रब बिखर गया जिससे हाइवे पर दोनों ओर जाम लग गया। सूचना पर दिवेर थानाधिकारी दिलीप सिंह मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे ओर क्रन की सहायता से ट्रेलर को एक तरफ कर उसके अंदर फंसे चालक के शव को बाहर निकाला एवं सडक से स्क्रब को हटवाया।

दिवेर थानाधिकारी ने बताया कि ट्रेलर के पलटने से ट्रेलर चालक विक्रम उम्र 26 वर्ष पिता जगदीश गुर्जर निवासी बेसुसर थाना बग्गड जिला झुंझुनूं की दबने से दर्दनाक मौत हो गई।

खलासी पवन गुर्जर घायल हो गया जिसके मामूली चोटे आई। पुलिस ने करीब एक घण्टे की मशक्कत के बाद हाइवे पर लगे जाम को बड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया ओर वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई। वही पुलिस ने मृतक चालक के शव को देवगढ सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया ओर परिजनों को सूचना दी ओर घायल खलासी का उपचार करवाया।

## पान के पैसे मांगने पर बदमाशों ने फायरिंग की

**करौली, (निस)।** यहां की प्रमुख पुरानी कलेक्ट्री सर्किल पर स्थित धर्मेंद्र पान वाले की दुकान पर पान और सिगरेट के रुपए मांगने पर बदमाशों ने दुकानदार ब्रह्मानंद पर कट्टे से फायर कर दी ।

इसके बाद बदमाश मोटरसाइकिल से भाग गये। गनीमत यह रही की दुकानदार के गोली बगल से निकलने से दुकानदार बाल-बाल बच गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस, शहर पुलिस चौकी एवं पुलिस उपाधीक्षक मौके पर पहुंचे । जिन्होंने पूरी घटना की दुकानदार से जानकारी ली और जिला कलेक्ट्रेट में स्थित पुलिस प्रशासन के अभय कमांड के सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों के फुटेज देखे । इसके अलावा प्रकाश होटल में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज देखे । बदमाशों के पास अपाचे सफेद कलर की गाड़ी मोटरसाइकिल, दूसरी ब्लैक कलर की मोटरसाइकिल थी। अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार युवक ने कट्टे से फायर किया।

## फायरिंग कर फरार हुए तीन जने गिरफ्तार, हथियार बरामद



फायरिंग कर फरार होने पर पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार किया।

**भरतपुर, (कांस)।** भरतपुर के मथुरा मार्ग पर धौरमुई ऑयल डिपो के सामने रविवार रात को फायरिंग कर फरार हुए तीन युवकों को पुलिस की तीन अलग अलग टीमों ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 देशी कट्टा 315 बोर, 5 जिंदा राउण्ड 315 बोर, 7 खाली केस 315 बोर, एक आल्टो नम्बर डीएल 9 सीएन 2594, एक आर्टिका कार नम्बर आरजे 14 टीई 4628, एक मोटर साईकिल हीरो एचएफ डीलक्स आरजे 05 जीएस 4306, वीवो कम्पनी का 1 मोबाईल फोन बरामद किये गए।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गोपाल उर्फ गोपाली पुत्र अर्जुन सिह जाट निवासी भगवान गढी श्यामगढी पुलिस थाना इगलास जिला अलिगढ उत्तरप्रदेश, हेमराज उर्फ भोला पुत्र बृजेन्द्र सिह जाटव निवासी सहनावली पुलिस थाना उद्योग नगर, भरतपुर तथा कन्हैया उर्फ कान्हा पुत्र बहादुर सिह जाट निवासी चार थोक जघीना पुलिस थाना उद्योग नगर, भरतपुर है।

आरोपी युवकों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम में सहायक उपनिरीक्षक ओमप्रकाश, हरिओम, हेड कांस्टेबल जीतेन्द्र सिंह, कांस्टेबल जगदीश, दलेल सिंह, श्याम सिंह, रवीन्द्र सिंह, सरकारी जीप चालक हिमाचल, दिनेश कुमार, प्रदीप शामिल रहे।

# बंता सिंह हत्याकांड: जमीन में हक व खर्चा नहीं देने से नाराज भतीजों ने भांजे को सुपारी देकर चाचा की हत्या करवाई

## हत्यारा भांजा गुरूप्रीत पूर्व में हुई तालाब गांव फायरिंग में शामिल था

**बून्दी, (निसं)।** सदर थानान्तर्गत दौलाडा ग्राम पंचायत के नानकपुरिया गांव में अपने खेत पर बने मकान के बाहर सो रहे एक किसान पर अज्ञात बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ फायर कर हत्या कर करने की गुत्थी को बून्दी पुलिस ने 48 घण्टे मे ही सुलझाते हुए तीन जनो सुखविन्द्र सिंह उर्फ सोनू पुत्र बलविन्द्र सिंह (27) जाति जटसिख (27) निवासी बरखेडा, गुरुप्रीत उर्फ गोपी उर्फ मंगा पुत्र जरनेल सिंह (26) जाति जटसिख , राजवीर सिंह पुत्र बलवन्त सिंह (21) जाति जट सिंह निवासी नानकपुरिया थाना सदर बून्दी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि रविवार सुबह चार बजे सदर पुलिस को मिली किसान बंटा सिंह (40) वर्ष की हत्या की जानकारी के बाद पुलिस ने डॉग स्क्वायड और एफएसएल की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर धारा 302, 3/25 आर्म्स एक्ट मे अज्ञात जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल के मार्गदर्शन व वृत्ताधिकारी वृत बून्दी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के सुपरविजन में विभिन्न टीमों का गठन कर जल्द से जल्द जघन्य अपराध को खोलने के निर्देश दिये गये थे। इस पर आज बून्दी पुलिस ने हत्या के कारणों को परत दर परत खोलते हुये तीन आरोपियों को गिरफ्तार व एक बाल अपचारी को निरूध करने में सफलता अर्जित है। घटना में आरोपीगण द्वारा प्रयुक्त किये गये हथियार व वाहन के सम्बन्ध में गहन अनुसंधान जारी है।

**मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने टीम का गठन किया:-** पुलिस अधीक्षक ने मौके पर ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल के मार्गदर्शन व वृताधिकारी वृत बून्दी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के सुपरविजन में धर्माराम थानाधिकारी सदर, शौकत खान पु.नि, पुलिस लाईन, लोकेन्द्र पालीवाल थानाधिकारी के.पाटन, दिग्विजय सिंह थानाधिकारी तालेडा, महेन्द्र सिंह थानाधिकारी नमाना, चन्द्रभान सिंह उ.नि. जिला विशेष टीम, साईबर टीम के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन किया।

पूछताछ में फरियादी ने बताया कि हम दो भाई है मेरे पापा बलवन्तसिंह की मृत्यु मेरे जन्म से पहले सन् 2003 में हो गई थी, फिर मेरी मम्मी सिमर कौर मेरे चाचा बंटा सिंह की पत्नी बनकर रहने लगी। मेरे जन्म के 2-3 साल बाद मेरे चाचा बन्तासिंह लूट के मामले में जेल चला गया था। 6 साल बाद जेल से छूटकर आने के बाद चाचा बंटा सिंह ने मेरे भाई राजवीर के बलात्कार के मामले फंसने पर हमारी चाचा ने कोई आर्थिक मदद नहीं की। मेरा भाई मजदूरी करके अपना काम चला रहा था मुझे भी अपना बेटा नहीं मानता था, मुझे भी बार-बार मारने दौडता था। मैं पैसे मांगता था तो मुझे गालियां देता और कहता तू मेरी औलाद नहीं है। इन बातों को लेकर मैं और मेरा भाई राजवीर दोनों परेशान रहने लग गये थे। पूरी जमीन वही जोतकर सारे पैसे अपने पास रखता था।

**आरोपियों ने ऐसे बनाई योजना:-** आरोपियों ने पुलिस पुछताछ में बताया कि आज से 2-3 माह पहले मैं और मेरा भाई राजवीर दोनों मेरी बुआ के लड़के गुरूप्रीत उर्फ गोपी से मिले और कहा कि हमारा चाचा हमें बहुत परेशान करता है। उसको कैसे ना कैसे मारना है, तो गुरूप्रीत ने कहा कि मेरे ऊपर हिण्डोली थाने में फायरिंग का केस चल रहा है मेरे ऊपर कर्जा हो गया है। गोपी ने चाचा की हत्या के लिये पांच लाख रूपये या एक बीघा जमीन, की बात की तो हमने पांच लाख रूपये की हां भर ली तो गुरूप्रीत ने कहा कि तुम्हारे चाचा को मार दूंगा। 27 नवंबर को मैंने व मेरे भाई राजवीर दोनों ने मिलकर मेरे चाचा के 5-6 गोलियां मारी और चले गये। मेरे भाई राजवीर को भी इस बात का पता था।



सदर पुलिस ने चाचा बंटा सिंह की हत्या के आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

■ **प्रकरण के खुलासे में विशेष भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित**

# जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए समाज आगे आए : मुरारीलाल शर्मा

**टोंक, (निसं)।** बाल विवाह को लेकर लोगों की सोच में बदलाव जरूरी है यह एक सामाजिक बुराई है। समाज में बेटी को महत्व देने की जरूरत है।

यह विचार अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरारीलाल शर्मा ने जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग व एक्शन एड. यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में लैंगिग आधारित भेदभाव, हिंसा व बाल विवाह रोकथाम मुद्दों पर कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व बाल विवाह रोकथाम साझा अभियान अंतर्गत आयोजित मीडिया प्रतिनिधि उन्मुखीकरण कार्यशाला में व्यक्त किए।

- **'बाल विवाह को लेकर लोगों की सोच में बदलाव जरूरी है'**

उन्होंने कहा कि समाज में यह बदलाव आना चाहिए कि बाल विवाह को गलत मानते हुए इसे रोकने के लिए लोग आगे आएं। बाल विवाह को लेकर दिए जाने वाले सारे तर्क गलत है और कानून सम्मत भी नहीं है। बाल विवाह का शून्यकरण भी किया जा सकता है। इस सामाजिक बुराई का अंत करने में मीडिया की अहम भूमिका हो सकती है। क्योंकि सामाजिक बदलाव लाने में मीडिया शसक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि अगर सामाजिक सहयोग मिलता है तो बालिकाएं भी आगे आकर बाल विवाह का विरोध करती हैं। बाल विवाह से बचपन खो जाता है। कम उम्र में शादी से कई जटिलताएं है। मीडिया यह बताए कि किस तरीके से यह समाज में बुराई है और ऐसी बेटियों की कहानियों को समाचार पत्रों में प्राथमिकता दें जिन्होंने अलग अलग फील्ड में उत्कृष्ट कार्य करें हैं ताकि उनसे अन्य बेटियां प्रेरित हैं। जब कोई सहयोग नहीं करेगा तो इसमें कमी आएगी। हमें कानूनी परिवर्तन को सामाजिक परिवर्तन बनाने की जरूरत है। टोंक को बाल विवाह वाले जिले की श्रेणी से बाहर लाना है। लोग इस बात को स्वीकार करेंगे कि यह एक अपराध है तभी बाल विवाह रुकेगा। इस अवसर पर उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास डॉ. धर्मवीर ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी दी।

सहायक निदेशक महिला अधिकारिता मेरिंगटन सोनी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी साथ ही सखी वन स्टॉपके बारे में विस्तार से बताया। मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक कर बाल विवाह में कमी लाई जा सकती है। बाल विवाह को रोकने के लिए सबका सहयोग जरूरी है।

यह कार्यक्रम लोगों में मानसिक बदलाव लाने की प्रक्रिया है। जिसमें मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। मीडिया बदलाव के लिए प्रेरित करे तथा बाल विवाह का विरोध करने वाली बालिकाओं को भी प्रोत्साहन दिया जाए। बाल विवाह महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा में से एक है।

एक्शन एड.यूनिसेफ जोनल कोर्डिनेटर जहीर आलम ने पीपीटी के माध्यम से जिले में बाल विवाह के आंकड़े को साझा करते हुए कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है और बच्चों के विकास में बाधक है। लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना जरूरी है। महिलाएं भी इसके विरोध में आगे आ रही हैए लेकिन उनको समाज का सहयोग भी जरूरी है।



**लैंगिग आधारित भेदभाव, हिंसा व बाल विवाह रोकथाम मुद्दों पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरारीलाल शर्मा ने संबोधित किया।**

## बरोनी थाने के बाहर खड़े ट्रक से टायर खोलकर ले गए चोर

**निवाई, (निसं)।** क्षेत्र के बरौनी थाने के बाहर चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने थाने के बाहर खड़े एक ट्रक से टायर व ट्रक के कीमती सामान चुरा लिया।

इससे साबित होता है कि बरोनी थाना क्षेत्र में पुलिस का कितना खौफ है और चोरों के हौसले कितने बुलंद हैं। एक तरफ तो पुलिस आमजन में विश्वास तथा अपराधियों में भय की बात करती है लेकिन दूसरी और अपराधियों के हौसले इसने बुलंद कि थाने के सामने खड़े ट्रक के 2 टायर सहित अन्य सामान चुराकर ले गए। पीडित शिवराज गुर्जर निवासी जौला ने बताया कि 16 अगस्त को अवैध बजरी खनन के मामले में पुलिस ने ट्रक जप्त किया था जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को थाने लाकर सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया था लेकिन महज कुछ महीनों बाद ही चोर टायर खोल कर ले गए वही बरौनी थाने की पुलिस की गश्त व थाने के बाहर खडे रहने वाले सिपाही भी उन्हें रोकने में नाकाम रहे है । पीडित शिवराज ने बताया कि वह 4 दिन से थाने मामला दर्ज करवाने के लिए चक्कर काट रहा है। लेकिन आज तक पुलिस किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कर रही है ।

## सार-समाचार

### 'योजनाओं का सभी को लाभ मिले'



**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत चैनपुरा में प्रशासन गांवों संग अभियान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधायक प्रशांत बैरवा व शिविर प्रभारी नीलम मीणा ने ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करवाने के निर्देश दिए। विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का प्रत्येक व्यक्ति को एक छत के नीचे लाभ रहा है। तहसीलदार प्राजंल कंवर ने बताया कि प्रशासन गांवों संग अभियान के दौरान 101 ग्रामीणों को आवासीय पट्टे वितरित किए। 15 जॉब कार्ड एवं 10 श्रमिक कार्ड बनाए गए। पेंशन पीपीओ, पालनहार योजना, जन्म मृत्यु प्रणाम पत्र, नामातंरण, नाम शुद्धिकरण, आपसी सहमति से बंटवारा तथा जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। शिविर में समस्याओं का निराकरण किया। शिविर में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, शहर अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा, रमेशचंद्र अग्रवाल, प्रदीप पारीक, ब्रह्मप्रकाश गुर्जर एवं सुदामा चौधरी सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का गठन

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ अलवर की जिला कार्यकारिणी का गठन खैरथल में किया गया। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में चल रहे जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन जिला कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुए। जिला नवकार्यकारिणी में संरक्षक लक्ष्मीनारायण यादव, सभाध्यक्ष रणवीर यादव, उपसभाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, ज़िलाध्यक्ष जले सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, अर्जुन सिंह व कुलदीप जोशी, जिला मंत्री अशोक कुमार यादव, महिला मंत्री सुनीता देवी, संगठन मंत्री राजीव कुमार, राजेश कुमार व हरीश चौधरी,कोषाध्यक्ष बलराम यादव, संयुक्त मंत्री अजयपाल चौहान, नित्यानंद, कैलाश सैनी, दीन मोहम्मद, राजेन्द्र खोला, रतिराम मीणा, रोशन लाल व संतलाल, निजी विद्यालय प्रतिनिधि बस्तीराम यादव व महेन्द्र चौधरी, प्रबोधक प्रतिनिधि उषा देवी, संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि अजित यादव चयनित हुए।

### शिविर 73 पट्टे बांटे

**फागी,** उपखंड क्षेत्र की किशोरपुरा पंचायत मुख्यालय पर प्रशासन गांव के संग के तहत एक दिवसीय जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शिविर प्रभारी एवं फागी उपखण्ड अधिकारी राजकुमार कस्वा ने अध्यक्षता की। किशोरपुरा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी राधेश्याम चौधरी ने बताया कि विधायक बाबूलाल नागर, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपडा, पंचायत समिति सदस्य मीरा देवी, एवं किशोरपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच अनीता देवी, तहसीलदार अशोक पारीक, विकास अधिकारी नारायण सिंह व उपखण्ड स्तरीय अधिकारीगण द्वारा आमजनता द्वारा दिए गए परिवादों/ परिवेदनाओं का निस्तारण किया गया। जिसमें आबादी भूमि में पट्टे 73, मृत्यु के कारण निरस्त पेंशन 12, दोहरी पेंशन निरस्त 02, जन्म प्रमाण पत्र 01, विवाह प्रमाण पत्र 03, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी 10 आदि कार्य हुए।

### सूरजपुरा दूसरी बार छावनी में तब्दील

**पावटा।** विराटनगर की ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा का गांव सूरजपुरा दूसरी बार दलित दूल्हों की घोडी पर चढकर निकासी निकालने को लेकर सुरक्षा में छावनी में तब्दील हो गया। वहीं साल भर पहले भी दलित दूल्हे को घोड़ी पर बैठने को लेकर भारी पुलिस जप्ता तैनात किया गया था लेकिन दुबारा दूल्हे व परिवार के साथ कोई वारदात को अंजाम नहीं दे इसलिए परिवार ने शादी शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने हेतु स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की थी। जिसे लेकर पुलिस सुरक्षा में दूल्हे की निकासी निकालने को लेकर पुलिस प्रशासन ने गांव के सभी रास्ते सील कर दिए गए है। बाहरी लोगो का प्रवेश निषेध कर दिया गया है।

### देशी शराब बनाने के उपकरण नष्ट किये

**निवाई।** ग्रामीण क्षेत्र में अवैध देशी शराब बनाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कर 200 लीटर वाश नष्ट की गई। आबकारी थाना निरीक्षक रामसहाय नारेडा ने बताया कि आबकारी थाना टोंक और निवाई की टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध देशी शराब बनाने वाली दर्जनों भट्टियों, उपकरणों सहित देशी शराब बनाने के सारे सामान नष्ट कर दिए। आबकारी थाने की टीम को देखकर अवैध देशी शराब माफिया मौके से फरार हो गए। जिनके विरुद्ध मामला दर्ज तलाश शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि टीम ने अवैध देशी शराब माफियाओं के विरुद्ध रेड गश्त के दौरान क्षेत्र के गांव बिड़ोली, खाल्या की ढाणी, बाढ़, मूंण्डिया सहित अन्य गांवों में तलाशी अभियान चलाया गया।

### बालिकाओं को स्वच्छता का संदेश दिया

**निवाई।**कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बालिकाओं को स्वच्छता व कोरोना महामारी से बचाव के लिए अच्छी आदत अभियान के तहत एक दिवसीय सत्र का आयोजन किया गया । सत्र में बालिकाओं को प्रोजेक्टर पर व्यक्तिगत स्वच्छता, कोरोना से बचाव हेतु हाथ धुलाई, तथा महावारी प्रबंधन आदि पर वीडियोज दिखाकर प्रेरित किया गया । कार्यक्रम के अंतिम सत्र में हाथ धुलाई के सात चरणों के प्रदर्शन के साथ ही मास्क लगाने तथा सामाजिक दूरी के बारे में विस्तार से समझाने के लिए प्रश्नोत्तरी तथा वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## जनविरोधी एनईपी एवं कर्मचारी विरोधी एनपीएस के खिलाफ साझा संघर्ष जरूरी है : बैरवा

**जयपुर, (निसं)।** शिक्षा बचाओ आंदोलन के प्रदेश संयोजक एवं राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा के प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ.रमेश बैरवा ने राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ के अलवर जिला सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए शिक्षकों का पुरजोर आव्हान किया कि जनविरोधी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 एवं कर्मचारी विरोधी राष्ट्रीय पेंशन योजना एनपीएस के खिलाफ एकजुट होकर साझा संघर्ष करना होगा।

एनईपी संविधान सम्मत समतामूलक समावेशी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के राष्ट्रीय लक्ष्य को मजबूत करने के स्थान पर इसे बुरी तरह कमजोर करेगी। शिक्षा का निजीकरण, व्यवसायीकरण, केंद्रीयकरण एवं साम्प्रदायिकरण बढ़ेगा। भारतीय संस्कृति के नाम पर कर्मकांड को बढ़ावा मिलेगा जिससे हम वैज्ञानिक नजरिए के विवेकशील नागरिक तैयार नहीं कर पाएंगे। अप्रैल 2004 से लागू की गई राष्ट्रीय पेंशन योजना शेयर मार्केट से लिंक है जिससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद अब तक मिल रहा सुरक्षित पेंशन का हक खतरे में है। पेंशन बुढ़ापे का सहारा है। सुरक्षित पेंशन ही एक बड़ी वजह है जिसके कारण लोग सरकारी नौकरी के प्रति आकर्षण रखते हैं। यूनेस्को द्वारा हाल ही में जारी नो टीचर,नो क्लास नामक स्टेट ऑफ एजुकेशन फॉर इंडिया रिपोर्ट 2021 एवं राजस्थान सरकार की वेबसाइट शाला दर्पण से संकलित आंकड़ों के आधार पर डॉ.बैरवा ने राजस्थान सहित देश में शिक्षा के हालातों के बारे में विस्तार से बताया।

यूनेस्को की रिपोर्ट इस बार शिक्षकों की भूमिका पर विशेष रुप से केंद्रित है। यह रिपोर्ट बताती है कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के लक्ष्यों में एक प्रमुख लक्ष्य सरकार द्वारा सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करवाना है जिसे प्राप्त करने के लिए शिक्षक समुदाय की भूमिका अहम है। रिपोर्ट बताती है कि शिक्षकों के बिना न तो कोई कक्षा संभव है,न कोई शिक्षा और न कोई भविष्य हो सकता है। शिक्षक ही सही मायने में हमारे बच्चों का भविष्य बनाते हैं और इसी से देश का भविष्य तय होता है। भारत में 15 लाख 51 हजार स्कूल हैं। करीब 95 लाख शिक्षक हैं जिनमें से 50 प्रतिशत महिला शिक्षक हैं। 7 प्रतिशत स्कूलों में सिर्फ एक ही अध्यापक है। करीब 11 लाख पद रिक्त हैं।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती की मौत

**देवली, (निसं)।** शहर के जयपुर रोड स्थित बीसलपुर सर्किट हाउस के पास मंगलवार दोपहर 12 बजे सड़क दुर्घटना में देवली निवासी एक 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई। जबकि मृतका की चचेरी बहन भी हादसे में घायल हुई है।

उक्त घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। हैड कांस्टेबल राजेंद्र शर्मा ने बताया कि मृतका अंजली पुत्री मुकेश तेली निवासी, तेली मोहल्ला देवली रहने वाली है। अंजलि अपनी चचेरी बहन पूजा के साथ जयपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। इस बीच बीसलपुर सर्किट हाउस के घुमाव के पर डिवाइडर से टकराकर अंजलि और पूजा डिवाइडर के ऊपर जा गिरी जिससे युवती अंजलि के सिर पर गंभीर चोट आई और काफी तादाद में खून बह गया खून से लथपथ अंजलि अचेत अवस्था में चली गई जिसे वहां मौजूद लोगों ने स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया एवं परिजनों को सूचना दी। चिकित्सकों हालत गंभीर होने की वजह से चिकित्सकों ने उसे कोटा रेफर कर दिया लेकिन हिंडोली के करीब पहुंचने पर ही हादसे की शिकार युवती अंजलि साहू ने दम तोड़ दिया।

## रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 9 जने घायल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** नांगल-भीम रोड पर वार्ड नंबर 3 आलावाली जोहड़ में मंगलवार सुबह दो पक्षों में रास्ते में टैंकर ले जाने का विवाद इतना बढ गया कि दोनों पक्षों में चाकू व लाठियों के हमले में 9 जने घायल हो गए।

घायलों में पांच जनों की हालत गंभीर होने पर श्रीमाधोपुर सीएचसी के जयपुर रैफर किया गया है। पुलिस ने

- **एक पक्ष के 6 जने व दूसरे पक्ष के 3 घायल, दोनों पक्षों के 5 जने जयपुर रैफर**

बताया कि एक पक्ष के घर में बुधवार को शादी है। शादी से एक दिन पहले मंगलवार को मारपीट व चाकू के हमले में दूल्हा संजय सैनी व दूल्हा का बड़ा भाई घनश्याम सैनी व पिता गोविन्दराम सैनी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को जयपुर रैफर किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के महेंद्र सैनी व मीरा सैनी को जयपुर रैफर किया है। संजय सैनी की बुधवार को शादी है तथा बारात नायन अमरसर जानी थी। शादी के कारण घर में रिश्तेदार भी आए हुए थे। मंगलवार सुबह दोनों पक्षों में मारपीट व चाकूबाजी की घटना में दूल्हा बने संजय व उसके पिता गोविन्दराम व भाई घनश्याम के अलावा संजय का बहनोई मावण्डा निवासी राकेश, दिनेश व महेन्द्र भी हादसे में घायल हो गए। गोविन्दराम ने टैंट लगाने के लिए रास्ते में मिट्टी डलवाई थी। पुलिस के अनुसार मंगलवार को दूसरे पक्ष महेन्द्र सैनी के घर पानी का टैंकर आया था जो कि इस रास्ते में फंस गया। इसी को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हो गया। दूसरे पक्ष का महेन्द्र सैनी घर से चाकू निकालकर पहले पक्ष पर हमला कर दिया। इसके बाद मारपीट व चाकूबाजी में ये 9 जनें घायल हो गए।


**घायलों को श्रीमाधोपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।**

## दो महिलाओं की इज्जत लूटने का प्रयास, मामला दर्ज

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा में एक स्कारपीओ कार में सवार होकर आये करीब आधा दर्जन बदमाशों द्वारा दो महिलाओं से देशी कट्टे की नौंक पर इज्जत लूटने की नाकाम कोशिश का मामला सामने आया है।

पीड़ित महिलाओं के भाई ने थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि विगत 24 नवम्बर को देर शाम करीब 4 बजे उसके छोटे दादा का देहान्त होने के कारण 15 वें दिन का कार्यक्रम होने की वजह से अपनी दो बहनों को अपने घर छोड़ कर पुरा परिवार ढ्राणी बालकान में गये हुए थे। इसी दौरान एक कार में अपने आधा दर्जन साथियों के साथ सवार होकर आये जयप्रकाश, राकेश पुत्रान प्रहलाद गुर्जर निवासी भरगड़ की ढ्राणी तन पेजुका ने उसके घर में घुसकर देशी कट्टा लहराते हुए घर में बैठी उसकी दोनों बहनों के साथ अश्लील हरकते करते हुए उनकी इज्जत लूटने का प्रयास किया। जब विरोध किया तो आरोपीयों ने मारपीट की वहीं जयप्रकाश ने उसकी बहन कि कनपटी पर बन्दूक तान दी। वहीं छोटी बहन को उठा कर गाड़ी में डालने का प्रयास किया। हो हल्ला होने पर गांव के लोग इक्ट्ठा होने लगे तो आरोपी मौके से फरार हो गये। आरोपीयों ने उसके छोटे भाई रविन्द्र को फोन पर धमकी दी है कि यदि घटनाक्रम की रिपोर्ट पुलिस को दी तो तुम्हारे पुरे परिवार को जान से खत्म कर देगें।

## बजरी माफिया गिरफ्तार

**देवली, (निसं)।** हिस्ट्रीशीटर अपराधी व बजरी के वाहनों की रेकी करने के एक आरोपी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी महेंद्र गुर्जर निवासी मालेड़ा है। जिसे लोग महेंद्र मालेड़ा के नाम से भी पुकारते हैं। पुलिस ने बताया कि महेंद्र पर बजरी के वाहनों की रेकी करने का आरोप है। जिसे पुलिस ने मंगलवार को देवली शहर मैं आने पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक बाइक भी बरामद की है। उक्त कार्रवाई एसआई बन्नालाल की ओर से की गई है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में तीन साल की सजा

**टोंक।** पोक्सो कोर्ट टोंक न्यायाधीश नुसरत बानो ने मंगलवार को एक आरोपी को नाबालिग के साथ मारपीट, छेड़छाड़ व बलात्कार के प्रयास करने पर तीन साल की सजा सुनाई है। न्यायालय के विशिष्ट लोक अभियोजक मोहम्मद मियां गुलजार ने बताया कि 8 अक्टूबर 2019 को मोर निवासी 12 साल की बालिका बकरियां चराने गई थी। इस दौरान कूकड़ थाना टोडारायसिंह निवासी आरोपी गणपत सिंह पुत्र किशन सिंह ने बालिका को उसके खेत में चारा एकत्र और वहीं पर बकरियां चराने के लिए बुला लिया। इस दौरान आरोपी गणपत सिंह ने बालिका के साथ बलात्कार का प्रयास किया और मारपीट की। बालिका के चिल्लाने पर आरोपी मौके पर अन्य खेत से किसी के आने की सूचना पर भाग गया। इसका मामला टोडारायसिंह थाने में दर्ज कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह और 15 दस्तावेज पेश किए। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद गणपत सिंह को तीन साल की सजा और 10 हजार के जुर्माने से दंडित किया है।

## देवली ग्राम पंचायत में अवैध शराब माफियाओं के आगे जिम्मेदार मौन

**देवली, (निसं)।** देवली ग्राम पंचायत क्षेत्र में पग-पग पर अवैध शराब का माफिया सक्रिय बना हुआ है। इनके विरुद्ध कार्रवाई करने वाले जिम्मेदार आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन ऐसे हालातों को देखकर भी मूकदर्शक बने हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग टोंक ने देवली पंचायत क्षेत्र में शराब की एक दुकान आवंटित की हुई है। जो शहर के जयपुर चुंगी नाके स्थित संचालित है। तो वहीं अनुज्ञाधारी ने गैर इरादतन तौर पर मोटा मुनाफा कमाने की नीयत से देवली ग्राम पंचायत क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से भी अधिक शराब की अवैध ब्रांच खोल रखी हैं।

तो वहीं जयपुर रोड सिद्धार्थ होटल के सामने शराब गोदाम की आड़ में शराब का एक और ठेका खोल लिया है। देवली गांव अनुज्ञाधारी ने ग्राम पंचायत के क्षेत्र रीको इंडस्ट्रियल एरिया अजमेर रोड पर शराब की दो ब्रांच अवैधानिक तौर पर संचालित की हुई हैं। इसी प्रकार क्षेत्र के प्रताप कॉलोनी में भी अवैध रूप से शराब बिक रही है। वहीं शहर के गणेश रोड चौराहा मेहताब भट्टे के पीछे शराब की अवैध ब्रांच लगी हुई है। वही मोक्ष धाम के पास शराब की अवैध ब्रांच संचालित है।


**देवली ग्राम पंचायत क्षेत्र में गणेश रोड स्थित अवैध शराब की ब्रांच।**

इसी प्रकार देवली गांव व ठगरिया कॉलोनी सहित कुल मिलाकर लगभग एक दर्जन शराब की अवैध ब्रांचें खुली हुई रहकर कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखा रही हैं। ऐसा नहीं कि आबकारी विभाग के अधिकारियों को या स्थानीय पुलिस अधिकारी को इन हालातों की जानकारी नहीं है। मजे वाली बात तो यह है कि पुलिस और आबकारी विभाग को यहां बने ऐसे हालातों से पूरी जानकारी होने के बावजूद शराब माफियाओं के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ लोगों ने बताया कि कई मर्तबा पुलिस एवं आबकारी विभाग को ऐसे हालातों की

- **एक दर्जन से भी अधिक शराब की अवैध ब्रांच खोल रखी हैं**
- **वहीं शराब गोदाम की आड़ में भी ठेका खोल लिया है**

जानकारी दी जा चुकी है। परंतु किसी ने भी अनुज्ञाधारी के उक्त अवैधानिक ब्रांचों के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा और हालात ज्यों के त्यों बने हुए हैं। ऐसे में कुछ ग्रामीणों ने मीडिया को यहां बने ऐसे हालातों की जानकारी दी इस पर मीडिया ने ऐसे हालातों देखा जहां पाया कि इन दिनों देवली ग्राम पंचायत क्षेत्र अवैध शराब बिक्री का हॉट स्पॉट केंद्र बना हुआ है।

यहां यह भी देखा गया है कि देवली गांव अनुज्ञाधारी ने ग्रामीण पंचायत क्षेत्र में जगह-जगह अवैध शराब की ब्रांच खोली हुई हैं। तो वहीं ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त करते हुए यह भी जानकारी में बताया कि क्षेत्र में कई अवैध शराब की ब्रांचओं पर खुली शराब (हथकढ़) बेची जा रही है। आखिरकार पुलिस और आबकारी विभाग ने देवली गांव अनज्ञाधारी कि उक्त अवैधानिक नीति के आगे घुटने किसलिए टेके हुए हैं। क्षेत्र की जनता की विडंबना यह है कि आखिरकार वह इन अवैधानिक गतिविधियों से राहत पाने के लिए किस विभाग को सूचित करें ताकि उन्हें इन अवैधानिक गतिविधियों से राहत मिल सके।

मजे वाली बात तो यह भी देखी गई है कि जिन क्षेत्रों में शराब की अवैध ब्रांच खुली हुई है वहां पर स्थानीय पुलिस थाने की दिन रात गस्त होती है। पुलिस की गश्त के बीच शराब माफिया बेखौफ रहकर कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहे हैं । तो वहीं स्थानीय आबकारी थाना इंचार्ज पीओ पृथ्वीराज सिंह मीणा को कई बार उक्त अवैध शराब ब्रांच के खुले होने की सूचना दी गई परंतु सूचना मिलने के बावजूद पीओ मीणा ने शायद ही अब तक इनके विरूद्ध कोई कार्रवाई की पारदर्शिता दिखाई हो। ग्रामीणों ने यह भी बताया क्षेत्र में सुबह 6 बजे ही शराब की अवैध दुकानें खोल दी जाती हैं जो देर रात खुली रहती है। यह भी दिखाई दिया कि शराब माफिया अंडे, सिगरेट, बीडी, परचून, सामान की दुकान की आड में अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं।

## पट्टे एवं प्रमाणपत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर आई मुस्कान

**लालसोट/रामगढ़/पचवारा, (निसं)।** लालसोट की इंदावा व रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कालुवास ग्राम पंचायत में प्रशासन गांव के संग अभियान शिविरों का आयोजन हुआ।

इंदावा ग्राम पंचायत में 40 एवं कालुवास ग्राम पंचायत में 51 पात्र लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित किए। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं उनकी टीम ने उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनी तथा प्राप्त परिवादों का यथासंभव मौके पर ही समाधान किया।

लालसोट पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत में प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा द्वारा एवं रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत में प्रधान डॉ कौशल्या मीणा द्वारा आवासीय पट्टे सहित विभिन्न प्रमाण पत्रों का वितरण लाभार्थियों को किया गया। यहां सहमति से खाते के विभाजन का कार्य करने के बाद दस्तावेज भी सौंपा गया। शिविर में पट्टा वितरण, रिकार्ड में नाम शुद्धि, मृदा कार्ड, जॉब कार्ड जारी करने के साथ ही रोडवेज के स्मार्ट कार्ड बनाए गए। इसी प्रकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की टीम ने सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजना के तहत वृद्धावस्था, विधवा पैंशन के प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया। इसी प्रकार पालनहार योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर स्वीकृति आदेश जारी किए गए। शिविरों में चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा लोगों की बीपी एवं शुगर की जांच की गई। अन्य बीमारियों के लिए मरीजों को निशुल्क दवा उपलब्ध करवाई गई। शिविरों में महिलाओं की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन, सीएम एकल नारी सम्मान पेंशन की स्वीकृति जारी की गई। बैंक खाते में मिस मैच होने के कारण सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित रह रहे लाभार्थियों के खाते का संशोधन किया गया। शिविर के दौरान लालसोट एसडीएम सरिता मल्होत्रा, खंड विकास अधिकारी दिवाकर मीणा, रामगढ़ पचवारा, एसडीएम मिथिलेश मीणा, खंड विकास अधिकारी प्रियंका मीणा, तहसीलदार मदन लाल मीणा, सुधारानी मीणा, नायब तहसीलदार हुकम चंद मीना, प्रगति प्रसार अधिकारी विमल चंद जैमन सहायक विकास अधिकारी शंभू लाल मीणा, कमलेश मीणा, पटवार संघ जिला अध्यक्ष सीताराम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी विजेंद्र जैन, सरपंच किशन लाल संपत्ति देवी आदि जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।


**कालूवास ग्राम पंचायत में पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देती प्रधान कौशल्या मीणा।**

## संक्षिप्त

### परिणिता सहायक अभियंता बनी



**चाकसू** (निस) चाकसू नगरपालिका के चेयरमैन रहे लल्लू लाल कुमावत की सुपुत्री परिणिता कुमावत का आरपीएससी की ओर से आयोजित सहायक अभियंता 2018 की भर्ती परीक्षा का परिणाम में चयन हो गया है। चाकसू निवासी परिणिता कुमावत ने ओबीसी वर्ग में 212 वीं रैंक हासिल करते हुए सफलता प्राप्त की है। परिणिता का जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) में सहायक अभियंता के पद पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर चाकसू के लोगों ने बालिका को बधाई दी है वहीं पूर्व चैयरमेन लल्लू लाल कुमावत को शुभकामनाएं दी हैं।

### जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट

**मालपुरा,** (निस) डिग्गी थाना क्षेत्र के गरजेडा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में आठ जने घायल हो गये जिनका डिग्गी सीएचसी में मेडिकल करवाया गया। दोनो पक्षों की ओर से एक दर्जन नामजद पुलिस प्राथमिकी दर्ज करवाई गई। थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि गरजेडा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए झगड़े में रणजीत व रतन सिंह दोनों पक्षों की ओर से एक दर्जन व्यक्तियों के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

### बहड़ में वार्ड पंच का पद रिक्त घोषित

**निवाई,**(निसं)। निवाई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बहड में वार्डपंच का पद रिक्त घोषित किया हैं। जिला परिषद की सीईओ सौम्या झा ने जारी आदेश में बताया कि पंचायतीराज अधिनियम 1994 कि धारा 39 (2) के तहत प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद, टोंक की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.सौम्या झा ने पंचायत समिति निवाई की ग्राम पंचायत बहड की वार्ड संख्या 9 की वार्डपंच स्वरूपी देवी जाट की मृत्यु होने के कारण वार्ड पंच पद को रिक्त घोषित किया है।

# दो करोड़ चौसठ लाख रुपये की बकाया विद्युत राशि की वसूली में जुटा निगम

- निगम दस्ते ने 95 कनेक्शन काट चार विद्युत ट्रांसफार्मर उतारे

**मालपुरा,** (निसं)। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मालपुरा सब डिवीजन में मुफ्त की बिजली का लाभ ले रहे उपभोक्ताओं से वसुली को लेकर निगम ने कड़ा रूख अपनाते हुए बकाया राशि वसुली अभियान शुरू किया।

मालपुरा निगम अधिकारी एईएन कदम वशिष्ठ ने बताया कि वर्ष 2021 में मालपुरा सब डिवीजन क्षेत्र में 2 करोड 64 लाख रूपयों की बकाया बिल राशि वसुली को लेकर टीमें गठित की गई हैं। बकाया राशि में सरकारी कार्यालय भी पीछे नहीं है। आम उपभोक्ता की अपेक्षा सरकारी कार्यालयों में निगम की लाखों रूपयों की बकाया वसुली को लेकर कई मरतबा संबंधित कार्यालय अधिक्षक को नोटिस भी जारी किये गये। सहायक अभियन्ता ने बताया कि अभियान के दौरान 30 नवम्बर तक एक हजार रूपये से अधिक बकाया राशि को लेकर टीमों ने वसुली अभियान के अर्न्तगत 23 लाख रूपये की राशि वसुल की है तथा इंदोली, हिण्डोला, अम्बापुरा, चांदसेन, रिण्डलिया, मोरला, देवल, राजपुरा तथा मालपुरा शहर में 95 डिफाल्टर उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गये जिनके द्वारा 7 लाख 94 हजार रूपयों की राशि जमा नही करवाने पर ये कार्यवाही की गई।



अम्बापुरा गांव में विद्युत निगम दस्ते ने विद्युत ट्रांसफार्मर उतारे।

इसके अतिरिक्त कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं पर बकाया बिल राशि सामने आने पर घाटी रोड, धानोता, अम्बापुरा व सिंधोलिया में 4 ट्रांसफार्मर उतार कनेक्शन काटे गये। वहीं इंदोली स्थित एक लघु उद्योग का भी बकाया बिल जमा नहीं होने पर विद्युत ट्रांसफार्मर उतारा गया। अभियन्ता ने बताया कि सरकारी कार्यालयों में बकाया सूची में नगर पालिका कार्यालय के 6 लाख 24 हजार, सरकारी अस्पताल मालपुरा व टोरडी के 4 लाख 58 हजार, पंचायत समिति परिसर में संचालित एसीपी ब्लॉक प्रोग्रामर कार्यालय के 65 हजार, वनपाल कार्यालय मालपुरा के 49 हजार व पंचायत समिति के अधिनस्थ संचालित जनता जल योजना व एकल बिन्दु योजना के 84 हजार की राशि बकाया होने पर इन्हे प्रथम सूचना के तोर पर नोटिस जारी किया गया है। निश्चित समयावधी में बिल राशि जमा नही करवाने पर कनेक्शन काटने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## कोटपूतली में जाम से निजात मिलने की उम्मीद जगी

- पालिका फुटपाथ विक्रेताओं की उचित व्यवस्था करेगी
- ईओ फतेह मीणा की अध्यक्षता में टाऊन वेडिंग कमेटी का गठन किया

**कोटपूतली।** कस्बे के विभिन्न मार्गों पर हो रहे स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण के साथ-साथ बेतरतीब तरीके से अपना कार्य करने वाले फुटपाथ विक्रेताओं के कारण जाम व आवागमन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इन्हीं फुटपाथ विक्रेताओं समेत थडी, ठेली व रेहडी चालकों की समस्या का समाधान करने के लिए नगर पालिका इन्हें नियोजित कर उचित व्यवस्था करेगी। इसके लिए उपयुक्त स्थानों का सर्वे किए जाने हेतु वेडिंग, नॉन वेडिंग क्षेत्रों का चिन्हितीकरण करने के लिए पालिका ईओ फतेह सिंह मीणा की अध्यक्षता में टाऊन वेडिंग कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में कोटपूतली थानाधिकारी, पालिका उपाध्यक्ष अशोक शरण बंसल, पार्षद राजेन्द्र मीणा, एईएन, जेईएन, कनिष्ठ लिपिक बाबूलाल धोबी, स्ट्रीट वेंडर हरिराम पुत्र उमराव सैनी, बाला देवी पत्नी रामस्वरूप गुवारिया, हरिराम पुत्र शिवकरण सैनी समेत मार्केट ट्रेड एशोसिएशन के नवल किशोर को प्रतिनिधि बनाया गया है। जिनकी बैठक का आयोजन आगामी 2 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे पालिका भवन में होगा। जिसमें पालिका क्षेत्र में वेडिंग व नॉन वेडिंग जोन बनाया जाकर उनका चिन्हितीकरण किए जाने बाबत निर्णय लिया जायेगा। साथ ही फुटपाथ विक्रेताओं का पालिका द्वारा पंजीकरण कर उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध करवाते हुए क्रमबद्ध तरीके से नियोजित किया जायेगा। पालिका द्वार जनहित में उठाये गए इस कदम से कोटपूतली शहर में आये दिन लगने वाले जाम से निजात मिलने की उम्मीद है।

## उर्मिला राजोरिया ने प्रशासन गांव के संग अभियान का निरीक्षण किया

**कोटपूतली।** प्रशासन गांव के संग अभियान 2021 ग्राम पंचायत सागंटेडा में महिला बाल विकास विभाग की निदेशक उर्मिला राजोरिया द्वारा विभागीय कार्यो का औचक निरीक्षण किया गया।

राजोरिया द्वारा शिविर में दो लाभार्थियों की गोद भराई, एक बच्चे को अन्नप्राशन करवाया एवं बच्ची का केक काट कर जन्मदिन मनाया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र सांगटेडा पर विकसित पोषण वाटिका में राजोरिया द्वारा इस माह में जन्म लेने वाली 11 बालिकाओं के नाम पर विभिन्न फलदार पौधे लगाए गए साथ ही उपखंड अधिकारी टी. शुभ मंगलम के साथ मिलकर अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में सीएसआर के माध्यम से आंगनबाडी केंद्रों को नंद घर बनाकर गोद लेने की बात कही। इस मौके पर तहसीलदार सूर्यकांत शर्मा ,महिला अधिकारिता से विभाग की किरण देवी ,संतोष यादव ,मनोज शर्मा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राष्ट्रीय पोषण मिशन ,लालाराम यादव व पवन कुमार यादव सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



महिला बाल विकास विभाग की निदेशक उर्मिला राजोरिया ने शिविर में दो लाभार्थियों की गोद भराई की।

## सार-समाचार

### आयुर्वेद औषधालय खुलवाने की मांग



**रामगढ़ पचवारा,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कालुवास के ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयुर्वेद औषधालय खोलने की मांग को लेकर एक ज्ञापन पत्र तहसीलदार सुधारानी मीणा को सौंपा गया। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा शिविर के दौरान ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयुर्वेद औषधालय की कमी को बताते हुए वहां पर जल्द ही आयुर्वेद औषधालय खोलने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने अवगत कराते हुए बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालय कालुवास पर आयुर्वेद औषधालय नहीं होने के कारण उनको करीब 10 से 12 किलोमीटर की यात्रा कर रामगढ़ पचवारा पहुंचकर आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ उठाना पड़ता है। वहीं दूरी ज्यादा होने के कारण आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ लेने वाले मरीज को ज्यादा यात्रा करने के चलते समय एवं धन खर्च कर आर्थिक बोझ से भी गुजरना पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा पर्याप्त मिले इसके लिए आयुर्वेद औषधालय का खुलना जरूरी है.. ज्ञापन देने के दौरान सरपंच किशन लाल, पंचायत समिति सदस्य सीमा मीणा, उपसरपंच सुरजा मीणा आदि मौजूद रहे।

### कैरियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन

**पावटा।** उपखंड स्थित एसएचएम कॉलेज में मंगलवार को कैरियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन नवचयनित आरएएस डॉ. करण सिंह एवं लक्ष्मी यादव के मुख्य आतिथ्य एवं रामसिंह गुरुजी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान करण सिंह ने कहा कि समय प्रबन्धन, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण ओर टेक्नोलॉजी के सदुपयोग से आगे बढे। वही लक्ष्मी यादव ने कहा कि महिलाओं को समाज में बहुत कुछ सहन करना पडता है पुरुष प्रधान समाज में अनेकों कठिनाइयां आती है पर रानीलक्ष्मी बाई की तरह आगे बढे । कॉलेज निदेशक जीएल यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सहशिक्षा महाविद्यालय चलाना तलवार की नोक पर चलने के बराबर है। प्रबन्धक महिपाल यादव ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। वही प्राचार्या डॉ. कनकलता त्यागी ने आगंतुक अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में व्ययाता रामचंद्र यादव, कपिल यादव, भागीरथ जाट, राजवीर गुर्जर, बाबूलाल यादव आदि उपस्थित रहे ।

### मारपीट व लज्जा भंग करने का आरोप

**कोटपूतली।** स्थानीय थाने में कस्बे के बड़ाबास मौहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने व लज्जा भंग करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार सुन्दरलाल पुत्र भौंरेलाल गुर्जर ने रिपोर्ट में बताया है की विगत 19 नवम्बर को वह अपनी रिश्तेदारी में शादी में गया हुआ था। इस दौरान उसकी पत्नी नरेश देवी व उसकी मां कमला देवी घर पर अकेली थी। रात्री करीब 8:30 बजे उसका पड़ोसी लालराम पुत्र जयमल, भंवरी देवी पत्नी सांवतराम व विमला देवी पत्नी लालाराम गुर्जर एकराय होकर हाथों में लाठी लेकर जबरन घर में घुस गये। आरोप है की लालाराम ने उसकी पत्नी के साथ लाठी से मारपीट करते हुए लज्जा भंग करने की नियत से उसके कपड़े फाड़ दिये। वहीं उसकी मां के साथ भी तीनों ने मिलकर बुरी तरह मारपीट की इस दौरान आरोपी उसकी पत्नी की सोने की एक तोला की चैन तोड़ ले गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग

**मालपुरा,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन का समापन मंगलवार को हुआ। जयपुर रोड कोमल पेराडाईज में हुए समापन समारोह में संगठन के प्रदेश आईटीसेल प्रभारी सीपी कुर्मी के समक्ष शिक्षकों ने मांग रखते हुए अवगत करवाया कि सरकारी शिक्षकों को गैर शैक्षणीक कार्यों से मुक्त किया जावे, शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखा जावे तथा शाला दर्पण पर बच्चों की प्रतिदिन की उपस्थिति दर्ज करने की बाध्यता समाप्त की जावे सहित कुल 8 मांगों से अवगत करवाया। समारोह में हनुमान सिंह, छीतर लाल शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, रामस्वरूप कनोजिया, अरविन्द टांक, कैलाश विजय, तहसील अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा, मंत्री प्रविण वर्मा, आदि ने शिक्षकों की समस्याए रखी। संचालन हेमराज विजय ने किया।

### कार्यशाला में समाज व देश के विकास की जानकारी दी

**चाकसू** (निस) चाकसू में बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में संचालित राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शैक्षिणक सत्र 2021-22 के लिए आमुखीकरण कार्यशाला के माध्यम से चयनित स्वयं सेवकों को एन एस एस के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. उर्मिला मीणा एवं सह संयोजक गोकुल चंद मीणा ने महाविद्यालय के चयनित 54 स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की मूलभूत अवधारणा, उद्देश्य एवं लक्ष्य की जानकारी से अवगत कराया। वर्ष भर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चलने वाली विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं सामाजिक सरोकार की सेवाओं के बारे में बताया गया।

## भाजपा की सांभर वाइस चेयरमैन को खांचा भूमि का पट्टा नहीं देने की मांग

- खांचा भूमि को व्यवसायिक भूखण्ड बता नीलाम करने की मांग, ईओ को शिकायत पेश की

**सांभरझील,** (निसं)। नगरपालिका के वाईस चेयरमैन नवलकिशोर सोनी की ओर से न्यू मार्केट स्थित खुद के आवासीय व व्यवसायिक स्थल के अटैच सरकारी जमीन (खांचा भूमि) का नियमानुसार नगरपालिका सांभर से पट्टा प्राप्त करने के लिये पेश की गयी आवेदन फाइल पर आब्जेक्शन करते हुये भारतीय जनता पार्टी के भूतपूर्व अध्यक्ष वर्धमान काला, निवर्तमान चेयरमैन विनोद कुमार सांभरिया की मौजूदगी में नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी व भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को ईओ शिवराज कृष्णा को लिखित में इस आशय की शिकायत पेश की है।

खांचा भूमि को व्यवासिक भूखण्ड बताकर इसे नीलाम करने की मांग की है तथा बताया कि बोली लगाकर बेचने से नगरपालिका को लाखों रूपये का फायदा होगा, इसलिये खांचा भूमि के लिये लगायी विज्ञिप्त को खारिज किया जाये। इन सभी ने इस बात पर भी एतराज जताया है कि नगरपालिका मण्डल की विभिन्न समितियों के गठन की उनको कोई जानकारी नहीं है व नियमों का उल्लंघन करते हुये समितियों के अधिकार हस्तान्तरित किये गये हैं, हांलाकि उनकी ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि समितियों के कौन-कौन से अधिकार वाईस चेयरमेन को हस्तांतरित किये गये हैं। नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी के नेतृत्व पेश की गयी इस आपत्ति को पूरी तरह से राजनीतिक तौर पर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि खांचा भूमि को उन्हीं को दिये जाने का प्रावधान रहा है जिसके पड़ौस में यह स्थित होती है।

इस मामले में वाईस चेयरमैन नवलकिशोर सोनी से बात करने पर कहा कि शिकायत करना भाजपा की रग रग में शामिल है, जिसने मुखिया बनकर शिकायत की है उन्होंने तो खुद ने गैर कानूनी तरीके से निर्माण करवाये है, अतिक्रमण के मामले को देखने के लिये चेयरमैन बालकिशन जांगिड की ओर से जो अधिकार दिये गये है उससे इन लोगों में खौफ पैदा हो गया है। मैने पट्टा प्राप्त करने के लिये आवेदन किया हुआ है, नियम में है तो मिल जायेगा नहीं तो कैंसिल हो जायेगा। नगर कांग्रेस के पदिाधकारी सीपी व्यास ने बताया कि मैंने अखबार में विज्ञिप्त पढ़ी थी, इसलिये व्यवसायिक आधार पर चेयरमैन व ईओ को कार्यवाही करने के लिये मैंने सुझाव जरूर दिया है। व्यक्तिगत मेरी ओर से कोई शिकायत नहीं की गयी है। ईओ शिवराज कृष्णा से बात करने पर कहा कि उनकी ओर से विधिक परीक्षण कराने के उपरान्त ही आगामी कार्यवाही की जायेगी। आपत्ति पेश करने वालों में जिला कार्यकारिणी के सदस्य त्रिलोक सैनी, पार्षद गौत्तम सिंघानिया, पार्षद पति सत्यनारायण, रामअवतार सैनी, किशनलाल, विजय व्यास, चन्द्रप्रकाश सैनी, राजेश पारीक भी शामिल रहे।

## मंत्री यादव ने श्याम बाबा की मूर्ति का अनावरण किया

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित ढाणी हनुमान जी की कोठी में मंगलवार को जलदाय विभाग से सेवानिवृत्ति पर वरिष्ठ अधिकारी रामजीलाल यादव द्वारा अपने पिता स्व. बंशीधर यादव की पुण्य स्मृति में लगाई गई श्री श्याम बाबा की मूर्ति का गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने बतौतर मुख्य अतिथि फिता काट कर अनावरण किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गृह राज्यमंत्री यादव ने कहा कि समाज में रहने वाले सभी जाति, वर्गों में आपसी प्रेम, भाईचारा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो वर्षो के कार्यकाल में कोटपूतली के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, पूर्व पंसस सरोज देवी, पंसस चम्पा देवी मीणा, सरपंच पूरणमल खटीक, उपसरपंच दिलीप सिंह, युवा नेता विक्रम सिंह लीडर, पूर्व उपप्रधान रामकिशोर सैनी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पचाला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगवान भरोसे

- चिकित्सा प्रभारी ड्यूटी से रहते हैं नदारद

**उनियारा / चौरू,** (निसं)। चिकित्सा विभाग, उपखंड प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों की घोर लापरवाही, अनदेखी तथा उदासीनता के चलते हुए पचाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगवान भरोसे बना हुआ है।

इस केन्द्र की भी चिकित्सा प्रभारी ड्यूटी से नदारद रहती हैं। जिसके चलते हुए मरीज उपचार के लिए दर दर भटकने को मजबूर बने हुए हैं। एक ओर राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। वहीं क्षेत्रीय विधायक भी क्षेत्र में अधिक से अधिक चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने तथा लोगों को समय पर चिकित्सा सेवा मिले इसके लिए काफी प्रयास कर रहे हैं। लेकिन पचाला स्वास्थ्य केंद्र पर देखने को मिल रहा है कि यहां पर कार्यरत चिकित्सा प्रभारी एवं कंपाउंडर अधिकांश समय नदारद रहते हैं । इससे स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को उपचार के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ओपीडी पर भी चिकित्सा प्रभारी के निर्धारित समय पर नहीं रहने से कार्य भी ठप पड़ा हुआ है। वही स्वास्थ्य केंद्र पर कई बार देखने में आया है कि कार्यरत कंपाउंडर चिकित्सा प्रभारी के नदारद रहने से कंपाउंडर पचाला बस स्टैंड सहित आसपास के कई गांवों में अपने निजी क्लिनिक चला कर मरीजों का महंगे दामों पर उपचार करने में लगे हुए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पचाला पर चिकित्सा व्यवस्था की समस्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य ममता मीणा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कलेक्टर, देवली उनियारा विधायक,चिकित्सा मंत्री को पत्र लिखते हुए समस्या से अवगत कराते हुए जारी समस्या समाधान की मांग की है। ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिले तथा मजबूरन दर दर नहीं भटकना पड़े।

# 2 साल से पेंशन के लिए भटक रही महिला को एसडीएम ने शिविर में लाभ दिलाया

- अतिरिक्त कलेक्टर ने घासोली में चल रहे शिविर का किया अवलोकन, लाभार्थियों को वितरित किए आवासीय पट्टे

**किशनगढ बास,** (निसं)। सरकार की ओर से चल रहे प्रशासन गांव के संग शिविर का आयोजन मंगलवार को किशनगढ बास क्षेत्र की ग्राम पंचायत घासोली पर किया गया। शिविर प्रभारी एसडीएम ओम प्रकाश साहरण की उपस्थिति में लगे कैंप में अवलोकन के लिए पहुंचे अतिरिक्त कलेक्टर खजान सिंह व प्रधान बद्री प्रसाद सुमन ने लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित किए और पीएम आवासीय योजना से लाभान्वित किया।

एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि कैंप में अतिरिक्त कलेक्टर खजान सिंह वह प्रधान बद्री प्रसाद सुमन ने लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित किए और पीएम आवासीय योजना से लाभान्वित किया।

शिविर में गांव की संतोष सीताराम ने एसडीएम के पास पहुंचकर बताया साहब 2 साल से परेशान हूं कोई पेंशन बनाकर नहीं दे रहा एसडीएम ने महिला की बात सुनकर तुरंत समाज कल्याण विभाग और पंचायत सचिव को बुलाया और मौके पर पेंशन बनाने के निर्देश दिए। पेंशन स्वीकृत होने पर महिला ने सरकार का और अधिकारी का आभार व्यक्त किया। शिविर में सहकारिता विभाग ने 16 व्यक्तियों को 3 लाख 65 हजार रुपए ऋण मंजूर किया राजस्व विभाग ने 480 मामलों का निस्तारण किया पशुपालन विभाग ने 420 पशुओं का टीकाकरण कर उपचार किया परिवहन विभाग ने 36 लोगों को फ्री पास बना कर दिए समाज कल्याण विभाग में 16 को पालनहार योजना व 24 व्यक्तियों को पेंशन बनाकर लाभान्वित किया। इसके अलावा मेडिकल विभाग की टीम ने 154 लोगों का उपचार किया व वैक्सीन टीकाकरण किया। दूसरी ओर नगर पालिका की ओर से प्रशासन शहरों के संग शिविर के दौरान अतिक्रमण की शिकायत पर अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों को भेजकर अलवर रोड पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया और अति कर्मी से 1000 जुर्माना वसूल कर भविष्य में अतिक्रमण नहीं किए जाने के हिदायत दी। अधिशासी अधिकारी महेश गुर्जर ने बताया कि वार्ड 21, 22, 23 के लिए लगाए गए शिविर में 407 मामले दर्ज किए गए जिसमें 382 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया।



किशनगढ बास के गांव घासोली में प्रशासन गांव के संग शिविर में महिला को पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट प्रदान करते एसडीएम ओमप्रकाश सहारण।

## विद्युत तारों के टकराने से निकली चिंगारी से लगी थी फर्नीचर शोरूम व गोदाम में आग

- विधायक इंद्राज गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर फायर बिर्गेड (दमकल) प्रशासन सूचना दी

**पावटा,** (निसं)। उपखंड के पुराने रोड पर सोमवार की शाम करीब 7.15 बजे अफरातफरी मच गई, जब यहां स्थित सुमंगलम फर्नीचर व शोरूम व जगदीशम इलेक्ट्रॉनिक के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उसे बुझाने में दमकल की आठ गाडियों को बुलाना पडा।

फर्नीचर के शोरूम व गोदाम होने के कारण आग इतनी भीषण थी कि इससे करोडों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने तुरंत मौके पर पहुंचकर फायर बिर्गेड (दमकल) प्रशासन पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह, तहसीलदार मुकेश अग्रवाल एवं पुलिस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली सुमित गुप्ता, वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपुतली ईश्वर सिंह, प्रागपुरा थाना प्रभारी हवा सिंह, सरुंड थाना प्रभारी दिलीप सिंह को बुलाकर आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की लेकिन शोरूम में फर्नीचर होने के कारण काबू में नहीं आ पाई वहीं आग को ज्यादा फैलता देख बहरोड, कोटपुतली, शाहपुरा से फायर विभाग की गाडियों को मौके पर बुला लिया गया। करीब 8 दमकल व पानी के टैंकरों की सहायता से 5 घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

11 हजार केवी की लाइन में हवा के कारण तारों के आपस में टकराने से चिंगारी निकलकर सुमंगलम फर्निचर शोरूम में गिरने से आग लग गई। इसकी जानकारी आसपास के लोगों के साथ गोदाम व शोरूम मालिक को उस वक्त हुई, जब आग की लपटें गोदाम से बाहर निकलने लगी। गोदाम व शोरूम मालिक का कहना है कि आग से करोडो का सामान जल गया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि उपखंड पावटा बनने के बाद भी दमकल नहीं होने से अग्निकांड के समय पावटा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के कई गांवों की आबादी को परेशानी भुगतनी पड रही है। दमकल की व्यवस्था नहीं होने से आगजनी होने पर ग्रामीण स्वयं के स्तर पर ही आग पर काबू पाते है। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो जाता है। उ

वहीं इस मामले में प्रागपुरा थाने में शोरूम मालिकों द्वारा मामला भी दर्ज करवाया गया है। इस मौके पर पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, सामाजिक कार्यकर्ता व पावटा मैक्स संजीवनी हॉस्पिटल निदेशक डॉ. सुरेंद्र यादव, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, मनोज अग्रवाल, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान, जाट महासभा के अध्यक्ष महेश लबोरा, विनोद यादव सहित ग्रामीणो ने आग को बुझाने मे सहयोग किया व इस घटना पर संवेदना व्यक्त की ।

# खेल जगत



# धोनी, रोहित, विराट रिटेन, नीलामी में उतरेंगे हार्दिक पांड्या और ईशान किशन

मुंबई, 30 नवम्बर। गत चैंपियन महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल और ग्लेन मैक्सवेल कुछ बड़े नामों में शुमार हैं जिन्हें मौजूदा फ्रेंचाइज़ी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के लिए बरक़रार रखने का फैसला किया है ज़बकि हार्दिक पांड्या और इशान किशन इस बार नीलामी में शामिल होंगे।

समझा जाता है कि अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद ख़ान ने सनराइज़र्स हैदराबाद के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है जिसमें उन्हें रिटेन किया जा रहा था। सनराइज़र्स हैदराबाद ने अब केन विलियम्सन के साथ साथ जम्मू-कश्मीर के युवा खिलाड़ी उमरान मलिक और अब्दुल समद को भी रिटेन कर लिया है। इसका मतलब साफ़ है कि विलियम्सन अब सनराइजर्स के स्थायी कप्तान हो सकते हैं।

मुंबई इंडियंस ने कीरोन पोलार्ड और सूर्यकुमार यादव को रिटेन कर लिया है, इससे पहले जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा को भी एमआई ने बरक़रार रखा था। इसका मतलब ये हुआ कि हार्दिक पांड्या और इशान किशन इस बार नीलामी में शामिल हो सकते हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी तीन खिलाड़ियों को रिटेन करने का फैसला किया है, विराट कोहली और ग्लेन मैक्सवेल को तो पहले ही बेंगलुरु ने अपने साथ बरकरार रखा था। अब तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद सिराज भी आरसीबी के साथ ही रहेंगे।

राजस्थान रॉयल्स ने संजू सैमसन को अपने साथ रखने की घोषणा की थी और अब जोस बटलर, जोफ्रा आर्चर और यशस्वी जायसवाल भी राजस्थान के साथ ही रहेंगे।

पंजाब किंग्स ने अपने कप्तान लोकेश राहुल को खो दिया है लेकिन मयंक अग्रवाल और अर्शदीप सिंह को रिटेन करने का फैसला किया है। हालांकि अब तक सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी का फ़ाइनल छक्का लगाकर तमिलनाडु को चैंपियन बनाने वाले शाहरुख खान के बारे में कोई ख़बर नहीं मिली है।

रिटेन किये गए खिलाड़ियों की सूची और टीमों के पास बचा पर्स इस प्रकार है :

**चेन्नई सुपर किंग्सः** रवींद्र जडेजा, महेंद्र सिंह धोनी, ऋतुराज गायकवाड़, मोइन अली

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती, वेंकटेश अय्यर

**सनराइज़र्स हैदराबादः** केन विलियम्सन, उमरान मलिक, अब्दुल समद

**मुंबई इंडियंसः** रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और कीरोन पोलार्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज

**दिल्ली कैपिटल्सः** ऋषभ पंत, पृथ्वी शॉ, अक्षर पटेल, एनरिक नोर्त्जे

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन, जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल

**पंजाब किंग्स :** मयंक अठावाल, अर्शदीप सिंह

**शेष पर्सः**

**सीएसकेः** सभी चार खिलाड़ी रिटेन, नीलामी के लिए 48 करोड़ रुपये शेष

**केकेआरः** सभी चार खिलाड़ी रिटेन, नीलामी के लिए 48 करोड़ रुपये शेष

**डीसीः** सभी चार खिलाड़ी रिटेन, नीलामी के लिए 48 करोड़ रुपये शेष

**एसआरएचः** तीन खिलाड़ी रिटेन, नीलामी के लिए 57 करोड़ शेष

**एमआईः** सभी चार खिलाड़ी रिटेन, नीलामी के लिए 48 करोड़ रुपये शेष

**आरसीबीः** तीन खिलाड़ी रिटेन, नीलामी के लिए 57 करोड़ रुपये शेष

**आरआरः** तीन खिलाड़ी रिटेन, नीलामी के लिए 57 करोड़ रुपये शेष

**पीबीकेएसः** दो खिलाड़ी रिटेन, नीलामी के लिए 66 करोड़ रुपये शेष

नई फ्रेंचाइज़ी के पास 1 दिसंबर से 25 दिसंबर तक तीन खिलाड़ियों (दो भारतीय और एक विदेशी) को साइन करने का समय है, जिन खिलाड़ियों को मौजूदा आठ मौजूदा फ्रेंचाइज़ी के द्वारा रिटेन नहीं किया गया है। उन्हें नई फ्रेंचाइज़ी अपने टीम में शामिल कर सकती है।

आईपीएल की आठ मौजूदा टीमें अधिकतम चार खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेंगी। दो अलग-अलग संयोजन के साथ टीमें रिटेंशन के लिए अपलाई कर सकती हैं : तीन भारतीय और एक विदेशी, या दो भारतीय और दो विदेशी। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि भारतीय खिलाड़ी कैप्ड हैं या अनकैप्ड।

नीलामी में राइट-टू-मैच कार्ड नहीं होंगे। प्रत्येक खिलाड़ी के पास यह फ़ैसला लेने का हक होगा कि वह उस फ्रेंचाइजी के साथ रहना चाहता है या नहीं...

हाल ही में आईपीएल ने नीलामी पर्स को बढ़ाकर 90 करोड़ रुपये कर दिया था, साथ ही विभिन्न रिटेंशन स्लैब भी सेट किए गए थे। मौजूदा फ्रेंचाइज़ी अधिकतम चार खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है जबकि दो नई अनाम फ्रेंचाइज़ी- जो लखनऊ और अहमदाबाद के रूप में है- वह मूल आठ टीमों के रिटेन करने के बाद प्लेयर पूल से तीन-तीन खिलाड़ी ख़रीद सकती हैं।


150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

राजस्थान सरकार

## कार्यालय नगर परिषद, दौसा (राजस्थान)

Phone No. 01427-220054, E-mail: dausa.jaipur@yahoo.com

क्रमांक-न.प.दौ/नियमन शाखा/2021-2022/805 दिनांक-30.11.2021

प्रारूप-13

नियम 13(2)

(प्राधिकृत अधिकारी) दौसा

लोक सूचना

अद्योहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि नगरीय क्षेत्र दौसा के राजस्व ग्राम गणेशपुरा स्थिति भूमि या उनके भाग जिनका विवरण नीचे दिया गया है। 17 जून, 1999 के पश्चात् की कालावधि से गैर-कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए निम्नांकित भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क की उप-धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है-

| क्र.सं. | तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दौसा | दौसाखुर्द | 841 | 0.11 |
| 2 | दौसा | दौसाकलां | 1238 | 1.05 |
| 3 | दौसा | दौसाकलां | 1239 | 0.72 |

अतः उक्त भूमि हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बताये कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सकें।

यह सूना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2021 वर्ष के 11 (मास) के 30 दिन को जारी की जाती है।

दिनांक- 30.11.2021 प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त

स्थान-दौसा नगर परिषद, दौसा

## कार्यालय जिला स्वच्छता मिशन, जिला परिषद दौसा

*स्वछ भारत मिशन (ग्रामीण)*

क्रमांक- एफ/जिपदौ/(E-Proc /एसबीएम.ग्रा./2021-22/3349 दिनांक-29.11.21

ई-निविदा आमंत्रण सूचना-1

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के Phase-II अन्तर्गत पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त मार्गदर्शन पर निदेशालय के पत्रांक 2809-2815 दिनांक 22.07.2021 के अनुसार योजना में जिले एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यरत ब्लॉक समन्वयक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्मिको के पदों की स्वीकृति उपरान्त जिले में रिक्त पदों पर कार्यकारी एजेंसी के माध्यम से उक्त पदों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता विस्तृत दिशा-निर्देश www.eproc.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। भरी हुई ई-निविदा 15.12.21 को 2.00 pm तक Online www.eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है।

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में निम्न कार्य है -**

1. योजनान्तर्गत दौसा जिले में वर्तमान में कार्यरत व नवसृजित पंचायत समितियों में रिक्त पदों पर 6 ब्लॉक समन्वयक निदेशालय के पत्रांक 2809-2815 दिनांक 22.07.2021 के अनुसार निर्धारित मानदेय (राशि रूपये 25000/- प्रति माह एक मुश्त ब्लॉक समन्वयक)
2. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत दौसा जिले में वर्तमान में कार्यरत व नवसृजित 11 पंचायत समितियों में एवं जिला स्तर 2 क्म्प्यूटर ऑपरेटर निदेशालय के पत्रांक 2809-2815 दिनांक 22.07.2021 के अनुसार (राशि रूपये 7800/- प्रति माह प्रति क्म्प्यूटर ऑपरेटर)

**NIB CODE- ZDA2122A217**

**UBN CODE - ZDA 2122SLOB00950, UBN CODE - ZDA 2122SLOB00951**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
एवं सदस्य सचिव डीएसएम
जिला परिषद दौसा

## कार्यालय नगर पालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)

क्रमांक- न.पा.मा./2021-22/6211 दिनांक- 30.11.2021

सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा पट्टा चाहने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र.सं. | नाम | विवरण | साईज | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति सुनिता शेखावत पत्नि गोपाललाल एवं गोपाल लाल पुत्र श्योनारायण निवासी मालपुरा जिला टोंक | लीज डीड | 200 वर्गगज | जनता कॉलोनी बस स्टेण्ड मालपुरा |
| 2 | दुर्गा देवी पत्नि राधेश्याम लखेरा निवासी मालपुरा | लीजडीड | 33.33 वर्गगज | संजय मार्केट मालपुरा |
| 3 | श्रीमति रतनी देवी पत्नि रामदेव शर्मा निवासी नवीन मण्डी मालपुरा | लीजडीड | 104.22 वर्गगज | पोस्ट ऑफिस के पास नवीन मण्डी मालपुरा |
| 4 | रमेश चन्द पुत्र राधेश्याम निवासी मालपुरा | लीजडीड | 33.33 वर्गगज | संजय मार्केट मालपुरा |
| 5 | श्रीमति शीला देवी पत्नि आसनदास सिंधी निवासी मालपुरा | लीजडीड | 50 वर्गगज | बस स्टेण्ड, मालपुरा |
| 6 | चन्दनमल पुत्र टंवरमल उर्फ कंवरीलाल निवासी मालपुरा | नामान्तकरण | 55.55 वर्गगज | कॉपडी मार्केट, मालपुरा |
| 7 | गोपाल लाल सैनी पुत्र नारायण माली निवासी मालपुरा | स्टेटग्रान्ट | 58.66 वर्गगज | चारभुजा मंदिर के पास वार्ड नं. 23 मालपुरा |
| 8 | शान्ति देवी पत्नि लादुलाल शर्मा निवासी पुरानी तहसील मालपुरा | स्टेटग्रान्ट | - | पुरानी तहसील वार्ड नं. 23 मालपुरा |
| 9 | महावीर पारीक पुत्र दुर्गालाल पारीक निवासी श्रीराम कॉलोनी मालपुरा | कृषि भूमि पट्टा | भूखण्ड संख्या 48 कुल 125 वर्गगज | आराजी खसरा नम्बर 979/1235 रकबा 3.00 बीघा वाके ग्राम बृजलाल नगर श्रीराम कॉलोनी, मालपुरा |
| 10 | दुर्गालाल पारीक पुत्र मोनलाल पारीक निवासी मालपुरा | कृषि भूमि पट्टा | भूखण्ड संख्या 47 कुल 125 वर्गगज | आराजी खसरा नम्बर 979/1235 रकबा 3.00 बीघा वाके ग्राम बृजलाल नगर श्रीराम कॉलोनी, मालपुरा |
| 11 | जिनेन्द जैन पुत्र ओमप्रकाश जैन निवासी श्रीमालों का मोहल्ला,मालपुरा | कृषि भूमि पट्टा | भूखण्ड संख्या 18ए साईज कुल 200 वर्गगज | आराजी खसरा नम्बर 2942/2 रकबा 2.10 बीघा वाके कस्बा आवासीय कॉलोनी, मालपुरा |
| 12 | नेमीचन्द,कमल कुमार जैन, मुकेश कुमार जैन पुत्र भंवरलाल जैन जाति महाजन निवासी मालपुरा जिला टोंक | कृषि भूमि पट्टा | भू.सं. 31 साईज | आराजी खसरा नम्बर 1109/476 जो कि वाके ग्राम बृजलाल नगर में आवासीय बसन्त कॉलोनी मालपुरा |
| 13 | श्री रामगोपाल शर्मा पुत्र बच्छराज निवासी लक्ष्मीनाथ जी के मंदिर के पास छीपों की ढाल, मालपुरा | 69क के तहत | 275 वर्गगज | लक्ष्मीनाथ जी के मंदिर के पास छीपो की ढाल मालपुरा |

अतः उक्त में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या उज्र हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में निम्न हस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजर जाने मियाद किसी का कोई उज्र या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहें।

(नवरतन शर्मा)
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, मालपुरा


# संतोष ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम घोषित

जयपुर, 30 नवंबर। सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता संतोष ट्रॉफी के मैचों की मेजबानी राजस्थान ने जोरोशोरो से शुरू कर दी है। संतोष ट्रॉफी का 75वां संस्करण के पश्चिमी जोन के मुक़ाबले की मेजबानी राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन (आरएफए) द्वारा की जा रही है। जिसके मुकाबले पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में 1 से 5 दिसम्बर के मध्य मैच खेले जाएंगे। इसी सम्बन्ध में मंगलवार को राजस्थान टीम की जर्सी और टीम की घोषणा की गई।

टीम के 22 खिलाड़ियों की घोषणा की। जिनमें कप्तान के तौर पर मनिंदर सिंह, उप कप्तान के तौर पर चंद्रपाल सिंह के साथ दशरथ सिंह, युवराज सिंह, गजराज सिंह, अंकित शर्मा, अजय सैनी, करमजीत गुर्जर, त्रिलोक लोहार, इमरान खान, अमित गोदारा, सुधीर बेनीवाल, अल्ताफ हुसैन, असरत कुरेशी, हिमांशु राव, लक्ष्य गरसा, सरफराज सिसोदिया, साहिल खान, ट्विंकल सिंह, मनोज जाट, अनिल कुमावत और गौतम बिस्सा का चयन किया गया। जर्सी और टीम के घोषणा के दौरान राजस्थान टीम के कोच तरुण रॉय, असिस्टेंट कोच सतीश जांगिड़, टीम मैनेजर सुनील राव और फ़िज़ियो डॉ विशाल सक्सेना मौजूद रहे। इस दौरान राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि संतोष ट्रॉफी के पश्चिमी ज़ोन के मुक़ाबले तीन टीमों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के बीच खेले जाएंगे। जिसमें तीनों मैच डेढ़ घंटे के होंगे, 1 दिसम्बर को उद्घाटन मुक़ाबला राजस्थान और मध्य प्रदेश की टीमों के बीच होगा। 3 दिसम्बर को मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच मुक़ाबला होगा और अंतिम मैच 5 दिसम्बर को राजस्थान और महाराष्ट्र के बीच खेला जाएगा।

# दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय ने दी गारंटी, टीम इंडिया को ओमिक्रॉन वैरिएंट से कोई खतरा नहीं

जोहानिसबर्ग 30 नवम्बर। दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम अगले महीने यहां सीरीज खेलने पहुंचेगी तो उसके लिए कंप्लीट जैव सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) तैयार किया जाएगा। मंत्रालय ने साथ ही कोविड-19 का नया वैरिएंट मिलने के बावजूद ए टीम के दौरे से नहीं हटने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तारीफ भी की। भारत ए मंगलवार से ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरा अनऑफिशियल टेस्ट खेलेगा। नयाओमिक्रॉनवैरिएंट मिलने के कारण वैश्विक चिंताओं के बावजूद भारतीय बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका में सीरीज जारी रखने का फैसला किया है।

भारतीय सीनियर टीम भी 17 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका में तीन टेस्ट खेलेगी, जिसके बाद इतने की वनडे इंटरनेशनल सीरीज और चार टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले भी होंगे। विराट कोहली और उनकी टीम नौ दिसंबर को यहां पहुंचेगी, लेकिन देश में कोविड का ओमिक्रॉन वैरिएंट मिलने के बाद दौरे को लेकर कुछ चिंताएं हैं।

इस नए वैरिएंट के सामने आने के बाद कई देशों ने यात्रा पाबंदियां लगाई हैं। अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग (डर्का) जो देश का विदेश मंत्रालय है, ने कहा, भारतीय टीम के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण अफ्रीका सभी जरूरी एहतियाती कदम उठाएगा। दक्षिण अफ्रीका और भारत ए टीम के अलावा दोनों नेशनल टीम के लिए पूर्ण रूप से जैव सुरक्षित माहौल तैयार किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, भारत ए टीम के दौरे को जारी रखकर एकजुटता दिखाने का भारत का फैसला कई देशों के विपरीत है, जिन्होंने अपनी सीमाओं को बंद करने और दक्षिण अफ्रीका से यात्रा को सीमित करने का फैसला किया है।


## खोया पाया

जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना रामनगरिया विस्तार के भू.सं.-बी-293 का ऑरिजन नाम हस्तारण पत्र खो गया है सूचित करें- Ranjit Singh 9414015348

मेरी दसवीं (Roll No.-5280002), बारहवीं (Roll No.-5759569) की मार्कशीट एवं बारहवीं का माइग्रेशन सर्टिफिकेट, स्थानांतरण सर्टिफिकेट प्रताप नगर में कही खो गया है मिलने पर सूचित करें आयुष कुमार पुत्र अजय कुमार कुशवाह 6350525589

## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

CAD सर्किल के पास कोटा

फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइट : urban.rajasthan.gov.in/uitkota

एफ 11/नीलामी/2021/5835 दिनांक 29.11.2021

ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

नगर विकास न्यास द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से राजीव गांधी नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना पार्ट-II में भूखंड संख्या-सी-07 कार्नर को नीलाम किया जा रहा है। यह भूखंड झालावाड़ रोड एन.एच. 12, डकनिया स्टेशन के समीप एवं शैक्षणिक संस्थाओं (कोचिंग) के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 13.01.2022 प्रातः 11.00 बजे से शुरु होगा दिनांक 18.01.2022 को दोपहर 2.00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वतः बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्ते एवं अन्य जानकारी urban.rajasthan.gov.in/uitkota एवं udhonline.rajasthan.gov.in/ कार्यालय समय में न्यास में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें। उक्त योजना का रेरा नं. RAJ/P/2021/1558 है।

ई-ऑक्शन के माध्यम से राजीव गांधी नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना पार्ट-II में भूखंड संख्या-सी-07 कार्नर का क्षेत्रफल (840 वर्गमीटर)

प्रारम्भिक नीलामी दर-72000/-प्रति वर्गमीटर
आरक्षित दर-12300/-प्रति वर्गमीटर
धरोहर राशि-1210000/-




सचिव

## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

CAD सर्किल के पास कोटा

फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइट : urban.rajasthan.gov.in/uitkota

एफ 11/नीलामी/2021/5833 दिनांक 29.11.2021

ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

नगर विकास न्यास द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से राजीव गांधी नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना पार्ट-II में भूखंड संख्या-सी-04 को नीलाम किया जा रहा है। यह भूखंड झालावाड़ रोड एन.एच. 12, डकनिया स्टेशन के समीप एवं शैक्षणिक संस्थाओं (कोचिंग) के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 20.12.2021 प्रातः 11.00 बजे से शुरु होगा दिनांक 22.12.2021 को दोपहर 2.00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वतः बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्ते एवं अन्य जानकारी urban.rajasthan.gov.in/uitkota एवं udhonline.rajasthan.gov.in/ कार्यालय समय में न्यास में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें। उक्त योजना का रेरा नं. RAJ/P/2021/1558 है।

ई-ऑक्शन के माध्यम से राजीव गांधी नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना पार्ट-II में भूखंड संख्या-सी-04 कार्नर का क्षेत्रफल (1092 वर्गमीटर)

प्रारम्भिक नीलामी दर-65500/-प्रति वर्गमीटर
आरक्षित दर-12300/-प्रति वर्गमीटर
धरोहर राशि-1430600/-




सचिव

## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

CAD सर्किल के पास कोटा

फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइट : urban.rajasthan.gov.in/uitkota

एफ 11/नीलामी/2021/5834 दिनांक 29.11.2021

ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

नगर विकास न्यास द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से राजीव गांधी नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना पार्ट-II में भूखंड संख्या-सी-06 को नीलाम किया जा रहा है। यह भूखंड झालावाड़ रोड एन.एच. 12, डकनिया स्टेशन के समीप एवं शैक्षणिक संस्थाओं (कोचिंग) के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 31.12.2021 प्रातः 11.00 बजे से शुरु होगा दिनांक 03.01.2022 को दोपहर 2.00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वतः बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्ते एवं अन्य जानकारी urban.rajasthan.gov.in/uitkota एवं udhonline.rajasthan.gov.in/ कार्यालय समय में न्यास में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें। उक्त योजना का रेरा नं. RAJ/P/2021/1558 है।

ई-ऑक्शन के माध्यम से राजीव गांधी नगर स्पेशल व्यावसायिक योजना पार्ट-II में भूखंड संख्या-सी-06 कार्नर का क्षेत्रफल (840 वर्गमीटर)

प्रारम्भिक नीलामी दर-65500/-प्रति वर्गमीटर
आरक्षित दर-12300/-प्रति वर्गमीटर
धरोहर राशि-1100400/-




सचिव

## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

CAD सर्किल के पास कोटा

फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइट : urban.rajasthan.gov.in/uitkota

एफ 11/नीलामी/2021/5811 दिनांक 29.11.2021

ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

नगर विकास न्यास द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से राजीव गांधी नगर स्पेशल योजना में स्कूल हेतु भूखंड को नीलाम किया जा रहा है। भूखंड के सामने 30 मीटर व 18 मीटर चौड़ी सड़क के जंक्शन पर स्थित है। यह भूखंड न्यास की विकसित आवासीय योजनाओं के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 24.12.2021 प्रातः 10.00 बजे से शुरु होगा दिनांक 28.12.2021 को दोपहर 12.00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वतः बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्ते एवं अन्य जानकारी urban.rajasthan.gov.in/uitkota एवं udhonline.rajasthan.gov.in/ कार्यालय समय में न्यास में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें। Rajeev Gandhi Nagar Special Awasiya Yojana Rera No. RAJ/P/2019/1151

ई-ऑक्शन के माध्यम से राजीव गांधी नगर स्पेशल योजना में स्कूल हेतु भूखंड का क्षेत्रफल (8431.50 वर्गमीटर)

प्रारम्भिक नीलामी दर-24000/-प्रति वर्गमीटर
आरक्षित दर-12300/-प्रति वर्गमीटर
धरोहर राशि-40,50,000/-




सचिव



*वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि हालिया वर्षों में ब्राज़ील के एमेज़ॉन क्षेत्र की पक्षी प्रजातियों के साथ कुछ अजीब घट रहा है। ना केवल पक्षियों की संख्या कम हो रही है बल्कि उनके शरीर का आकार भी घट रहा है। मुख्य शोधकर्ता, लूसिएना स्टेट युनिवर्सिटी के विटेक जिरिनैक ने बताया, ''हमने देखा कि कुछ संवेदनशील प्रजातियों का ही नहीं बल्कि हरेक प्रजाति के पक्षियों का आकार कम हो रहा है।'' जिरिनैक का यह शोध हाल ही में जर्नल साईन्स एडवान्सेज़ में छपा है। जिरिनैक के सुपरवाइज़र फिलिप स्टोफर ने कहा कि, इस शोध में जिस बात ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वो यह कि यह सब विश्व के सर्वाधिक संरक्षित ट्रॉपिकल वर्षावनों में हो रहा है। शोध में 40 साल की अवधि में 77 प्रजातियों का अध्ययन किया गया। चित्र में नज़र आ रहा पक्षी, रिंग्ड एन्टपिपिट भी शोध में शामिल था। इस अवधि में वर्षावनों का तापमान भी बढ़ा है। शोध में सामने आया कि पक्षियों का तेजी से उद्‌विकास हो रहा है, शायद इसलिए क्योंकि छोटे पक्षी ज्यादा अच्छी तरह उष्मा उत्सर्जित करते हैं। युनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के ब्रायन वीक्स इस अध्ययन में शामिल नहीं थे, पर वे उत्तरी अमेरिका में प्रवासी पक्षियों की 50 प्रजातियों पर शोध कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने भी यही पाया कि लगभग सभी प्रजातियों का आकार कम हो रहा है। इन दोनों अध्ययनों से इस बात की पुष्टि होती है कि दुनियाभर के पक्षी, चाहे वे प्रवासी हों या ना हों, उनका आकार बदल रहा है और इसका कारण है गर्म होती जलवायु। वीक्स कहते हैं, ''इस प्रकार के परिवर्तन हम सबके लिए चिंताजनक हैं।''*

# सरकार फिर से किसान नेताओं से बातचीत शुरू करेगी

## सरकार ने बातचीत के लिए संयुक्त किसान मोर्चा से 5 किसान नेताओं के नाम मांगे

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। किसान नेता दर्शन पाल ने कहा कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एम.एस.पी.) और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए एक समिति गठित करने के लिए केंद्र ने संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से पांच नाम मांगे हैं। इसका फैसला किसान संघों संयुक्त इकाई यानी संयुक्त किसान मोर्चा (एस.के.एम. अपनी 4 दिसंबर की बैठक में करेगी।

यह कदम संसद के दोनों सदनों द्वारा तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए एक विधेयक पारित करने के एक दिन बाद आया है, जिसके खिलाफ किसान एक साल से विरोध कर रहे हैं।

पाल ने बताया, ''आज, केंद्र ने एसकेएम से उस समिति के लिए पांच नाम मांगे हैं जो फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) के मुद्दे पर विचार करेगी। हमने अभी तक नामों पर फैसला नहीं किया है। हम इसे 4 दिसंबर की बैठक में तय करेंगे।''

एसकेएम, 40 से अधिक फार्म यूनियनों की एक संयुक्त शाखा है, जो कि एम.एस.पी. के लिए कानूनी गारंटी सहित तीन कृषि कानूनों और उनकी अन्य मांगों के खिलाफ किसानों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है।

इस महीने की शुरुआत में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि शून्य बजट आधारित कृषि को बढ़ावा देने, देश की बदलती जरूरतों के अनुसार फसल पैटर्न बदलने और एम.एस.पी. को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के विषयों पर निर्णय लेने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा।

उन्होंने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन के दौरान यह घोषणा की जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने का फैसला किया है, जो पिछले एक साल से किसानों के विरोध के केंद्र में थे।

- **भारतीय किसान यूनियन के नेता जोगेन्द्र नैन ने कहा कि, प्रधानमंत्री को हमारी ओर से जो छः मांगें भेजी गई थी, उस पर फैसले की घड़ी का इंतजार करें और शांति बनाए रखें। नैन ने कहा कि, हम किसान अपनी मांगे मनवाने के लिए आए हैं न कि सरकार से टकराने के लिए।**

जोगेंद्र सिंह नैन बीकेयू जींद ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा जो भी कॉल देगा, उसका हम पूरा पालन करेंगे। मुकदमे वापिस किए जाए। जिन किसानों की आंदोलन के दौरान जान गई है, उन परिवारों को मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी दिल्ली कूच के दौरान जो ट्रैक्टर थानों में बंद है उन्हें छोड़ा जाए। नैन ने किसानों को कहा कि प्रधानमंत्री को जो छह मांगें भेजी गई थी, उस पर फैसले की घड़ी का इंतजार करें और शांति बनाए रखे। नैन ने कहा कि हम अपनी मांगे मनवाने के लिए आए हैं न कि सरकार से टकराने के लिए। राजनीतिक पार्टियां हमें भड़काने की कोशिश करेंगी।

### पत्रकारों ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रखी जाए। उनका कहना है कि सरकार ने पत्रकारों का वार्षिक अधिस्वीकरण जारी करना भी रोक रखा है और जो पत्रकार सरकार विरोधी प्रश्न पूछते हैं या सरकार की नीतियों व निर्णयों के खिलाफ लिखते हैं उनसे छुटकारा पाने की भी एक प्रक्रिया भी चल रही है।

पत्रकारों के अधिस्वीकरण के नवीनीकरण की प्रक्रिया नवम्बर माह में शुरू हो जाती हैं, लेकिन प्रैस इन्फोर्मेशन ब्यूरो (पी.आई.बी.) ने पंजीकरण या अधीस्वीकरणों के नवीनीकरण के लिए अपनी वैबसाइट के एक्सैस को ब्लॉक कर दिया है तथा इसके इच्छुक पत्रकारों से कहा गया है कि पत्रकारों और संगठनों की सरकार द्वारा स्क्रीनिंग के लिए वर्ष 2021 के ही पास मार्च माह के अंत तक वैध माने जाएंगे।

# ई.डब्ल्यु.एस. आरक्षण की समीक्षा रिपोर्ट तीन सप्ताह में पेश होगी

## केन्द्र सरकार ने तीन सदस्यीय समिति गठित ई.डब्ल्यु.एस. आरक्षण के मानकों की विस्तृत अध्ययन एवं समीक्षा रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा

नई दिल्ली, 30 नवम्बर। केंद्र सरकार ने देश में इकोनोमिकली वीकर सैक्शन (ई.डब्ल्यु.एस.) आरक्षण के मानकों की समीक्षा के लिए मंगलवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। इसका प्रमुख पूर्व वित्त सचिव अजय भूषण पांडेय को बनाया गया है। सरकार ने समिति से आग्रह किया है कि, कमेटी तीन सप्ताह में काम पूरा कर रिपोर्ट पेश करे। गौरतलब है कि, गत गुरुवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि उसने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्युएस) के लिए निर्धारित आठ लाख रुपये की वार्षिक आय सीमा के मानदंड पर फिर से विचार करने का फैसला किया है। इस संबंध में चार सप्ताह में निर्णय लिया जाएगा। ईडब्ल्यूएस आरक्षण के मानदंडों की समीक्षा के लिए समिति का गठन इसी सिलसिले में अगला कदम माना जा रहा है। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को आश्वासन दिया था कि नीट प्रवेश के लिए काउंसलिंग चार सप्ताह की अवधि के लिए स्थगित कर दी जाएगी, जब तक कि ईडब्ल्यूएस मानदंड पर नया निर्णय नहीं लिया जाता है। उन्होंने कहा, मुझे यह कहने का निर्देश है कि सरकार ने मानदंडों पर फिर से विचार करने का फैसला किया है, हम चार सप्ताह के भीतर फैसला करेंगे।

- **गौरतलब है कि, सुप्रीम कोर्ट ने 8 लाख की सालाना आय वाले व्यक्ति को आर्थिक रूप से कमजोर मानने पर एतराज जाहिर किया था और सरकार को ई.डब्ल्यु.एस. आरक्षण के मानकों की समीक्षा करने का निर्देश दिया था।**
- **इस समिति का प्रमुख पूर्व वित्त सचिव अजय भूषण पांडेय को बनाया गया है।**
- **सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि क्या हर माह 70 हजार रुपये कमाने वाले को आर्थिक रूप से कमजोर माना जा सकता है।**

पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रगतिशील और व्यावहारिक आरक्षण है और एकमात्र सवाल यह है कि यह किस तरह से लागू हो। याचिकाकर्ताओं के वकील अरविंद दातार ने कहा कि सवाल यह है कि क्या प्रति माह 70,000 रुपये की आय को ईडब्ल्यूएस कहा जा सकता है। सीमा मुद्दे के पहलू पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि इस पर काम किया जा सकता है।

### सांभर में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया जा रहा है। बताया गया कि अभी तक कौवों के अलावा गेटर कुकलू, स्पोर्टेड आउल, तोते, नोरदन शाउलर, कॉमन टिल, चील, रूफस ट्रीपी व एशियन कोयल बर्ड फ्लू के कारण मौत का शिकार हो चुके हैं।

### निलंबित ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से ''वॉक्‌आउट'' तथा पूरे दिन की बैठक का बहिष्कार किया। उन्होंने गांधी जी की मूर्ति के पास विरोध-प्रदर्शन भी किया। कांग्रेस के नेतृत्व में हुये इस वॉक्‌आउट में तृणमूल कांग्रेस पहले तो शामिल नहीं हुई, लेकिन बाद में वह गांधी मूर्ति पर किये गये विरोध-प्रदर्शन में शामिल हो गई।

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने कक्ष में दिन में दूसरी बार एक सर्वदलीय मीटिंग आयोजित की, जिसमें यह महसूस किया गया कि पूरे सत्र के लिये किया गया निलम्बन उचित नहीं है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मीटिंग में कहा कि पूरे सत्र का बहिष्कार करने से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा, बल्कि विपक्ष को जनता के व्यापक हित के मुद्दों को उठाना चाहिये।

तृणमूल कांग्रेस के दो सांसदों के अलावा अन्य सभी निलम्बित सांसद राज्यसभा के सभापति एम. वैंकेय्या नायडू को पत्र लिखेंगे तथा पत्र में सरकार द्वारा किये गये ''प्रक्रिया के खुले एवं साफ उल्लंघनों'' तथा ''चयनाधारित सोच'' के मुद्दे उठायेंगे, जिन पर सुबह सदन में खड़गे ने भी उल्लेखनीय प्रकाश डाला था।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 8 पर ट्रेलर-कार की टक्कर, तीन की मौत, 7 घायल

## कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त, ट्रेलर सड़क से नीचे पलटा

राजसमन्द, 30 नवम्बर (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 8 पर दिवेर थानांतर्गत दराड़ा के समीप एक होटल के पास मोड़ पर मंगलवार सुबह पौने 8 बजे उदयपुर की तरफ से आ रही कार की सामने से आ रहे ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई जिसमे कार में सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और सात लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से राजसमंद के जिला अस्पताल भेजा गया।

इधर मृतको के शवों को देवगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया है। दुर्घटना के बाद दिवेर पुलिस ने ग्रामीणों, राहगीरों और क्रेन की सहायता से तत्काल प्रभाव से कार में फंसे घायलों ओर मृतकों को बाहर निकलवाकर मार्ग खुलवाया।

दिवेर थानाधिकारी दिलीप सिंह के अनुसार गुजरात की तरफ से हरियाणा पासिंग एक जिनोन कार (कैम्पर टाइप) आ रही थी जिसमे भटिंडा, पंजाब के 10 दोस्त सवार थे जो कि सम्भवत: पर्यटक थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रेलर भी सड़क से एक तरफ खड्डे में पलट गया। कार में सवार सभी लोग उसमें बुरी तरह फंस गए जिससे तीन लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही दिवेर थानाधिकारी दिलीप सिंह मय जाप्ता के मौके पर पहुँचे ओर तत्काल प्रभाव से क्रेन मंगवाई। ट्रेलर चालक के मामूली चोंटे आई जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। वही मौके पर ही मृत तीनों जनों के शवों को देवगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया ओर पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने बताया कि मृतको ओर घायलों के परिजनों के भटिंडा, पंजाब से यहां पहुँचने के बाद ही सभी लोगो की सही पहचान हो पाएगी।

- **घायलों को जिला अस्पताल भेजा और मृतकों के शवों को देवगढ़ सी.एच.सी. की मोर्चरी में रखवाया गया।**

मृतकों में जस्सा सिंह, सरणजीत सिंह, रामा सभी निवासी भटिंडा, पंजाब शामिल है। वहीं घायलों में सतपाल सिंह, सुखंदी, नवदीप सिंह, अमनदीप सिंह, गुरविंदर सिंह, बलविंदर सिंह व एक अन्य जिसका नाम नही पता चला सभी निवासी भटिंडा, पंजाब शामिल है।

### संयुक्त किसान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रहे हैं। मोर्चा के सूत्रों ने कहा कि हालाँकि यह मुद्‌दा एस.के.एम. में विचाराधीन है कि आगामी विधानसभा चुनावों में किसान संगठन भाग लें अथवा नहीं, लेकिन अभी तक मोर्चा ने चुनावों में कूदने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है।

हालाँकि एस.के.एम. के नेताओं की एक मीटिंग दिल्ली के किसी एक सीमा पर शनिवार को होगी, जिसमें आंदोलन को समाप्त करने के बारे में विचार किया जायेगा, क्योंकि सोमवार को, संसद में तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का विधेयक पारित हो गया है, लेकिन ''किसान एकता मोर्चा'' जो एस.के.एम. की इन्टरनैट-उपस्थिति को संचालित करता है, ने मंगलवार को ट्वीट किया कि अगर किसानों को एम.एस.पी. की कानूनी गारंटी मिल जाती है तो किसान दिल्ली की सीमाओं की घेराबंदी को हटाकर, अपने-अपने घर लौट सकते हैं।

ट्वीट में कहा गया, ''कृषि कानूनों की वापसी के बाद, इस आंदोलन को समाप्त करने के लिए, किसानों की माँग है- एम.एस.पी. की (कानूनी) गारंटी। सरकार को इस माँग पर ध्यान देकर इसे पूरा करना चाहिये।''

किन्तु अन्य किसान नेताओं का कहना है कि वे बुधवार की मीटिंग में इस बात पर जोर देंगे कि सरकार उन 700 किसानों के परिवारों को हर्जाना दे, जिन्होंने दिल्ली की सीमाओं पर अपनी जान गँवाई हैं तथा इसके अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा तथा पंजाब में किसानों के खिलाफ लगे क्रिमिनल केस वापस लिये जायें।

### महासचिव...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन तक पहुंच नहीं बन पाती और हिंदी भाषी क्षेत्रों से आने वालों के लिए भाषा की भी समस्या हो जाती है।

अब यह देखना है कि राहुल गांधी जीती मक्खी निगलते हैं या वेणुगोपाल का समर्थन करना जारी रखते हैं।

# उत्तराखण्ड देवस्थान बोर्ड भंग हुआ

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर यह बोर्ड भंग करने के लिए भारी दबाव था

देहरादून, 30 नवम्बर (वार्ता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देवस्थानम प्रबंधन परिषद (बोर्ड) भंग करने की घोषणा कर दी।

धामी ने टिवटर पर लिखा आप सभी की भावनाओं, तीर्थपुरोहितों, हक-हकूकधारियों के सम्मान एवं चारधाम से जुड़े सभी लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए मनोहर कांत ध्यानी जी की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने देवस्थानम बोर्ड अधिनियम वापस लेने का फैसला किया है।

उल्लेखनीय है कि, तत्कालीन त्रिवेंद्र सिंह रावत के मुख्यमंत्रित्व वाली राज्य सरकार ने राज्य के गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ सहित 53 देवस्थानों के प्रबंधन के लिये बोर्ड का गठन किया था। जिसका लगातार तीर्थ पुरोहितों और हकूकधारियों द्वारा विरोध किया जा रहा था। त्रिवेंद्र को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने का कारण भी मुख्य रूप से इसी फैसले को समझा जा रहा था।

- **गौरतलब है कि, गत मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देवस्थान बोर्ड का गठन किया था और माना जाता है कि उनका मुख्यमंत्री पद भी इसी फैसले की वजह से भाजपा हाईकमान ने छीन लिया था।**
- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीर्थ पुरोहितों और हकूकधारियों द्वारा लगातार किये जा रहे विरोध और आगामी चुनावों को देखते हुये देवस्थान बोर्ड को तत्काल प्रभाव से भंग करने का फैसला किया है।**

धामी की आज की घोषणा के बाद राज्य भर के तीर्थ पुरोहितों में प्रसन्नता का माहौल है। जबकि विपक्षी दलों ने इसे देर आये, दुरुस्त आये की संज्ञा देते हुये आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण इस फैसले को बताया है।

उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने देवस्थानम बोर्ड को भंग किए जाने को राज्य की भाजपा सरकार के मुंह पर करारा तमाचा बताया है।

धीरेंद्र ने कहा कि जिस तरह राज्य सरकार ने इस मसले को झूठी शान का मुद्दा बनाया हुआ था, उससे स्पष्ट हो गया कि यह इस सरकार की बेवकूफी थी। साथ ही, तीर्थ पुरोहितों की मांग को दरकिनार कर जिस तरह सरकार अपनी तानाशाही दिखाने में लगी थी वह उसका मूर्खतापूर्ण कदम था।

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव को देखते हुए सरकार अपने फैसले बदल रही है और सरकार को अगर रोलबैक सरकार कहा जाए तो कोई गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अब राज्य में चुनाव में मात्र तीन महीने रह गए हैं और कोई शक नहीं जिस दिन भी राज्य में चुनाव होंगे भाजपा कि राज्य में करारी हार होगी।

प्रदेश कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने पंडा, पुरोहित, हक्र हकूकधारियों को बधाई देते हुये कहा कि प्रचंड बहुमत के अहंकार में डूबी भाजपा सरकार को आज दो वर्ष बाद इस कानून पर रोल बैक करते हुए देवस्थानम बोर्ड भंग करने की घोषणा करनी पड़ी। यह लोकतंत्र व जनता की जीत है।

# कश्मीर में देवी दुर्गा की 1300 साल पुरानी मूर्ति मिली

श्रीनगर , 30 नवंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को मध्य कश्मीर में बडगाम जिले के खाग इलाके से देवी दुर्गा की 1300 साल पुरानी एक प्राचीन मूर्ति बरामद की।

पुलिस ने बताया कि उन्होंने खाग से एक प्राचीन मूर्ति बरामद की और उसके बाद जम्मू-कश्मीर सरकार के अभिलेखागार, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की एक टीम को जांच के लिए बुलाया गया। पुलिस के मुताबिक पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने मूर्ति की जांच करने के बाद बताया कि वह लगभग सातवीं ईस्वी (लगभग 1300 साल पुरानी) में निर्मित देवी दुर्गा की मूर्ति है। पुलिस ने एक बयान जारी करके बताया कि मूर्ति को काले पत्थर पर उकेरा गया है। यह मूर्ति देवी दुर्गा की है, जो सिंह सिंहासन पर विराजमान हैं, मूर्ति का बांया हाथ कंधे से गायब है और दाहिने हाथ में कमल है। मूर्ति निर्माण में गांधार कला शैली का प्रभाव है।

# 'क्रिप्टो करेन्सी के विज्ञापन पर रोक नहीं लगेगी'

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज राज्य सभा में कहा कि देश में आभासी मुद्रा (क्रिप्टोकरेंसी) से संबंधित विधेयक कैबिनेट की मंजूरी के बाद आयेगी लेकिन क्रिप्टो को लेकर विभिन्न माध्यमों पर आ रहे विज्ञापनों पर रोक लगाने का निर्णय अभी नहीं लिया गया है।

सीतारमण ने प्रश्नकाल के दौरान सदन में पूरक प्रश्नों के उत्तर में कहा कि यह एक जोखिम भरा है और यह पूरी तरह से नियामक फ्रेमवर्क भी नहीं है। इसके विज्ञापनों पर रोक लगाने का निर्णय भी नहीं लिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी के माध्यम से लोगों में इसके प्रति जागरुकता लाने की कोशिश की गयी है। उन्होंने कहा कि आभासी मुद्राओं से अवांछित गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सकता है, इसलिए इस पर करीबी निगरानी की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है जिसमें पुराने विधेयक के साथ ही नये प्रावधान भी होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि कहा कि नॉन फंगिबल टोकन्स (एनएफटी) के नियम पर भी चर्चा की जायेगी। भारतीय जनता पार्टी के सुशील कुमार मोदी द्वारा इस संबंध में पूछे गये पूरक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि एनएफटी के नियम पर भी चर्चा ही जायेगी।

- **वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि, सरकार क्रिप्टो करेन्सी पर एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है जिसमें पुराने विधेयक के साथ ही नये प्रावधान भी होंगे।**

# बंगाल के भाजपा नेता ने ममता बनर्जी पर तंज कसा

## भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, सोनिया गांधी का समय पूरा हो चुका है, अब ममता बनर्जी विपक्ष का नेतृत्व करना चाहती हैं

कोलकाता, 30 नवम्बर। टी.एम.सी. प्रमुख व बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के केंद्रीय राजनीति में सक्रिय होने को देखते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर तंज किया है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व बंगाल के नेता दिलीप घोष ने कांग्रेस-तृणमूल के बीच बढ़ते फासले को लेकर कहा कि सोनिया गांधी का समय पूरा हो चुका है। अब ममता बनर्जी विपक्ष का नेतृत्व करना चाहती हैं।

घोष ने यह भी कहा कि विपक्ष का ये नाटक काफी पुराना है। विपक्ष की हर पार्टी चाहती है कि वह नेतृत्व करे। ममता बनर्जी भी विपक्ष की नेता बनना चाहती हैं। दरअसल ममता बनर्जी बीते कुछ महीनों से दिल्ली से लेकर कोलकाता तक राष्ट्रीय राजनीति के मुद्दे पर सक्रिय हैं। मंगलवार से वह तीन दिनी मुंबई दौरे पर हैं। जहां वह शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, राकांपा प्रमुख शरद पवार व अन्य नेताओं से मिलकर भाजपा के खिलाफ विपक्ष को लामबंद करने का प्रयास करेंगी। हालांकि अभी ममता ने कांग्रेस से दूरी बनाए रखी है।

सोमवार से शुरू हुए शीतकालीन सत्र को लेकर भी कांग्रेस और टी.एम.सी. के बीच खींचतान खुलकर सामने आई है। इससे पहले भी दोनों के बीच दूरियां काफी बढ़ी हुई थीं। कांग्रेस नेताओं के तेजी से टी.एम.सी. के दामन थामने से दोनों के रिश्तों में खटास आई है। ऐसे में टी.एम.सी. ने तो संसद सत्र को लेकर कांग्रेस द्वारा बुलाई गई बैठक में हिस्सा लिया और न ही केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस समेत दूसरी पार्टियों के साथ शामिल हुई। कांग्रेस ने यह बैठक शीतकालीन सत्र को लेकर विपक्ष की साझा रणनीति बनाने के लिए बुलाई थी।

- **उन्होंने आगे कहा कि, यह नाटक बहुत पुराना है, हर छोटी से छोटी पार्टी की यही महत्वाकांक्षा है कि वह विपक्ष का नेतृत्व करे**
- **गौरतलब है कि, ममता बनर्जी एक संयुक्त विपक्ष मोर्चा खड़ा करने की कवायद में जुटी हुई हैं लेकिन वे इस पूरी कवायद से कांग्रेस को बिल्कुल अलग-थलग छोड़ देना चाहती हैं।**

उधर, कांग्रेस की तरफ से टी.एम.सी. पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने कहा था कि टी.एम.सी. किसानों के मुद्दे पर मिली जीत का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है जबकि वह इस लड़ाई में कहीं थी ही नहीं। कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि टी.एम.सी. और भाजपा ने अंदरूनी सांठ-गांठ कर रखी है। टी.एम.सी. डबल गेम खेल रही है।

इसी साल अगस्त में टी.एम.सी. प्रमुख ममता बनर्जी और कांग्रेसी की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के बीच में मुलाकात हुई थी। तब दोनों की ही तरफ से बातचीत सकारात्मक दिशा में बढ़ने का संकेत मिला था। तब ममता बनर्जी ने कहा था कि केंद्र सरकार के खिलाफ सभी विपक्षी दलों को एकजुट होना चाहिए, लेकिन उसके बाद कांग्रेस टी.एम.सी. करीब आने की बजाए दूर होते जा रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी दो दिन के दौरे पर मंगलवार को मुंबई पहुंची। ममता बनर्जी के इस दौरे के बाद से एक बार फिर से भाजपा के खिलाफ तीसरे मोर्चे की चर्चा तेज हो गई है। मुंबई पहुंची ममता बनर्जी नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के मुखिया शरद पवार से बुधवार को मुलाकात करेंगी। शरद पवार से मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में ऐसी चर्चा शुरू हो गई है कि ममता बनर्जी कांग्रेस से दूरी बनाते हुए क्षेत्रीय दलों को एकजुट करने का प्रयास कर रही हैं।

महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री और एनसीपी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक ने मंगलवार को पुष्टि की कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार दोपहर को राकांपा प्रमुख शरद पवार से मुलाकात करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक मलिक ने कहा ममता दीदी महाराष्ट्र के दौरे पर हैं और कल दोपहर 3 बजे शरद पवार से मुलाकात करेंगी। हालांकि मलिक ने ममता के इस यात्रा को सद्भावना यात्रा करार देते हुए कहा कि एनसीपी प्रमुख से मुलाकात के बाद वह मीडिया से बात करेंगी और मीटिंग के बारे में जानकारी साझा करेंगी।

मलिक ने कहा कि हर पार्टी को अपना आधार बढ़ाने का प्रयास करने का पूरा अधिकार है, लेकिन कांग्रेस को बाहर रखकर भाजपा के विरोधियों को एकजुट करना असंभव है। मलिक ने कहा बंगाल के बाहर टी.एम.सी. का विस्तार हो रहा है और यह हर राजनीतिक दल का अधिकार है। हालांकि, हम मानते हैं कि कांग्रेस को छोड़कर एक संयुक्त विपक्षी मोर्चा संभव नहीं है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभ्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908